3 बस्तर संभाग
बदलता बस्तर : नरवा योजना से औसत भू जलस्तर में हुई ...

6 अभिमत
भारतीय कृषि के समक्ष चुनौतियां

7 दुर्ग संभाग
विधायक आशीष छाबड़ा के कर कमलों से हुआ लाखो...

11 विविध
टी-20 वर्ल्ड कप के वॉर्मअप मुकाबलों में इंग्लैंड और...

रायपुर, बिलासपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, रविवार 19 सितम्बर 2021 पृष्ठ-12 वर्ष-06, अंक- 32 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज़

### जयपुर में भाजपा ने राज्य सरकार के खिलाफ किया प्रदर्शन

**जयपुर।** राजस्थान की राजधानी जयपुर में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने आज राज्य की कांग्रेस सरकार की जनविरोधी नीतियों को लेकर उसके खिलाफ विरोध मार्च निकालकर प्रदर्शन किया। भाजपा के कई नेता और कार्यकर्ता भाजपा प्रदेश मुख्यालय पर एकत्रित हुए और विधानसभा घेराव के लिए आक्रोश रैली के रुप में वे विधानसभा का घेराव करने के लिए विधानसभा की तरफ बढ़ने लगे और बाईस गोदाम सर्किल के पास इस मौके पर तैनात पुलिस बल ने उन्हें रोक लिया। प्रदर्शनकारियों में बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल थी। इस दौरान कार्यकर्ताओं की पुलिस के साथ धक्कामुक्की एवं झड़प भी हो गई।

### उप्र में 13 जिलो में 471 गांव बाढ़ से प्रभावित, राहत सामग्री वितरित

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के 13 जिलो में 471 गांव बाढ़ से प्रभावित है और हाल में हुई भारी बारिश के कारण कई नदियां खतरे के निशाने से ऊपर बह रही हैं। राज्य के राहत आयुक्त रणवीर प्रसाद ने शनिवार शाम यहां यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 24 घंटे में प्रदेश में 4.8 मिमी औसत वर्षा हुई है, जो सामान्य वर्षा से 3.9 मिमी के सापेक्ष 123 प्रतिशत है। इस प्रकार प्रदेश में इस मौसम में एक जून से अब तक 710.1 मिमी औसत वर्षा हुए, जो सामान्य वर्षा 749.1 मिमी के सापेक्ष 95 प्रतिशत है।

### झारखंड में करमा विसर्जन के दौरान तालाब में डूबने से 7 बच्ची की मौत

**रांची।** झारखंड में लातेहार जिले में करमा विसर्जन के दौरान तालाब में डूबने से 7 बच्ची की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने शनिवार को बताया कि घटना बालूमाथ थाना क्षेत्र के मननडीह गांव की है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई है।हादसे के बाद पूरे गांव में मातम पसरा है। सूत्रों के अनुसार शुक्रवार की रात गांव में करमा पूजा संपन्न होने के बाद शनिवार को गांव के लोग करम डाली को विसर्जित करने के लिए तालाब गए थे।तालाब में नहाने के दौरान सात बच्चियां गहरे पानी में चली गई। महिलाओं ने हल्ला किया तो आसपास के कुछ लोगों ने तालाब में कूदकर बच्चियों को बाहर निकाला।

# अटकलों का दौर खत्म, पंजाब में अमरिंदर की विदाई

एजेंसी ‹ चंडीगढ़
www.dailypioneer.com



पंजाब की दो बार कमान संभाल चुके कैप्टन अमरिंदर सिंह ने लंबे समय से चली आ रही पार्टी की अंतरकलह से तंग आकर मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देकर सभी अटकलों पर विराम लगा दिया। उनके साथ उनके मंत्रिमंडल के सहयोगियों ने भी इस्तीफा दे दिया।

11 मार्च 1942 को पटियाला घराने में जन्मे कैप्टन सिंह राजनीति में आने से पहले सेना में रहे। वह 1963 में सेना में शामिल हुये और 1965 के शुरू में सेना छोड़ दी लेकिन भारत पाक युद्ध की संभावनाओं के चलते वह सेना में फिर शामिल हो गये और युद्ध समाप्ति के बाद सेना से इस्तीफा दे दिया। उसके बाद कैप्टन सिंह 1980 में पंजाब की राजनीति में उतरे और कांग्रेस प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़ा और जीत दर्ज की। उसके बाद 1984 में आपरेशन ब्लू स्टार से नाराज होकर वह अकाली दल में शामिल हो गये।

वह राज्यसभा सदस्य भभी रहे। उसके बाद उन्होंने अकाली दल को अलविदा कह दिया और कांग्रेस में शामिल हो गये तथा वर्ष 1999 से 2002 ततक कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष रहे। कैप्टन सिंह 2002 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की जीत के बाद मुख्यमंत्री बने और 2007 तक इसी पद पर रहकर राज्य की सेवा की। उसके बाद अकाली - भाजपा गठबंधन की सरकार बनने के बाद से दस साल तक वह कांग्रेस विधायक रहे और 2017 में कांग्रेस के भारी बहुमत से वापसी के बाद वह फिर मुख्यमंत्री बने और पिछले साढ़े चार सालों से राज्य की कमान संभालते रहे। अगले विधानसभा चुनाव के निकट आते कांग्रेस में कैप्टन सिंह के खिलाफ एक गुट सक्रिय हो गया। पार्टी की प्रधानगी नवजोत सिद्धू के संभालने के बाद कैप्टन विरोधी गुट मुखर हो गया तथा उसने अमरिंदर को मुख्यमंत्री पद से हटाने की ठान ली। कांग्रेस आलाकमान से मिलकर अपनी मांग मनवाने में यह गुट कामयाब रहा। कैप्टन सिंह ने कांग्रेस आलाकमान के निर्देश पर आज शाम बुलाई विधायक दल की बैठक में अपनी छीछालेदर होने से पहले ही मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया।

### अमरिंदर की दो टूक सिद्धु स्वीकार नहीं

इस्तीफा देने के बाद अमरिंदर सिंह का एक बयान सामने आया है जिसमें उन्हानें साफतौर पर कहा है सिद्धु स्वीकार नहीं हैं। उन्होने कहा कि सिद्धु तो वाजवे के साथ हैं, इमरान खान के साथ हैं। रोज हमारें जवान कश्मीर में मारे जा रहे हैं। जहां 700 किलोमीटर का हमारा बार्डर है। आपको लगता है कि मै सिद्धु को स्वीकार करुंगा। मुख्यमंत्री पर को लेकर जबाव देते हुए अमरिंदर सिंह ने साफतौर पर कहा कि यह कांग्रेस पार्टी का अपना काम है, जिसको मर्जी हो मुख्यमंत्री बनाए, लेकिन सिद्धु स्वीकार नहीं है।

### पंजाब में कैप्टन का इस्तीफा सोनिया की नही चली

पंजाब में कैप्टन अमरिंदर सिंह के शनिवार को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने से साफ हो गया है कि कांग्रेस में सोनिया गांधी कि नहीं चल रही है और पार्टी पर पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी तथा उत्तर प्रदेश की प्रभारी महासचिव प्रियंका गांधी का दबदबा है। कांग्रेस सूत्रों का कहना है कि कैप्टन सिंह के साथ पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी का समर्थन था जबकि राहुल और प्रियंका पूरी तरह से सिद्धू के साथ रहे। उन्हीं के इशारे पर सिद्धू को पंजाब कांग्रेस की कमान भी सौंपी गई थी लेकिन अब कैप्टन के इस्तीफे से स्पष्ट हो गया है कि पार्टी में गांधी बहुत कमजोर पड़ गई हैं और उनकी नहीं चल रही है।

### अब क्या राजस्थान की बारी ?

राहुल गांधी द्वारा पायलेट के जन्मदिवस पर दी गई बधाई के क्या है मायने कांग्रेस पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने राजस्थान के कद्दावर नेता सचिन पायलेट को उनके जन्मदिवस पर बधाई देते हुए एक सोशल मीडिया में पोस्ट किया उसमें उन्होंने बधाई देते हुए आगे लिखा आने वाला साल शुभ हो, अब सियासी गलियारों में इस बधाई संदेश के भी मायने निकाले जा रहे है।



माना जा रहा है कि इस संदेश के जरिए राहुल गांधी ने सचिन पायलेट को आने वाले साल में बड़ी जिम्मेदारी दे सकते है। पंजाब के साथ ही छत्तीसगढ़ और राजस्थान में भी मुख्यमंत्री पद के लिए तलवारे खिची हुई है, अब पंजाब में अमरिंदर सिंह के विदाई के बाद राजस्थान में कयासों का दौर तेज हो गया है।

### छत्तीसगढ़ में अभी तक ढ़ाई-ढ़ाई साल के कयासों पर नहीं लगा पूर्ण विराम



बीते अगस्त माह से छत्तीसगढ़ में भी कुर्सी की लड़ाई खुलकर सामने आ चुकी है। हालाकि इस संदर्भ में प्रदेश प्रभारी पीएल पुनिया ने मीडिया के सामने खुलकर कहा कि छत्तीसगढ़ में ढ़ाई-ढाई साल जैसा कोई फार्मुला नहीं है। भूपेश सरकार छत्तीसगढ़ में बेहतर काम कर रही है, लेकिन इन तमाम खबरों के बाद माना जा रहा है की छत्तीसगढ़ की राजनीति में भी सत्ता की कमान के कि लिए हो रहे विवाद पर अभी भी पूर्ण विराम नहीं लगा है, दिल्ली सूत्रों के मताबिक राहुल गांधी के साथ हुई बैठक में कुछ दिन इंतजार करने की बात कही गई थी।

## सरकार गोवा की ब्रांड इंडिया की पहचान को विस्तार देने के लिए प्रतिबद्ध : मोदी



एजेंसी ‹ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोविड टीकाकरण अभियान में गोवा की शानदार सफलता की सराहना करते हुए शनिवार को कहा कि यह प्रदेश ब्रांड इंडिया की एक सशक्त पहचान है और सरकार इसकी भूमिका को विस्तार देने के लिए प्रतिबद्ध है। गोवा में समूची वयस्क आबादी को कोविड टीकाकरण अभियान के तहत कोरोना टीका की पहली खुराक दिए जाने की उपलब्धि पर आज वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं, डॉक्टरों और लाभार्थियों से बातचीत करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, गोवा के प्रत्येक पात्र व्यक्ति को वैक्सीन की एक डोज लग चुकी है। कोरोना के खिलाफ लड़ाई में ये बहुत बड़ी बात है। इसके लिए गोवा के सभी लोगों को बहुत-बहुत बधाई। गोवा को देश का ब्रांड एंबेसडर बताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, गोवा असीम संभावनाओं का देश है गोवा देश का बस एक राज्य भर नहीं है बल्कि ब्रांड इंडिया की एक सशक्त पहचान है और हम सब का यह दायित्व है कि गोवा की इस भूमिका को हम विस्तार दें।

प्रधानमंत्री ने कहा कि गोवा में अभी जो अच्छे काम हो रहे हैं उनमें निरंतरता बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि यह सब प्रदेश में राजनीतिक स्थिरता के कारण संभव हुआ है क्योंकि गोवा को लंबे समय के बाद सुशासन और राजनीतिक सिथरता मिली है। उन्होंने उम्मीद जताई कि गोवा के लोग इस स्थिरता को बनाए रखेंगे।

## चार दिन से लगातार बढ़ रहे कोरोना मामले

एजेंसी ‹ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

देश में चार दिन से कोरोना संक्रमण के मामले लगातार बढ़ रहे हैं तथा पिछले 24 घंटो में नये मामलों की तुलना में स्वस्थ होने वालों की संख्या कम रही और सक्रिय मामलों की संख्या में वृद्धि दर्ज की गयी। इस बीच देश में शुक्रवार को दो करोड़ 15 लाख 98 हजार 046 लोगों को कोरोना के टीके लगाये गये और अब तक 79 करोड़ 42 लाख 87 हजार 699 लोगों का टीकाकरण किया जा चुका है। देश ने कोविड टीकाकरण के अभियान में कल विश्व कीर्तिमान कायम किया और चीन का रिकॉर्ड तोड़ा , जहां एक दिन में लगभग दो करोड़ आठ लाख टीके लगाये जाने का रिकॉर्ड था। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से शनिवार सुबह जारी आंकड़ों के अनुसार पिछले 24 घंटों के दौरान कोरोना के 35,662 नये मामलों की पुष्टि की गयी। इससे पहले 14 सितम्बर को 25,404 , 15 सितम्बर को 27,176 , 16 सितम्बर को 30,570 और 17



सितम्बर को 34,403 मामले दर्ज किये गये थे। कोरोना संक्रमितों का आंकड़ा बढ़कर तीन करोड़ 34 लाख 17 हजार 390 हो गया है। पिछले 24 घंटों में 33,798 मरीजों के स्वस्थ होने के बाद कोरोनामुक्त होने वालों की तादाद बढ़कर तीन करोड़ 26 लाख 32 हजार 222 हो गयी है। सक्रिय मामले 1583 बढ़कर तीन लाख 40 हजार 639 हो गये हैं। इसी अवधि में 281 मरीजों की मौत होने से मृतकों का आंकड़ा बढ़कर 4,44,529 हो गया है। देश में रिकवरी दर 97.65 और सक्रिय मामलों की दर 1.02 तथा मृत्यु दर 1.33 फीसदी पर बरकरार है। सक्रिय मामलों के हिसाब से केरल अभी देश में पहले स्थान पर हैं। पिछले 24 घंटों में यहां सबसे अधिक 2741 सक्रिय मामले बढ़े हैं और इनकी संख्या अब 1,89,495 हो गयी है। वहीं 20,388 मरीजों के स्वस्थ होने से कोरोनामुक्त होने वालों की तादाद बढ़कर 42,56,697 हो गयी है, जबकि 131 मरीजों की मौत होने से मृतकों की संख्या बढ़कर 23,296 हो गयी है। महाराष्ट्र में सक्रिय मामले 891 घटकर 52,002 रह गये हैं जबकि 67 और मरीजों की मौत होने से मृतकों की संख्या बढ़कर 1,38,389 हो गयी है। वहीं 4410 लोगों के स्वस्थ होने से कोरोनामुक्त होने वालों की संख्या 63,24,720 हो गयी है। राष्ट्रीय राजधानी में सक्रिय मामले 407 रह गये हैं जबकि स्वस्थ होने वालों की संख्या 14,12,936 हो गयी है। दूसरे दिन भी एक और मरीज की मौत के बाद यहां मृतकों की संख्या 25,085 हो गयी है। कर्नाटक में कोरोना के सक्रिय मामले घटकर 15,988 रह गये हैं। राज्य में दूसरे दिन भी 18 और मरीजों की मौत से मृतकों का आंकड़ा बढ़कर 37,573 हो गया है। राज्य में अब तक 29,12,633 मरीज ठीक हो चुके हैं।

## केजरीवाल ने ग्रे लाइन कॉरिडोर का किया उद्घाटन

एजेंसी ‹ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने नजफगढ़ से ढांसा बस स्टैंड तक विस्तार की गई दिल्ली मेट्रो के ग्रे लाइन कॉरिडोर का उद्घाटन किया। केजरीवाल ने कहा कि आसपास के करीब 50 गांवों के लोगों को दिल्ली आने के लिए अब फिरनी चौक क्रॉस कर दिल्ली गेट नहीं आना पड़ेगा। अब वे ढांसा बस स्टैंड मेट्रो स्टेशन से मेट्रो ट्रेन पकड़ सकेंगे। इससे फिरनी चौक पर लगने वाले जाम से भी मुक्ति मिल जाएगी। इसके अलावा, हरियाणा के झज्जर जिले से दिल्ली आने वाले लोगों को भी इसका फायदा मिलेगा। उन्होंने कहा कि 2015 में हुए दिल्ली विधानसभा चुनाव के दौरान वादा किया गया था और सरकार बनने के तुरंत बाद ढांसा बस स्टैंड के मेट्रो स्ट्रेच को मंजूरी दी गयी। पहले लोग दिल्ली आने के लिए नजफगढ़ से मेट्रो ट्रेन पकड़ते थे, लेकिन अब ढांसा बस स्टैंड से मेट्रो ले सकेंगे और द्वारका से ब्ल्यू लाइन मेट्रो लेकर नोएडा और वैशाली तक सफर कर सकेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाहरी दिल्ली के लिए खासकर नजफगढ़ क्षेत्र के लोगों के लिए बेहद खुशी का पल है। अभी तक दिल्ली मेट्रो का यह जो रूट था, वह दिल्ली गेट तक जाकर खत्म हो जाती थी। आसपास के लगभग 50 ऐसे गांव हैं, जहां से रोज लोग दिल्ली काम करने के लिए आते हैं। उन लोगों को नजफगढ़ में फिरनी चौक क्रॉस करके दिल्ली गेट आना पड़ता था। उसकी वजह से फिरनी चौक के ऊपर बहुत ट्रैफिक जाम लगता था। अब यह ढांसा बस स्टैंड के पास लाइन बन जाने की वजह से लोगों को यह चौक क्रॉस करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। यह रूट हालांकि सवा किलोमीटर का है, लेकिन इसका इतना बड़ा प्रभाव पड़ेगा कि लोगों को अब चौक क्रॉस करने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

### जी-20 की कृषि मंत्रि स्तरीय बैठक में वर्चुअल शामिल हुए

## खाद्य सुरक्षा में कृषि अनुसंधान का महत्वपूर्ण योगदान : तोमर

पायनियर संवाददाता ‹ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने शनिवार को कहा कि कृषि अनुसंधान ने खाद्य सुरक्षा की समस्या से निपटने, किसानों तथा खेतिहरों की आय में सुधार करने तथा लोगों के निर्वाह के लिए प्राकृतिक संसाधनों के सतत उपयोग के संबंध में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अनुसंधान खाद्य सुरक्षा के तीन पहलुओं- उपलब्धता, पहुंच और सामर्थ्य में महत्वपूर्ण योगदान देता है। तोमर इतालवी प्रेसीडेंसी द्वारा आयोजित जी-20 की कृषि मंत्रिस्तरीय बैठक में चार सदस्यीय भारतीय प्रतिनिधिमंडल के साथ वर्चुअल शामिल हुए। बैठक का एक सत्र 'स्थिरता के पीछे एक प्रेरक शक्ति के रूप में अनुसंधान' विषय पर हुआ, जिसमें तोमर ने कहा कि भारत में कृषि अनुसंधान ने देश को खाद्यान्न आयातक से, निर्यातक के रूप में बदलने में प्रमुख भूमिका निभाई हैं। समेकित अनुसंधान प्रयास बेहतर मृदा उत्पादकता, भंडारण के लिए जल प्रबंधन, विस्तार और दक्षता हेतु तकनीकों और पद्धतियों के पैकेज को विकसित कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि तकनीकी प्रगति मानव जाति के सामने आने वाली चुनौतियों को हल करने की कुंजी है। आज सालाना 308 मिलियन टन खाद्यान्न उत्पादन के साथ भारत न केवल खाद्य सुरक्षा के दायरे में हैं, बल्कि अन्य देशों को भी पूर्ति कर रहा हैं। भारत ने वैज्ञानिकों के कुशल अनुसंधान के कारण कृषि उपज के क्षेत्र में क्रांति का अनुभव किया है। तिलहन प्रौद्योगिकी मिशन से 10 साल में तिलहन उत्पादन दोगुना हुआ, वहीं हाल के दिनों में भारत ने बीज प्रणाली में नई किस्मों की शुरूआत के कारण दलहन उत्पादन में काफी प्रगति की है। तोमर ने कहा कि वर्ष 2030-31 तक भारत की आबादी 150 करोड़ से ज्यादा होने की संभावना है, जिसके पोषण के लिए अनाज की मांग तब लगभग 350 मिलियन टन तक होने का अनुमान है। इसी तरह खाद्य तेलों, दूध व



दूध से बने उत्पादों, मांस, अंडे, मछली, सब्जियों, फलों और चीनी की मांग काफी बढ़ जाएगी। इसके मुकाबले प्राकृतिक संसाधन सीमित है और जलवायु परिवर्तन की चुनौती भी है। बढ़ी मांग को पूरा करने की रणनीति उत्पादकता बढ़ाने व किसानों की आय वृद्धि के इर्द-गिर्द घूमती है। कृषि 21वीं सदी की तीन सबसे बड़ी चुनौतियों- खाद्य सुरक्षा प्राप्त करना, जलवायु परिवर्तन की अनुकूलता और जलवायु परिवर्तन को कम करने में से एक है। पानी, ऊर्जा व भूमि जैसे महत्वपूर्ण संसाधन तेजी से कम हो रहे हैं। कृषि में स्थिरता की आवश्यकता है जिसमें उत्पादन व आय में एक साथ वृद्धि, फसल, पशुधन, मत्स्य पालन और कृषि वानिकी प्रणालियों को संतुलित करते हुए जलवायु परिवर्तन के प्रति अनुकूलता, संसाधन उपयोग दक्षता में वृद्धि, पर्यावरण की रक्षा तथा पारिस्थिति तंत्र सेवाएं बनाए रखना शामिल हैं। उन्होंने कहा कि देश को आत्मनिर्भर बनाने के प्रयासों में जीनोमिक्स, डिजिटल कृषि, जलवायु स्मार्ट प्रौद्योगिकियों और पद्धतियों, कुशल जल उपयोग उपकरण, उच्च उपज वाली एवं जैव अनुकूल किस्मों के विकास, सुव्यवस्थित उत्पादन, गुणवत्ता तथा सुरक्षा मानकों को लेकर कृषि अनुसंधान में ठोस प्रयास जारी रहेंगे। चरम जलवायु परिवर्तन से बचाने के लिए पर्यावरणीय स्थिरता के साथ-साथ पर्याप्त व पौष्टिक भोजन प्राप्त करने हेतु वैज्ञानिक अनुसंधान में अधिक निवेश सहित कृषि अनुसंधान एवं विकास को नए तरीके से देखने व अनुकूल बनाने की जरूरत है। इस दिशा में काम करते हुए हमने विभिन्न फसलों की 17 किस्मों को विकसित और जारी किया हैं जो जैविक व अजैविक तनावों के प्रति प्रतिरोधी हैं। इसी प्रकार भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद आईसीएआर लोगों की पोषण संबंधी आवश्यकता को पूरा करने के लिए जैव फोर्टिफाइड किस्मों का विकास कर रहा है।

## दिल्ली में मेट्रो रेल की लंबित परियोजनायें जल्द पूरी की जायें : पुरी



एजेंसी ‹ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

केंद्रीय आवास और शहरी मामलों के मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने शनिवार को कहा कि राजधानी में मेट्रो रेल की लंबित परियोजनाओं में तेजी लायी जानी चाहिए जिससे दूर दराज में रहनी वाली आबादी को भी विकास की मुख्यधारा से जोड़ा जा सके। श्री पुरी ने बाहरी दिल्ली के नजफगढ़- द्वारका खंड पर ढ़ांसा बस स्टैंड मेट्रो स्टेशन का उद्घाटन करते हुए कहा कि मेट्रो रेल प्रणाली ने लोगों को एक विश्व स्तरीय परिवहन प्रणाली प्रदान की है। दिल्ली मेट्रो इस मायने में एक अग्रणी रही है। इसकी सवारियों की संख्या कोविड महामारी से पहले प्रति दिन 65 लाख तक पहुंच गई, जबकि देश भर के मेट्रो में कुल सवारियां 85 लाख थीं। श्री पुरी ने कहा कि शहरों में जनता की बढ़ी हुई गतिशीलता की आवश्यकताएं अर्थव्यवस्था को आगे ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। ढांसा जैसे संपर्क ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंचने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने दिल्ली सरकार से दिल्ली मेट्रो की लंबित परियोजनाओं की मंजूरी में तेजी लाने का भी आह्वान किया। उन्होंने कहा कि नजफगढ़-ढांसा बस स्टैंड कॉरिडोर मेट्रो को दिल्ली के नजफगढ़ इलाके के कई नए उपनगरीय इलाकों में ले जाएगा।

### एथेनॉल के लिए वाहनों पर लगेंगे फ्लैक्सी इंजनः गडकरी

**नयी दिल्ली।** सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि पेट्रोल-डीजल की कीमतें आम आदमी की पहुंच से बाहर हो रही है इसलिए सरकार जनता को राहत देने के लिए फ्लैक्सी इंजन लगे वाहन निर्माण की नीति बना रही है ताकि लोग डीजल पेट्रोल की जगह आसानी से एथेनॉल का इस्तेमाल कर सके। गडकरी ने कहा कि वह जल्दी ही वाहन निर्माताओं को लिए एक नीति बना रहे हैं जिसके तहत सभी वाहनों पर फ्लैक्सी इंजन लगाना जरूरी कर दिया जाएगा। इसके तहत वाहन मालिक अपने वाहन में पेट्रोल और डीजल की जगह एथेनॉल का इस्तेमाल कर सकता है। उन्होंने कहा कि एथेनॉल का उत्पादन बड़ी मात्रा में करने की रणनीति पर भी काम चल रहा है। एथेनॉल गन्ना भूसा,धान आदि से तैयार होता है। उनका कहना था कि किसान अच्छी पैदा कर रहा है और उसकी मेहनत का पर्याप्त लाभ उसे मिले इसमें स्वच्छ ईंधन एथेनॉल महत्त्वपूर्ण साबित हो सकता है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि देश में डीजल और पेट्रोल का 12 लाख करोड़ रुपये का आयात किया जाता है।

# रमन सिंह जिस पार्टी के मार्गदर्शक मंडल में है, उसे ही अपना बहुमूल्य मार्गदर्शन दें : शैलेश

**रमन सिंह के 15 साल मुख्यमंत्री रहने का खामियाजा भाजपा को भुगतना पड़ा, 15 साल सरकार की किसान विरोधी, गरीब विरोधी, मजदूर विरोधी नीतियों और फसलों के कारण भाजपा को 15 सीटें भी नहीं मिल पायी थी**

■ जितने भाजपा के सदस्य थे उतने वोट भी नहीं मिले थे

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com





प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कहा है कि रमन सिंह जिस पार्टी के मार्गदर्शक मंडल में है, उसे ही अपना बहुमूल्य मार्गदर्शन दें। रमन सिंह के 15 साल मुख्यमंत्री रहने का खामियाजा भाजपा को भुगतना पड़ा। रमन सिंह जी 6 महीने में जिन 5 मुख्यमंत्रियों के बदले जाने पर गर्व कर रहे हैं उन मुख्यमंत्रियों को नालायक पाए जाने पर भाजपा ने बदला है। उत्तराखंड में तो 3 माह में दो बार मुख्यमंत्री बदले गए। गुजरात में तो मुख्यमंत्री के साथ साथ पूरा मंत्रिमंडल नालायक पाया गया और किसी को भी नए मंत्रिमंडल में जगह नहीं दी गई। यदि स्वयं के 15 साल मुख्यमंत्री बने रहने को रमन सिंह जी उपलब्धि मानते है तो बतायें कि 15 साल रमन सिंह जी को मुख्यमंत्री बनाए रखने का खामियाजा भाजपा को भुगतना पड़ा उसे सब जानते हैं। 2018 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को 15 सीटें भी नहीं मिल पाई। 2018 में भाजपा के छत्तीसगढ़ में 56 लाख सदस्य थे लेकिन मात्र 47 लाख एक हजार वोट ही मिल पाए। भाजपा के 8 लाख 99 हजार से भी अधिक सदस्यों ने रमन सिंह के 15 साल के शासन के बाद भाजपा को वोट देना मुनासिब नहीं समझा। रमन सिंह के 15 साल के शासन के बाद भाजपा के सदस्यों के परिवारजनों की बात छोड़िये, भाजपा के 15 लाख सदस्यों ने हीं भाजपा को वोट नहीं दिया था। बार-बार मुख्यमंत्री बदलना और अस्थिरता यदि रमन सिंह जी की निगाहों में अच्छा है तो रमन सिंह जी 15 साल मुख्यमंत्री क्यों बने रहे? जब-जब उनकी कुर्सी हिलती थी तो कभी राजनाथ सिंह की मद्द और कभी-कभी सौंदान सिंह जी की कृपा प्राप्त करने की कोशिशें क्यों करते रहे? 15 साल रमन सिंह जी की सरकार चली लेकिन उसी का परिणाम तो यह हुआ कि 2018 के विधानसभा चुनाव में भाजपा नहीं चल पायी और 15 सीटों पर सिमट कर रह गयी।

## रमन सिंह ने फिर से उल्टा चश्मा पहन लिया है : कांग्रेस

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कहा है कि कांग्रेस की सरकार में किसानों के लिए राजीव गांधी किसान न्याय योजना, मजदूरों के लिए न्याय योजना, गोधन न्याय योजना, वनोपज संग्रहण, चौतरफा विकास का काम हो रहा है। छत्तीसगढ़ समृद्ध हो रहा है। पुरखों के सपनों का छत्तीसगढ़ का निर्माण हो रहा है। यह रमन सिंह जी को बर्दाश्त नहीं हो रहा है। रमन सिंह जी को लग रहा है कि कोई मुख्यमंत्री नहीं है, कोई सरकार नहीं है। रमन सिंह जी बताये जब जीरम में कांग्रेस की विकास यात्रा पर माओवादी हमला हुआ, ठीक उसी जगह हमला हुआ था जहां पुलिस सुरक्षा हटा ली गयी थी। तब छत्तीसगढ़ में सरकार थी या नहीं?

नसबंदी कांड हुआ, नकली दवाओं के कारण 13 माताओं की मौत हुयी, तब छत्तीसगढ़ में सरकार थी या नहीं? झलियामारी, आमागुड़ा में बच्चियों के साथ अनाचार हुआ, अंखफोड़वा कांड में तत्कालीन मुख्यमंत्री रमन सिंह के क्षेत्र राजनांदगांव से लेकर बागबाहरा तक बुजुर्गो को आंख फोड़ी गयी, सारकेगुडा में चौथी और आस की कक्षा में गणित के शाला में टापर बच्चों को माओवादी बताकर फर्जी मुठभेड़ में गोली मारी गयी गयी तब छत्तीसगढ़ में सरकार थी या नहीं? नान घोटाला, चावल घोटाला, धान घोटाला हुआ, चंद पैसो के लिये सैकड़ों माताओं के गर्भाशय निकाले गये, जंगल में मवेशी चराने गयी आदिवासी लड़की मीना खल्खो को बलात्कार के बाद नक्सली बताकर गोली मार दी गयी तब छत्तीसगढ़ में सरकार थी या नहीं? रमन सिंह जी का कार्यकाल तो इन्हीं के लिए जाना जाता है। रमन सिंह के शासनकाल में एडसमेटा, पेद्दागेलूर, सोनकू-बिजलू हत्याकांड जैसी घटनायें, फर्जी आत्मसमर्पण, फर्जी मुठभेड़ों में आदिवासियों की हत्यायें जैसे कामों के लिये ही जाना जाता है। आज छत्तीसगढ़ में ऐसे कोई काम नहीं हो रहे हैं इसलिए रमन सिंह जी को लगता है कोई मुख्यमंत्री नहीं है। जबकि छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की कांग्रेस सरकार हैं और जनहित में अच्छा काम कर रही हैं। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कहा है कि 15 साल तक छत्तीसगढ़ में रमन सिंह जी मुख्यमंत्री थे उस दौरान उनको सभी ओर विकास दिखता था और छत्तीसगढ़ की जनता विकास ढूंढते रही। रमन सिंह के कार्यकाल में कमीशनखोरी और भ्रष्टाचार में आकंठ डूबी रही। किसानों की आत्महत्या की घटनाएं, किसानों के साथ वादाखिलाफी, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग के आरक्षण में कटौती, युवाओं के रोजगार को आउटसोर्सिंग के माध्यम से बेचने की नीति और छत्तीसगढ़ की कला, संस्कृति, परंपरा को दबाने की कोशिश किया गया। प्रशासनिक अराजकता चरम सीमा पर रही है। उसे डॉ. रमन सिंह विकास बताते रहे हैं और समझते रहे हैं। अब छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार किसानों से किए वादे को पूरा कर रही है। छत्तीसगढ़ कला, संस्कृति परंपरा को सहेजने के लिए काम कर रही है। सर्वहारा वर्ग के विकास की सोच के साथ काम कर रही हैं। छत्तीसगढ़ की जनता को विकास दिख रहा है और रमन सिंह जी को विकास नहीं दिख रहा, सरकार नही दिख रही है तो स्पष्ट है कि रमन सिंह ने फिर से उल्टा चश्मा पहन लिया है। इस बार चश्में में जो विकास होता है, किसानों, मजदूरों, गरीबों के हित में अच्छा काम होता है वह रमन सिंह जी को नहीं दिखता।

## मुख्यमंत्री ने सेनानी बैरिस्टर छेदीलाल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने निवास कार्यलय में बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल की पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। बैरिस्टर छेदीलाल के योगदान को याद करते हुए बघेल ने कहा कि युवाओं में राष्ट्रीयता की भावना जागृत कर स्वतंत्रता आंदोलनों से जोड़ने में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने कानून की उच्च शिक्षा प्राप्त की लेकिन महात्मा गांधी के आह्वान पर वकालत छोड़कर असहयोग आंदोलन और सविनय अवज्ञा आंदोलन में भी उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मुख्यमंत्री ने कहा कि ठाकुर छेदीलाल जी बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। वे सिद्धहस्त लेखक, पत्रकार, संगीतज्ञ, कर्मठ नेता और स्वाधीनता संग्राम के सच्चे सेनानी थे। वे संविधान सभा के सदस्य भी रहे। बिलासपुर अंचल में जागृति फैलाने के लिए उन्होंने रामलीला के मंच से राष्ट्रीय रामायण का अभिनव प्रयोग किया ।समाज के लिए किए गए उनके योगदान को हमेशा याद किया जायेगा।

### भाजपा सेवा समर्पण अभियान में राष्ट्रीय पदाधिकारी, जनप्रतिनिधियों ने लगाया झाड़ू

**रायपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर भाजपा सेवा समर्पण अभियान चला रही है। अभियान के तहत शनिवार को पंडरी जिला अस्पताल में बीजेपी के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश ने झाड़ू लगाई। इसके साथ आम जनता को स्वच्छता अपनाने का संदेश दिया गया। अभियान को लेकर सांसद सुनील सोनी ने कहा कि पीएम मोदी के जन्मदिन को 'सेवा ही समर्पण है' अभियान के तहत मनाया जा रहा है. रायपुर जिला अस्पताल में सफाई अभियान चला रहे हैं. राष्ट्रीय संगठन महामंत्री शिव प्रकाश, संगठन मंत्री व सभी पदाधिकारी भी मौजूद हैं. आम जनता को स्वच्छता के प्रति जागरुक करना है, भारत स्वच्छ होगा तो लोग भी स्वस्थ्य होंगे, और अस्पताल में भी भीड़ कम होगी. इस उद्देश्य के साथ हम काम कर रहे हैं।

## पुरंदेश्वरी के बयान पर भाजपा सह प्रभारी नितिन नवीन ने दी सफाई

■ गौरव वल्लभ ने चुटीले अंदाज में पीएम मोदी को दी बधाई

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com





भाजपा सह प्रभारी नितिन नवीन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर आयोजित कार्यक्रमों में शिरकत करने के साथ ही पार्टी की बैठकों में भी हिस्सा लेंगे। नीतिन नवीन ने रायपुर पहुंचने पर मीडिया से चर्चा में कहा कि अब एक्शन का समय आ गया है। वहीं पुरंदेश्वरी के थूक वाले बयान पर कहा कि बातों को तोड़-मरोड़कर पेश किया गया है। डी पुरंदेश्वरी ने कार्यकर्ताओं के खून और पसीने में मंत्रिमंडल के बह जाने की बात कही थी, ना कि थूक से।स प्रदेश में कांग्रेस और भाजपा के पदाधिकारियों के आने का क्रम जारी है। एक ओर जहां भाजपा सह प्रभारी नितिन नवीन, तो वहीं दूसरी ओर कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव वल्लभ छत्तीसगढ़ के प्रवास पर हैं। वहीं रायपुर पहुंचे कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव वल्लभ ने मीडिया से चर्चा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर चुटेले अंदाज में बधाई दी। उन्होंने कहा कि मैं चाहूंगा कि प्रधानमंत्री की आयु पेट्रोल और डीजल की कीमतों की ही तरह बढ़ती रहे। वहीं उनके शरीर से बीमारियां उसी तरह खत्म हो जाएं, जैसे देश की जीडीपी और ग्रोथ खत्म हो चुकी है।

### शंकर नगर रोड में लड़की से छेड़छाड़, दो गिरफ्तार

**रायपुर।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत के बंगले के सामने कार चालक ने मनचलों के लड़की को छेड़ते हुए वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ। इसकी जानकारी मिलते ही रायपुर पुलिस अधीक्षक ने गाड़ी के नंबर के आधार पर दोनों मनचलों को धरने के साथ गाड़ी को जब्त कर लिया है। शुक्रवार शाम सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत शंकर नगर में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत के बंगले के सामने 2 लड़कों के एक लड़की का पीछा कर छेड़ते हुए एक वीडियो सामने आया था। इस पर संज्ञान में लेते हुए रायपुर पुलिस ने 2 घंटे के अंदर उन्हें पकड़ लिया। मामले में सिविल लाइन पुलिस ने स्वयं प्रार्थी बनते हुए पहले एफआईआर दर्ज किया, इसके बाद कुशालपुर निवासी 19 वर्षीय नितिन शर्मा पिता मदन शर्मा और प्रोफेसर कॉलोनी निवासी 25 वर्षीय राजू शर्मा पिता प्रज्ञा शर्मा को गिरफ्तार करने के साथ गाड़ी को जब्त कर लिया है।

## केन्द्रीय केबिनेट सचिव ने जन स्वास्थ्य और कोविड-19 को लेकर राज्यों के मुख्य सचिवों की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से ली बैठक

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com




भारत सरकार के केबिनेट सचिव राजीव गौबा ने नई दिल्ली से देश के विभिन्न राज्यों के मुख्य सचिवों की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बैठक लेकर देश में कोविड-19 की संभावित तीसरी लहर तथा जन स्वास्थ्य को लेकर विस्तार से चर्चा की। बैठक में भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी सहित सभी राज्यों के स्वास्थ्य सचिव, डिविजनल कमिश्नर्स, जिला कलेक्टर्स भी शामिल हुए। छत्तीसगढ़ से मुख्य सचिव अमिताभ जैन एवं स्वास्थ्य सचिव एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी वर्चुअल बैठक में शामिल हुए।

केबिनेट सचिव ने देश में संभावित कोविड-19 की तीसरी लहर के लिए राज्यों के अस्पतालों में मौजूद स्वास्थ्य सुविधाओं, दवाओं की व्यवस्था, ऑक्सीजन सर्पोटेड बैड, आई.सी.यू., वेन्टीलेटर्स, ऑक्सीजन कन्टेनर्स की व्यवस्था सहित कोविड-19 टीकाकरण, कोविड गाईड लाइन के पालन के संबंध में विस्तार से जानकारी ली गई। बैठक में कोविड गाईड लाइन को अपनाने के लिए नगरीय निकायों, ग्राम पंचायतों एवं जनप्रतिनिधियों के सहयोग लेने के लिए अधिकारियों से विस्तार से चर्चा की गई।

## रेलवे महाप्रबंधक ने तीसरे दिन स्वच्छ स्टेशन थीम पर रायपुर स्टेशन परिसर में स्वच्छता के प्रति जागरूक किया

**आलोक कुमार ने स्वयं प्लेटफॉर्म फ्लोर क्लीनिंग मशीन चलाकर रायपुर स्टेशन पर यात्रियों को स्वच्छ्ता का सन्देश दिया**

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के नये महाप्रबंधक आलोक कुमार का रायपुर आगमन हुआ। महाप्रबंधक आलोक कुमार ने स्वच्छता पखवाड़ा के तीसरे दिन स्वच्छ स्टेशन थीम पर रायपुर स्टेशन पर स्टेशन परिसर में यात्रियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने हेतु स्वयं स्टेशन परिसर में झाड़ू लगाकर, कचरा उठाकर यात्रियों एवं रेलवे स्टेशन पर कार्यरत सभी लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया । स्टेशन परिसर के पार्किंग एरिया में ऑटो चालकों से स्वच्छता बनाए रखने एवं अन्य लोगों को भी स्वच्छता के प्रति जागरुक करने के लिये प्रेरित किया । महाप्रबंधक ने स्टेशन परिसर, स्टेशन के प्रवेश द्वार, प्लेटफार्म नंबर एक में साफसफाई की एवं स्वच्छता का अवलोकन किया । महाप्रबंधक ने स्वयं एक्सकवर कम ड्रायर राइडऑन फ्लोर क्लीनिंग मशीन जो स्टेशन परिसर में प्लेटफार्म क्लीनिंग के काम आती है को चलाकर स्वच्छता का संदेश दिया ।

स्टेशन पर यात्रियों को पीने के पानी के लिये लगे वाटर बूथ को स्वयं महाप्रबंधक ने साफ किया साथ ही रायपुर स्टेशन पर उपयोग में आने वाले स्वच्छता साधन संसाधनों का अवलोकन किया बोटल क्रेशर मशीन की कार्यप्रणाली को स्वयं उपयोग करके देखा।मंडल रेल प्रबंधक श्याम सुंदर गुप्ता ने भी स्टेशन परिसर में झाड़ू लगाकर एवं फ्लोर क्लीनिंग मशीन चला कर यात्रियों को स्वच्छता का संदेश दिया । इस अवसर पर रायपुर स्टेशन पर मंडल रेल प्रबंधक श्याम सुंदर गुप्ता, अपर मंडल रेल प्रबंधक लोकेश बिश्नोई, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक डॉ विपीन वैष्णव सहित वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे । रायपुर स्टेशन के निरीक्षण के पश्चात महाप्रबंधक महोदय ने मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के सभा कक्ष में समीक्षा बैठक ली । रायपुर रेल मंडल के अधिकारियों से परिचय वार्ता की । रायपुर रेल मंडल में चल रहे यात्री सुविधाओं के विकासात्मक कार्यों, नई लाइन, आमान परिवर्तन तथा लाइन दोहरीकरण, यात्री सुविधाओं, संरक्षा, कर्मचारियों के कल्याण, स्टेशनों के विकास कार्यों आदि मुद्दों पर मंडल रेल प्रबंधक के साथ विस्तृत चर्चा की तथा यात्री सुविधाओं को और अधिक बेहतर बनाने पर ज़ोर देते हुये विकास कार्यों, यात्री सुविधाओं एवं सुरक्षा से संबंधित सभी पहलुओं को गहनता से करने पर जोर दिया ।

### जमाअत-ए-इस्लामी हिन्द का ब्लड डोनेशन कैम्प आज भी

**रायपुर।** जमाअत-ए-इस्लामी हिन्द, छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में दो दिवसीय ब्लड डोनेशन कैम्प का एम्स हॉस्पिटल, गेट नं.-4, टाटीबंध, रायपुर में आयोजन किया जा रहा है। शनिवार को शाम तक ब्लड डोनरों ने उत्साह के साथ रक्तदान किया। रविवार को भी सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक किया जायेगा। रक्त दान से थैलेसीमिया से ग्रसित और जरुरतमंद मरीजों को मुफ्त में रक्त उपलब्ध कराया जायेगा। भारत में प्रतिवर्ष 4 करोड़ ब्लड यूनिट की आवश्यकता होती है। इनमें से सिर्फ 40 लाख यूनिट ही उपलब्ध हो पाता है। रक्त दान को महादान कहा जाता है क्योंकि हमारे रक्त का कोई अन्य विकल्प नहीं है, अतः रक्त दान कर किसी का जीवन बचाने का प्रय करें। जो व्यक्ति रक्त दान करना चाहते हैं वे 7869911136, 9425211181, 9893271144 एवं 9826150642 पर संपर्क कर सकते हैं। संस्था इस जन कल्याणकारी कैम्प में अधिक से अधिक रक्त दान कर सहभागी बनने की अपील करती है।

**पीएससी टॉपर नीरनिधि की जिद, पिता चाहते थे प्रोफेसर बने**

## मेंस की तैयारी पहले करें तो प्रीलिम्स भी क्लियर हो जाएगा : नीरनिधि

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



कृषि वैज्ञानिक पिता अपने बेटे को इंजीनियरिंग का प्रोफेसर बनाना चाहते थे, वे चाहते थे कि बेटा पीजी करने के बाद पीएचडी करे, लेकिन बेटे तो अधिकारी बनकर जनसेवा करना चाहते थे। इसके लिए दिन-रात मेहनत की और सीजी पीएससी में पहला रैंक हासिल किया। हम बात कर रहे हैं सीजी पीएससी टॉपर नीरनिधि नंदेहा की।

26 साल के नीरनिधि ने अपने दूसरे प्रयास में यह सफलता हासिल की है। इसके पहले वे प्रीलिम्स भी क्लीयर नहीं कर पाए थे। नीर के पिता डॉक्टर केएल नंदेहा इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में कृषि वैज्ञानिक है, मां चंपा नंदेहा गृहणी है। नीर बताते हैं कि 2018 में उनका प्रीलिम्स क्लियर नहीं हुआ था, नीरनिधि ने पढ़ाई के लिए लाइब्रेरी का सहारा लिया और सोशल मीडिया का भी बेहतर इस्तेमाल किया। नीरनिधि बताते हैं कि फेसबुक में कुछ ग्रुप्स के माध्यम पढ़ाई में मदद मिली और ट्विटर में गवर्नमेंट के ऑफिशियल हैंडल से भी उन्हें पढ़ाई में मदद मिली।

नीरनिधि के पिता बताते हैं कि वे नीर को इंजीनियरिंग में प्रोफेसर बनाना चाहते थे और नीर को पीएचडी करवाना चाहते थे, लेकिन नीरनिधि ने ना पीजी की और ना पीएचडी, बाकी स्टूडेंट्स को भी नीर निधि ने सफलता का मूल मंत्र देते हुए कहा कि मेंस की तैयारी पहले करें और जब उसकी तैयारी हो जाए तो प्रीलिम्स भी क्लियर हो जाएगा।

## छत्तीसगढ़ प्रदेश किसान कांग्रेस में विभिन्न पदों पर नियुक्तियां

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ प्रभारी पी.एल. पुनिया व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देशानुसार एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहन मरकाम की अनुमति से छत्तीसगढ़ प्रदेश किसान कांग्रेस में निम्न पदों पर नियुक्तियां की है- प्रदेश संयोजक रामबिलास साहू (सिमगा),लाल बहादुर चंद्रवंशी (कवर्धा), प्रदेश उपाध्यक्ष कृष्णा देवांगन (दुर्ग), सुनील शुक्ला (बिलासपुर) प्रदेश महामंत्री, महेन्द्र यादव (डोंगरगांव), लक्ष्मण राजदूत (पेंड्रा) अभिषेक मिश्रा (रायपुर)।

**जिला अध्यक्ष रायपुर ग्रामीण** -भूपेश बघेल,दुर्ग-पुकेश चंद्राकर, धमतरी-चन्द्रहास साहू, भिलाई-हरिओम सोनी,बिलासपुर-संदीप शुक्ला (कोटा), गौरेला पेन्ड्रा-मरवाही-अवधेष गुर्जर, गरियाबंद-मनोज मिश्रा(मैनपुर), रायगढ़- राजा शर्मा (घरघोड़ा), राजनांदगांव-मदन साहू, बलौदाबाजार भाठापारा-डॉ. गोपाल साहू।

आशा है कि, आप कांग्रेस पार्टी के सिद्धांतों एवं नीतियों पर चलते हुए पार्टी संगठन को मजबूत बनायेंगे साथ ही प्रदेश के किसान भाई बहनों के हितों के लिये सदैव संघर्षरत रहेंगे। समय समय पर अपने संगठनात्मक गतिविधियों की जानकारी मुझे व प्रदेश मुख्यालय को देते रहेंगे। यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

# बदलता बस्तर : नरवा योजना से औसत भू जलस्तर में हुई 8.4 प्रतिशत वृद्धि

## झोड़ी जतन प्रतियोगिता में 66 नरवा का चयन कर 5423 कार्यों की दी स्वीकृति

पायनियर संवाददाता ➤ जगदलपुर
www.dailypioneer.com



धरती में जीवों के लिए जल की उपलब्धता सर्वाधिक अनिवार्य संसाधनों में से एक है। पर्यावरण सहित हमारे कृषि, व्यापार, वाणिज्य, उद्योग संस्कृति इसी पर निर्भर है। राज्य शासन द्वारा प्रारंभ किये नरवा योजना से न केवल लघु नालो को पुनर्जीवन मिला है बल्कि कहीं कहीं तो ये नाले बारहमासी में तब्दील हो चले है। इस तरह जंगल में सूखते पेड़ो को बचाने और मिट्टी कटाव को रोकने के साथ -साथ भू जल स्तर में वृद्धि में भी नरवा योजना संजीवनी साबित हुई है।

फ्लैगशिप सुराजी योजना के घटक में नरवा, गरवा, घुरवा, बाड़ी के तहत् नरवा योजना के जिले में जल संचय और जल ीतो के संरक्षण के तहत जिले के सातों विकासखण्ड के 40 नरवा का चयन किया गया है जिसकी कुल लम्बाई 624.65 कि.मी. है। इन नरवा के विकास से लगभग 11674 हेक्टेयर में सिंचाई सुविधा का विकास किया जा रहा है। जल संरक्षण के लिए जिले में नरवा के उपचार हेतु 172 ग्राम पंचायतों में इस वर्ष झोड़ी जतन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 66 नरवा का चयन कर कार्य किया गया है। जिसके तहत 5423 कार्यों की स्वीकृति दी गई। जिसमें 2504 कार्य पूर्ण कर लिया गया है। साथ ही भू-जल संरक्षण कार्यों के तहत 211 नरवा का चिन्हांकित किया गया है। इन 211 नरवा पर 4106 कार्यों की 27.56 करोड रूपये का कार्य स्वीकृत किया गया है जिसमें 2346 कार्य पूर्ण किया गया है इस पर लगभग 9.76 करोड़ रुपए व्यय किया गया है। नरवा के उपचार उपरांत नरवा के कैचमेंट तथा कमांड एरिया का औसत भू-जल स्तर में 8.4 प्रतिशत वृद्धि हुई है।

नरवा योजना के शुरुआती परिणाम ही उत्साह जनक रहे है। इसमें इसका सीधा फायदा ग्रामीणों और किसानों को हुआ है। जिन्हे मानसूनी सीजन के पश्चात दूसरी फसल लगाने के लिए पर्याप्त पानी मिलने लगा है। जिले में तो किसी किसान ने तो अपनी फसल दुगुनी कर ली तो किसी ने मजदूरी छोड़ सब्जियों की खेती आरंभ कर दी और अधिकतर किसानो नें नरवा के पानी से दुबारा धान की खेती कर के अपनी आर्थिक दशा को नयी दिशा दी। इस तरह नरवा योजना का सकारात्मक परिणाम दिख रहे है। हालाकि जलसंरक्षण को लेकर अभी निश्चित ही लंबा रास्ता तय करना है और इसमें नरवा योजना बेहद कारगर सिद्ध होगा। इससे इन्कार नही किया जा सकता और नरवा के जरिये जल संरक्षण की शुरुआती सफल क्रियान्वयन नें जल, जंगल, जमीन को फिर से जीवनदान दिया है।

# मुख्यमंत्री भूपेश आज करेंगे 168.58 करोड़ के 26 कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकर्पण

पायनियर संवाददाता ➤ कांकेर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 19 सितम्बर रविवार को दोपहर 12 बजे कांकेर जिले में लोक निर्माण विभाग अंतर्गत 168 करोड़ 58 लाख रूपये की लागत के विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण वर्चुअल माध्यम से करेंगे। इनमें 166 करोड़ 12 लाख 50 हजार रूपये के 23 कार्यों का भूमिपूजन तथा 02 करोड़ 45 लाख 50 हजार रूपये के 03 कार्यों का लोकार्पण शामिल है, जिन कार्यों का भूमिपूजन किया जयेगा उनमें 09 पुल निर्माण, 09 सड़क निर्माण तथा 05 भवनों के निर्माण कार्य शामिल है। इसी प्रकार 03 भवनों का लोकार्पण भी किया जायेगा, इसके लिए जिला पंचायत के सभाकक्ष में वर्चुअल कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि लोक निर्माण मंत्री ताम्रध्वज साहू, महिला एवं बाल विकास मंत्री अनिला भेड़िया, छत्तीसगढ़ विधानसभा के उपाध्यक्ष मनोज मण्डावी, लोकसभा क्षेत्र कांकेर के सांसद मोहन मण्डावी, संसदीय सचिव एवं विधायक कांकेर शिशुपाल शोरी, संसदीय सचिव लोक निर्माण विभाग विकास उपाध्याय, विधायक अंतागढ़ अनूप नाग, संसदीय सलाहकार राजेश तिवारी, जिला पंचायत के अध्यक्ष हेमन्त ध्रुव, नगर पालिका परिषद कांकेर के अध्यक्ष सरोज जितेन्द्र ठाकुर, अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य नितिन पोटाई, छत्तीसगढ़ पर्यटन बोर्ड के सदस्य नरेश ठाकुर, छत्तीसगढ़ गौसेवा आयोग के सदस्य नरेन्द्र यादव, बस्तर विकास प्राधिकरण के सदस्य बिरेश ठाकुर, जिला पंचायत के उपाध्यक्ष हेमनारायण गजबल्ला और जिला पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष सुभद्रा सलाम होंगी। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा कांकेर जिले में लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्मित किये जाने वाले पीड़ापाल से धंनसुली मार्ग 03 किलोमीटर, कांकेर-भानुप्रतापपुर-संबलपुर मार्ग पर किलोमीटर 16/10 से 20/6 तक मजबूतीकरण 04 नग पुलिया सहित, कुष्टीकुर से आलबेड़ा मार्ग पर 05 किलोमीटर पुल-पुलिया सहित, अभनपुर-मांलगाव मार्ग के किलोमीटर 1/16 पर महानदी पर पुल निर्माण, कोदाभाट-झुनियापारा-मोहपुर मार्ग के किलोमीटर 2/10 हटकुल नदी पर पुल निर्माण, करियापहर-भजनाहालारी मार्ग के किलोमीटर 3/8 पर झुरानाला में पुल निर्माण, शासकीय महाविद्यालय नरहरपुर का भवन निर्माण, ग्राम पंचायत बेंवरती में 200 सीटर आवासीय विद्यालय भवन निर्माण, ग्राम साल्हेटोला ग्राम पंचायत सारवंडी में 200 सीटर आवासीय विद्यालय भवन निर्माण, दमकसा से पेटेचुआ मार्ग 08 किलोमीटर पुल-पुलिया सहित, कोटेला से हटकाचारामा मार्ग 03 किलोमीटर पुल-पुलिया सहित, कांकेर-भानुप्रतापपुर-संबलपुर मार्ग के किलोमीटर 29 से 55 में 15 किलोमीटर उन्नयन कार्य, भानुप्रतापपुर-दुर्गूकांदल-पखांजूर-बांदे मार्ग के 11 किलोमीटर से 19 में 09 किलोमीटर में मजबूतीकरण, दुर्गूकोंदल में 200 सीटर आवासीय विद्यालय भवन निर्माण, कलगांव पहुंच मार्ग 02 किलोमीटर पुल-पुलिया सहित, हरनगढ़ बाजार पारा से मरकाम पारा मार्ग 04 किलोमीटर पुल-पुलिया सहित, छोटेबेठिया में 200 सीटर आवासीय विद्यालय भवन निर्माण, कोयलीबेड़ा-दुता मार्ग के किलोमीटर 1/4 पर मेड़की नदी पर पुल निर्माण, सिकसोड-चारागांव मार्ग के किलोमीटर 7/4 पर चारगांव नदी पर पुल निर्माण, करेंगांव-मंडागांव-भैसासुर मार्ग के किलोमीटर 3/4 पर मंडागांव नदी पर पुल निर्माण, पी.व्ही.-112 देवीपुर से देवदा मार्ग के देवदा नाला में पुल निर्माण, पी.व्ही.-44 से पी.व्ही.-45 के किलोमीटर 1/6 अंजाड़ी नाला में पुल निर्माण, सोनपुर-नारायणपुर-मरोड़ा मार्ग के किलोमीटर 78 में कोटरी नदी पर पुल निर्माण का भूमिपूजन किया जायेगा।

## एनएसयूआई ने जलाई पीएम के भाषणों की प्रतियां

**जगदलपुर।** एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय बेरोजगारी दिवस मनाया। इसके तहत कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस भवन के सामने जमकर प्रदर्शन किया। यहां कार्यकर्ता पहले सड़क पर बैठ गये और नारेबाजी की इसके बाद पीएम मोदी के भाषणों की प्रति को जलाकर विरोध जताया। एनएसयूआई के कार्यकारी अध्यक्ष अंकित सिंह ने कहा कि पीएम मोदी और भाजपा ने वादा किया था कि हर साल दो करोड़ बेरोजगारों को रोजगार दिया जायेगा लेकिन सरकार ने रोजगार तो नहीं दिया उल्टे रोजगार को छीनने के काम में लगी हुई है। उन्होंने कहा कि अभी पूरा देश मंदी के दौर से गुजर रहा है और केंद्र की गलत नीतियों के कारण कई सेक्टर घाटे में चले गये और यहां काम बंद हो गये। प्रदर्शन में एनएसयूआई के प्रदेश सचिव आसिफ अली, ज्योति राव, गोपाल, शुभम, मुकेश, सौरभ शुक्ला सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

# अंगना म शिक्षा किया जा रहा है माताओं का उन्मुखीकरण

पायनियर संवाददाता ➤ किरंदुल
www.dailypioneer.com



शासकीय प्राथमिक शाला कोड़ेनार क्रमांक 01 किरन्दुल में शनिवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में संकुल समन्वयक शंकर चौधरी एवं पत्रकार रामकृष्ण बैरागी मुख्य अतिथि रहे।वार्ड पार्षद रामकिशोर ठाकुर, प्रधान अध्यापक तारा देशमुख, कामिनी स्वर्ण, अन्नपूर्णा मण्डावी, बालेश कुमार ठाकुर,पुष्पा साहू तथा बच्चों के माताएँ भी सम्मिलित हुए। इस कार्यक्रम में बच्चों के सम्पूर्ण विकास शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक विकास के लिए माताओं को सम्पूर्ण जानकारी दिया गया। उनको बताया गया कि मां ही बच्चे की प्रथम गुरु है। वे घर पर अपने बच्चे को बेहतर प्रकार से सीखा सकती है। जोडना, घटाना, वर्गीकरण, रंगों की पहचान, खिलौने से कहानी, चित्र बनाना रंग भरना, खेल कूद, नाच, गाना, कविता, कम-ज्यादा, छोटा-बड़ा, मोटा-पतला, आकृति, घटते ब?ते क्रम कई-प्रकार की शिक्षा घर पर देने की बात कहीं। सब्जी, फल, फूल, पत्थर, पत्ते, अनाज, पकवान सभी से सीखा सकते है। खरच, मीठा, कड़वा, नमकीन स्वाद की जानकारी आदि दे सकते हैं। कार्यक्रम रोचक,आकर्षक एवं उपयोगी पूर्ण रहा।

# पेरमा -पुजारी पटेल ने केक काटकर उत्साह से मनाया पीएम मोदी का जन्मदिन

■ प्रधानमंत्री की दीर्घायु के लिए किया प्रार्थना

पायनियर संवाददाता ➤ सुकमा
www.dailypioneer.com



जिला मुख्यालय के वार्ड क्रमांक 01 सोढ़ी पारा के युवाओं ने 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में वार्डवासियों के साथ मिलकर मोदी का जन्मदिन मनाया । जिसमे युवाओं ने बढ़ चढ़ के हिस्सा लिया साथ ही वार्ड के पेरमा व पुजारी को आमंत्रित कर केक कटवाक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दीर्घायु के लिए मिन्नतें मांगी साथ ही वार्डवासियों को मिठाई बांट कर बड़े ही उत्साह के साथ जन्मदिन मनाया गया । इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री जन कल्याणकारी जागरूकता अभियान युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष-शोभन गंधामी जी ,प्रधानमंत्री जन कल्याणकारी योजना जागरुकता अभियान जिला महामंत्री-सत्यनारायण मानेम ,सुकमा भाजपा मंडल अध्यक्ष विनोद सिंह बैस,भाजपा सुकमा जिला मंत्री संजय सोढ़ी, पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला महामंत्री खेमलाल सिन्हा, सोढ़ी पारा के मुखिया नरेंद्र सोढ़ी, भाजपा मंडल महामंत्री -गौरव सिंह राठौर, भाजपा मंडल महामंत्री-बुधराम मंडावी।

# किरंदुल तालाब पारा में नवयुवकों ने मनाया गणेशोत्सव का पर्व

पायनियर संवाददाता ➤ किरंदुल
www.dailypioneer.com



वैश्विक महामारी कोरोना संक्रमण दर में कमी आने के बाद जिला प्रशासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों का पालन करते हुए किरंदुल नगर के अलग अलग स्थानों गणेशोत्सव का आयोजन की जा रही है।बता दें नगर के तालाब पारा में नवयुवक समिति के द्वारा पंडाल में भगवान गणेश जी की प्रतिमा स्थापित कर प्रतिदिन विशेष पूजा अर्चना की जा रही है साथ ही बच्चों एवं महिलाओं के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जा रहा है जिसमें 17 सितंबर शुक्रवार देर रात बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई इसके अलावा म्यूजिकल चेयर,मोमबत्ती चम्मच दौड़ जैसे खेल भी रखा गया था। इस अवसर पर स्थानीय लोग काफी संख्या में मौजूद थे।

# एनएमडीसी किरंदुल परियोजना में मनाया गया विश्वकर्मा पूजन

पायनियर संवाददाता ➤ किरंदुल
www.dailypioneer.com



विश्व की सर्वोत्तम गुणवत्तायुक्त एवं देश की सबसे बड़ी लौह अयस्क उत्पादक नवरत्न कंपनी एनएमडीसी लिमिटेड की किरंदुल परियोजना में विश्वकर्मा पूजन का आयोजन किया गया। प्रति वर्ष अत्यंत ही धूमधाम एवं सैलानियों की भारी भीड़ के मध्य मनाया जाने वाला बैलाडीला का यह प्रसिद्ध पूजन विगत वर्ष से कोविड-19 के संक्रमण से बचाव के तहत जिला प्रशासन द्वारा जारी गाइडलाइन के तहत अत्यंत सादगी से मनाया गया, जिसमें बाहर से आने वाले पर्यटकों के लिए पूर्णतः प्रतिबंधित रखा गया। प्रातः से ही परियोजना के अधिशासी निदेशक आर गोविंदराजन, महाप्रबंधक (उत्पादन) विनय कुमार, उप महाप्रबंधक (कार्मिक) विभागाध्यक्ष बी के माधव, उप महाप्रबंधक (माइनिंग) विभागाध्यक्ष एस के कोचर द्वारा माइनिंग-14, माइनिंग-11सी, माइनिंग-11बी, परियोजना चिकित्सालय, लोडिंग प्लांट, छनन संयंत्र-1, केमिकल लैब, छनन संयंत्र-2, सिविल विभाग, विद्युत विभाग में स्थापित किये गए भगवान विश्वकर्मा जी की मूर्ति का सपत्नीक पूजन-हवन किया गया तथा परियोजना में उत्पादन का नया कीर्तिमान स्थापित करने, नगरवासियों के स्वास्थ्य, समृद्धि, खुशहाली एवं कुशलता की मंगल कामना की गई। इस दौरान एमएमडब्ल्यूयू श्रम संघ के प्रतिनिधि सदस्य पी एल साहू, दिलीप सिंह, दिनेश साहू, ओम साहू, राजेन्द्र यादव, चिन्ना स्वामी, त्रिलोक बांधे तथा संयुक्त खदान मजदूर संघ के अध्यक्ष के साजी, नोमेश्वर राव, देवरायलु, आनंद राव, महेश पासवान सहित परियोजना के अधिकारी कर्मचारीगण सम्मिलित हुए। जिला प्रशासन द्वारा जारी गाइडलाईन का अनुपालन करते हुए इस वर्ष परियोजना द्वारा माइंस क्षेत्र के दर्शनार्थ बसों का परिचालन नहीं किया गया, जिसके कारण बाहर से आने वाले पर्यटकों को मायूस होकर लौटना पड़ा।

## हर्षोउल्लास के साथ मनाई गई विश्वकर्मा जयंती

# 227 वी वाहिनी केरिपुबल के द्वारा विश्वकर्मा पूजा का आयोजन कर ग्रामीणों में किया प्रसाद वितरण





पायनियर संवाददाता ➤ सुकमा
www.dailypioneer.com

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की 227 वीं वाहिनी द्वारा तोंगपाल स्थित मुख्यालय परिसर में वाहिनी के सभी जवानो एवं अधिकारीयो द्वारा बड़े हर्षोउल्लास के साथ विश्वकर्मा जयंती मनाई गई तथा कैम्प में स्थित विश्वकार्मा मदिर में अखण्ड पाठ कर हवन आहुती दी गई एंव वाहिनी की ओर से भण्डारे का आयोजन किया गया । इस अवसर पर वाहिनी प्रमुख पी.मनोज कुमार, कमाण्डेन्ट ने पूजा अर्चना कर शांति, सौहार्द एवं सदभावना की कामना करते हुए भण्डारे में वाहिनी के जवानों के साथ प्रसाद ग्रहण किया । साथ ही वाहिनी के समीप तोंगपाल-लेदा रोड पर आने जाने वाले स्थानीय नागरिको को प्रसाद वितरण कर आपसी प्रेम तथा बल के प्रति विश्वास बनाये रखने के लिए प्रेरित किया । इस अवसर पर वाहिनी प्रमुख पी . मनोज कुमार कमाण्डेन्ट ,अश्विनी कुमार झा द्वितीय कमान अधिकारी, ओम जी शुक्ला द्वितीय कमान अधिकारी, बद्री लाल जाट उप.कमा., डॉ नितिन जेल्दी और डॉ नाजिल मोहम्मद एन, चिकित्सा अधिकारी, उपस्थित थे ।

SHRI BALAJI INTITUTE OF NURSING, MOWA, RAIPUR (C.G.)

APPOINTMENT

Approved by Regulatory council under temporary Affiliation College to
Pt. Deendayal Upadhyay Memorial Health Sciences & Ayush University of Chhattisgarh, Raipur

| S.No. | Name of the post | No. of Post | Qualification and Experience as per INC Norms |
|---|---|---|---|
| 01. | Vice Principal Cum Professor | 01 | 12 Year Experience with M.Sc (N) out of which 10 Year should be teaching experience with minimum of 5 year in collegiate programme Ph.D (N) is desirable. |
| 02. | Professor | 02 | 10 Year Experience with M.Sc (N) out of which 07 Year should be teaching experience |
| 03. | Associate Professor/Reader | 05 | M.Sc. (N) With 8 Year experience including 5 years teaching experience Ph.D (N) desirable. |
| 04. | Assistant Prof./ Lecturer | 10 | M.Sc.(N) with 3 Years teaching experience Ph.D (N) desirable |

**Other terms & conditions :-** 1. Teaching Experience : As per Council Norms. 2. Pay Scale : As per UGC Pay Scale/ State Govt/ Pay Scale. 3. Reservation : As per State Government Norms

**Selection Criteria :-**
Selection will decide on Merit . Merit list will be prepared on the basis of academic marks, Educational qualification ,interview, experience and Academic Contribution of candidate in various field like-
* Number of paper publication in Various national/ international journals * Paper presentation in conference. * Total No. of Conference Attended.

**Last date of receipt of application :-** within 15 Days from the date of publication of advertisement.

# वेंटिलेटर पर यह चार कारोबार सता रहा पहचान खोने का डर

पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com



रियायत की राह देखता टेंट- कनात, डेकोरेशन और धुमाल कारोबार के सामने अब पहचान बनाए रखने का संकट आकर खड़ा हो चुका है। डेढ़ साल पहले पाई-पाई, जोड़ कर रखी जमा पूंजी कभी भी खत्म हो सकती है।

17 महीने से लगा ताला, अब तक नहीं खोला जा सका है। यह, वह कारोबार है जिसे टेंट- कनात, लाईट, डेकोरेशन और धुमाल पार्टी के नाम से जाना जाता है। आयोजन को यादगार बनाने वाला कैटरर्स भी आयोजन को मजबूती देता था। अब यह सभी अंतिम दिन की ओर कदम बढ़ा चुके हैं क्योंकि रियायत के पिटारे से इनके लिए अब तक कुछ भी नहीं निकल पाया है।

**सब्जी व मनिहारी :** बैंड या धुमाल पार्टी में काम करने वालों ने सब्जी सहित अन्य छोटे काम शुरू कर दिए हैं या फिर गांव- देहात के अलावा साप्ताहिक बाजार में मनिहारी सामान बेचकर परिवार की रोजी-रोटी का इंतजाम करना चालू कर दिया है। कुछ ऐसे भी हैं जो दैनिक दर पर व्यावसायिक ठिकानों में काम खोज लिए हैं। मेहनताना जरूर कम है लेकिन दूसरा कोई उपाय नहीं है।

**यहां हालत बेहद खराब :** भारी पूंजी लगाने के बाद तैयार होने वाला टेंट-कनात का कारोबार पूरी तरह चौपट हो चुका है। 17 महीने से लगा ताला, खोला तो जा चुका है लेकिन बुकिंग तो दूर, पूछ-परख तक नहीं है क्योंकि कोविड-19 के नियम अभी भी प्रभावशील हैं। ऐसे में काम करने वाले मजदूरों की संख्या तेजी से कम की जाने लगी है। चिंता एक ही बात की है कि बैंकों से लिए गए कर्ज का भुगतान कैसे किया जाएगा ?

**अकेले हैं :** कैटरर्स की याद नहीं आती। लॉक डाउन की स्थितियां भले ही जा चुकीं हैं लेकिन कैटरर्स अब भी इसके घेरे से बाहर नहीं निकल पाया है। शादी-ब्याह तो दूर, छोटे आयोजन के लिए तरसता कैटरर्स, एक-एक कर साथ छोड़ते कारीगर, सहयोगी को देख रहा है। रोकने के लिए मजबूत आधार या साधन हैं नहीं। दुखी मन से विदाई की जा रही है, यह कहते हुए कि काम चालू होते ही बुलाएंगे।

## ग्राम चोरहा नवगांव में बने शाला भवन का शिवरतन ने किया लोकार्पण



**भाटापारा।** विधायक भाटापारा, भारतीय जनता पार्टी उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने सिमगा विकसखण्ड के चंदिया पथरा ग्राम पंचायत के आश्रित ग्राम चोरहा नवगांव में बने शासकीय प्राथमिक शाला भवन का लोकार्पण किया। विधायक शर्मा ने ग्रामवासियों को स्कूल के भवन निर्माण के लोकार्पण पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी और कहा कि बच्चों की शिक्षा के लिए यह स्कूल महत्वपूर्ण होगा। इस क्षेत्र के लिए यह एक महत्वपूर्ण कार्य है, जिससे शिक्षा को गति मिलेगी और यहां के बच्चे अच्छी शिक्षा प्राप्त करेंगे। विधायक शर्मा ने कहा कि सिमगा विकासखंड के सभी ग्रामो में जितने भी कार्य हुए है रोड, भवन, बिजली सभी उनके द्वारा क्षेत्रवासियों की मांग के अनुरूप स्वीकृति करवा के पूर्ण किये गए है, विधायक शर्मा ग्रामवासियों से रूबरू हुए और उनकी समस्याओं से अवगत हुए व समाधान के लिए विश्वास दिलाया। कार्यक्रम के समापन के बाद चंदिया पथरा के सरपंच बाबूलाल कोसले ने विधायक शिवरतन शर्मा की सक्रियता से हुए विकास कार्य और हो रहे विकास कार्यो से एवं भाजपा की रीति नीति से प्रभावित होकर भाजपा की सदस्यता लेने का निर्णय किया जिनका विधायक शर्मा ने भाजपा गमछा पहना कर पार्टी में स्वागत किया. इस अवसर पर अनिल पांडेय, आनद यादव, केजू राम बघेल, चंद्रमणि तिवारी, महाबल बघेल, हेम सिंह चौहान, छोटू यादव, गौतम सेठिया,राजेश साहू, संजय शर्मा, अशोक यादव सहित अन्य ग्रामवासी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## जवानों ने नगर में पैदल मार्च कर संदिग्ध जगहों पर दबिश दी



पायनियर संवाददाता ➤ खरोरा
www.dailypioneer.com

खरोरा नगर में देर रात मिशन सिक्योर सिटी अंतर्गत प्रशांत अग्रवाल पुलिस अधीक्षक के निर्देशन पर रमेश मरकाम थाना प्रभारी ने साथ जवानों ने नगर में पैदल मार्च कर संदिग्ध जगहों पर दबिश दी। बता दें कि मिशन सिक्योर सिटी और अपराध नियंत्रण के उद्देश्य से रायपुर पुलिस द्वारा द रात के समय पैदल मार्च कर कॉम्बिंग गस्त कर शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में आकस्मिक दबिश दी गई जिसके रमेश मरकाम थाना प्रभारी खरोरा नेतृत्व में टीम गठित कर महात्मा गांधी रोड, दीनदयाल उपाध्याय चौक, पुराना बस स्टैंड पुराना बाजार रोड आदि जगहों पर पुलिस के द्वारा शाम को दबिश दिया गया एवं बाहर से आने वाले यात्रियों एवं संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गई साथ होटल लॉज आदि जगहों की भी चेकिंग की गई है।

## कैंसर पीड़ित महिला को मिला जीवनदान

### आयुष्मान भारत डॉ. खूबचंद बघेल योजना से 5 लाख में हुआ इलाज

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



आयुष्मान भारत डॉ. खूबचन्द बघेल स्वास्थ्य योजना के अंतर्गत समय पर सहायता मिल जाने पर बलौदाबाजार विकासखण्ड के ग्राम मोहतरा की रहने वाली कैंसर से पीड़ित 43 वर्षीय महिला नेत्रीबाई साहू को जीवनदान मिल गई। योजना के अंतर्गत पूरे 5 लाख रूपये का इलाज कराने के बाद अब वह स्वस्थ हो गई है। इलाज के लिए उसे अपनी ओर से एक पैसा भी खर्च करना नहीं पड़ा। नेत्रीबाई साहू के परिवार में मात्र एक-डेढ़ एकड़ खेतीबाड़ी है। वह स्वयं मितानीन का काम करती है। वर्ष 2020 में उसे कुछ समस्या शुरू हुई। स्थानीय जिला अस्पताल बलौदाबाजार में सम्पर्क कर इलाज कराया। ठीक नहीं होने पर डॉक्टरों ने मेकाहारा अस्पताल रिफर किया। गहन जांच में स्तन कैंसर की बीमारी का पता चला। और तुरंत इलाज शुरू कर दिए। उनके पास इलाज के लिए रकम तो थी नहीं लेकिन आयुष्मान भारत खूबचंद स्वास्थ्य बीमा योजना से सहायता का भरोसा था। इस बीच उसे दो माह तक अस्पताल में भर्ती कर इलाज कराया गया। 74-74 हजार रूपये के महंगे कीमो से उनका इलाज हुआ। उनके सिर के बाल भी झड़ गये थे। इसके साथ ही साल भर तक समय-समय परामर्श के लिए अस्पताल जाती रहती थी। आखिरकार नेत्रीबाई ठीक होकर अब घर में स्वास्थ्य लाभ उठा रही है।

## आपदा पीड़ित परिवार को 4 लाख की सहायता



**बलौदाबाजार।** प्राकृतिक आपदा से पीड़ित सिमगा तहसील के ग्राम दामाखड़ा निवासी दिलहरण यादव के लिए 4 लाख रूपये की सहायता राशि स्वीकृत की गई है। कलेक्टर सुनील कुमार जैन ने आरबीसी 6-4 में निहित प्रावधानों के अंतर्गत आज ये स्वीकृति आदेश जारी किये हैं। दिलहरण की पुत्री का आग में जल जाने से हुए इलाज के दौरान निधन हो गया था। कलेक्टर ने सिमगा तहसीलदार को आरटीजीएस के जरिए हितग्राही के खाते में स्वीकृत राशि जमा करने के निर्देश दिए हैं।

## मलेरिया एवं डेंगू से बचाव हेतु टायर, कूलर, फ्रीज में न जमा होने दे पानी, फूल अस्तीन के कपड़े पहनें और मच्छर रोधी उपायों को अपनायें : डॉ सोनवानी

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



जिले में मलेरिया एवं डेंगू से बचाव के लिए जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ खेमराज सोनवानी ने लोगों से अपील की है कि वे अपने घरों में टायर, कूलर, फ्रीज, गमले आदि में पानी जमा न होने दें और बारिश में फुल अस्तीन के कपड़े पहने। डेंगू के मच्छर साफ पानी में पनपते है। इसलिए लोगों को घर के आसपास पानी के जमाव को रोकना चाहिए। डेंगू से बचाव के लिए मच्छर रोधी जो भी उपाय हैं उसे अपनायें। उन्होंने कहा कि जिलें में लगातार बारिश एवं पानी के जमाव से मच्छरों की पनपने की आंशका बनी रहती है। जिसके मलेरिया एवं डेंगू का खतरा बन जाता है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा इससे बचाव के लिए सभी तैयारियां सुनिश्चित की जा रही है। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में घर-घर जाकर लोगों को डेंगू से बचाव के लिए विभिन्न उपायों को अपनाने हेतु लगातार जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने आगें बताया कि डेंगू के प्रारंभिक लक्षण में ठंड लगने के साथ बुखार आता है। मांसपेशियों में दर्द,सिरदर्द, आंख की पुतलियों के पीछे दर्द होता है। जी मचलाना,उल्टी और कभी कभी किसी मरीज के शरीर में चकते आते है। इससे बचाव के लिए सर्वप्रथम रेपिड डेंगू टेस्ट कराना चाहिए। इसमें एंटीजन पॉजिटिव आने पर एलाईजा टेस्ट जिला अस्पताल में कराया जा सकता है। टेस्ट की सभी सुविधाएं जिला, सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में उपलब्ध है। पॉजिटिव मरीजों का इलाज जिला अस्पताल व सरकारी अस्पतालों में निःशुल्क उपलब्ध है। डेंगू के रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग के मितानिनों द्वारा घर-घर जाकर सर्वे भी किया जा रहा है। इसके लिए शहरी क्षेत्र में भी मितानिनों की टीम बनाकर उनको चेक लिस्ट दिया गया है। मितानिनें घर घर जाकर डेंगू से बचाव के तरीके बताएंगी और लोगों को जागरूक करेंगी।

## अधिग्रहित भूमि की अवार्ड राशि का भुगतान 20 एवं 22 सितम्बर को

**बलौदाबाजार।** बिलाईगढ़ तहसील के अंतर्गत लीलार नाला पुल निर्माण के लिए अधिग्रहित भूमि की अवार्ड राशि का भुगतान 20 एवं 22 तारीख को तहसील कार्यालय बिलाईगढ़ में किया जायेगा। संबंधित किसानों को उनकी अर्जित भूमि की रजिस्ट्री के बाद तत्काल भुगतान किया जायेगा। अनुविभागीय राजस्व अधिकारी बिलाईगढ़ बजरंग दुबे ने बताया कि लीलार नाला पुल एवं पहुंच मार्ग निर्माण के लिए चोरभट्ठी गांव के 23 किसानों की भूमि अधिग्रहित की गई है। नियमानुसार 35 लाख 81 हजार 292 रूपए का अवार्ड पारित किया गया है। उन्होंने बताया कि सभी किसानों को भुगतान प्राप्त करने के लिए निर्धारित तिथि पर पहुंचने के लिए सूचित किया गया है। किसानों को किसी बिचौलिये अथवा मध्यस्थ के झांसे में न आने की अपील करते हुए भूमि विक्रय पत्र की रजिस्ट्री के बाद तत्काल निर्धारित राशि का चेक प्राप्त करने को कहा है। यदि इस संबंध में किसी को कोई शिकायत हो तो सीधे एसडीएम से सम्पर्क कर सकते हैं।

## मारपीट का वीडियो आईजी को सौंपा भू-माफ़ियाओं के नगर में हौसले बुलंद

**भाटापारा।** शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में राजनैतिक आकाओं के संरक्षण में भू-माफिया कमज़ोर असहाय निर्बल लोगों की बेशक़ीमती ज़मीन हथियाने के लिए मारपीट का सहारा लेकर क़ब्ज़ा करने में सफल हो रहें है। राजस्व विभाग पुलिस प्रशासन आदि सब का संरक्षण पीछे से मिलता रहा है। वर्तमान में शहर के भीतर भी भू-माफ़िया सक्रिय होते नज़र आ रहे है। पिछले दिनों दिलीप अग्रवाल पिता कन्हैया अग्रवाल ने शहर थाना भाटापारा में स्वयं के साथ एंव उनके पुत्र और भाई के साथ मारपीट की घटना घटित होने का प्रामाणिक वीडियो थाना प्रभारी को सौंप कर एफ़आईआर दर्ज करवाई है जिसमें उनके साथ मारपीट की घटना को अंजाम देने वाले ऋषि शर्मा, निक्की शर्मा उर्फ़ नरेंद्र शर्मा, श्रीजन शर्मा, हिमांशु शर्मा, घनश्याम शर्मा आदि के नाम दर्ज हैं। घटना पर की गई रिपोर्ट के आधार पर अभी तक किसी भी प्रकार की कार्यवाही न होने पर प्रार्थी के द्वारा रायपुर रेंज के आईजी को घटना का प्रामाणित वीडियो सौंप कर उक्त मामले में स्थानीय पुलिस प्रशासन द्वारा उचित कार्यवाही नहीं किये जाने के संबंध में शिकायत की है साथ ही दोषियों को गिरफ़्तार कर उन पर कार्रवाई करने की माँग की है।

## व्यापारी संघ बागबाहरा एवं आर्ट ऑफ लिविंग ने किया वृक्षारोपण

पायनियर संवाददाता ➤ बागबाहरा
www.dailypioneer.com



नगर के मुक्तिधाम मार्ग वार्ड नंबर 09 स्थित खेल मैदान में बागबाहरा व्यपारी संघ व आर्ट ऑफ लिविंग परिवार के सहयोग से अमृत महोत्सव स्वाधीनता का 75 वा वर्ष को वृक्षारोपण कर मनाया गया। यह कार्यक्रम जिला आयकर अधिकारी प्रेम कुमार के मुख्य आतिथ्या व व्यापारी संघ के अध्यक्ष राजकुमार जैन के अध्यक्षता में सम्पन्न किया गया, प्रेम कुमार ने कहा कि प्राकृतिक को बचाने हेतु पेड़ पौधे जरूर लगाएं साथ ही इनका संरक्षण अवश्य करें।

वही राजकुमार जैन ने अपने उद्बोधन में कहा की मानव एवं प्राकृतिक का संबंध पेड़ पौधे के माध्यम से स्थापित होता है जिसके लिए पेड़ पौधे लगाएं एवं प्राकृतिक का लाभ लेवे।

इस अवसर पर जिला आयकर अधिकारी के साथ जिला आयकर की टीम एवं स्टाफ उपस्थित रहे साथ ही बागबाहरा नगर के व्यापारी संघ से राजेंद्र सिंह, हरप्रीत छाबड़ा, शैलेन्द्र सिंह, योगेश बघेल, कृष्णा (पप्पू)चंद्राकर, सी.ए. चिराग गंडेचा, कुशाल श्री श्रीमाल, नत्थू अग्रवाल, अमित गंडेचा उपस्थित रहे। इस वृक्षारोपण के कार्यक्रम हेतु बागबाहरा आर्ट आफलिविंग परिवार का विशेष सहयोग रहा।

## विश्व ओजोन परत संरक्षण दिवस मनाया

पायनियर संवाददाता ➤ खरोरा
www.dailypioneer.com



भरत देवांगन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरोरा में विश्व ओजोन परत संरक्षण दिवस मनाया गया।जिसके तहत विविध प्रतियोगिता रखी गई।पोस्टर प्रतियोगिता में डगेश्वरी वर्मा ने नारा लेखन कर ओजोन परत संरक्षण के विभिन्न घटकों पर नारा लेखन किया।रेणुका साहू12 अ ने पोस्टर बनाकर ओजोन परत के छिद्र होने के कारण को गंभीरता से चित्रित किया।।ममता देवांगन ने ओजोन के संबंध में अपने विचारों को प्रकट किया।मीनाक्षी निषाद,भगवती धीवर ने भी पोस्टर की सहायता से ओजोन परत पर चिंता को दर्शाया।विषय परिचर्चा के अंतर्गत तृप्ति साहू रेणुका साहू टिकेश्वर वैष्णव,आकाश वर्मा,रेणुका साहू ने खूबसूरत तरीके से अपनी बात रखी,जीत सक्सेना 11अ तथा अनीश सेन 9वीं द ने बहुत ही कुशलता के साथ अपनी बात रखने में कामयाब हुए।भोजराम वर्मा 10वी अ ने अपने विचार रखते हुए कहा कि कार्बन मोनोऑक्साइड, क्लोरोफ्लोरोकार्बन ओजोन परत में छिद्र पैदा करते हैं।दिशा देवांगन अंशु देवांगन खुशबू यादव ने त्वचा कैंसर के लिये पराबैगनी किरणों को जवाबदेह बताया।सुमित साहू राज लष्मी देवांगनलष्मी वर्मा, अंजलि धृतलहरे, रेणुका देवांगन, पूर्वा वर्मा के विचार सराहे गए।डगेश्वरी वर्मा ग्रुप ने जागरूकता अभियान हेतु शिक्षा प्रद नाटक की बेहतरीन प्रस्तुति दी।प्राचार्य रजनी मिंज ने पर्यावरण प्रदूषण अपनी बात कही।उपप्राचार्य हरीश देवांगन ने कहा कि हमारे वायुमंडल के चारों तरफ ओजोन की एक सुरक्षा परत होती है।सूरज की किरणें इस परत के छनने के बाद ही हम तक पहुंचती हैं।इससे एक तो इसकी तीव्रता कम हो जाती है दूसरे कुछ घातक किरणों कोयह परत अपने में ही सोख लेती है।


# कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खंड, कबीरधाम (छ.ग.)

निविदा सू.क्रं.33 त.शा/निविदा/का.अ./लो.स्वा.यां.खंड/2021,
कबीरधाम, दिनांक 14.09.2021

// निविदा आमंत्रण सूचना (मैन्युअल पद्धति)//

मुहरबंद निविदायें नीचे उल्लेखित कार्य हेतु प्रपत्र 'अ' प्रतिशत दर में छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में ई-पंजीयन प्रणाली की 'डी' एवं उच्च श्रेणी में पंजीबद्ध ठेकेदारों से स्पीड पोस्ट द्वारा आमंत्रित की जाती है।

**निविदा प्रपत्र क्रय करने के लिये खंड कार्यालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 06.10.2021 समय सायं 5.30 बजे तक।**

**निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 08.10.2021 समय सायं 5.30 बजे तक।**

**कार्य का नाम :-** कबीरधाम जिले के अंतर्गत विकासखंड कवर्धा, स.लोहारा, बोडला, पंडरिया के सूची अनुसार विभिन्न ग्रामों के गौठान में 150 मि.मी. व्यास के 90 मीटर गहरे नलकूप खनन कार्य दिये गये शेड्यूल अनुसार।

| क्रं. | विकासखंड | समूह क्रं. | नलकूप खनन कार्य की संख्या | अनुमानित लागत (रू.लाख में) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | कवर्धा | 1 | 10 | 5.70 |
| 2. | स.लोहारा | 2 | 10 | 5.70 |
| 3. | पंडरिया | 3 | 10 | 5.70 |
| 4. | बोडला | 4 | 10 | 5.70 |

निविदा संबंधी विस्तृत जानकारी जैसे - पात्रता की शर्तें, मापदण्ड, प्राक्कलन इत्यादि अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में कार्यालयीन समय में देखे जा सकते हैं।

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खंड
कबीरधाम (छ.ग.)

जी-63760/3


## प्रकृति संरक्षण संवर्धन में आदिवासी हमेशा से ही रहा अग्रणी

# गोंडी धर्म संस्कृति संरक्षण समिति एवं छत्तीसगढ़ गोंडवाना संघ ने करमडार पूजा एवं करमा तिहार मनाया

पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com



आदिवासी समाज प्रकृतिवादी प्रकृति पूजक है। प्रकृति संरक्षण संवर्धन में आदिवासी हमेशा से ही अग्रणी रहा है। इसी तहत अपने अधिकांश कार्यक्रमों में वनस्पति पेड़ पौधों की पूजा करते हैं। आदिवासी समाज गोत्रानुसार वनस्पति, एक पशु, एक पक्षी का संरक्षण एवं संवर्धन करता है।

इसी प्रकृति की पूजा पंच कलश स्थापित कर नृत्य द्वारा, अपने विशेष वेशभूषा परिधान में अपने इष्ट शक्ति को मनातें है। इसे अपने रूढ़ीजन्य संस्कृति रीति नीति परंपरा के प्रति वर्ष भादो उजियारी एकादशी को करमा तिहार करमडार महोत्सव मनाया जाता है। महोत्सव को परमश्रद्धेय गोंडवाना गुरु देव गुरु माता के सानिध्य और आशीर्वाद से भिलाई में गोंडी धर्म संस्कृति रीति नीति परंपरा के तहत राष्ट्रीय स्तर पर मनाया जाता था। जिसे कोरोना काल को देखते हुए छत्तीसगढ़ मध्यप्रदेश उड़िसा आदि राज्यों में जिला स्तर पर मनाया गया। बलौदाबाजार-भाटापारा जिला में जिला स्तरीय करमडार महोत्सव भाटापारा ब्लाक के ग्राम सिल्वा में रात्रि जागरण कर करमडार को एक दिन पहले निमंत्रण, दूसरे दिन पांच सात कुंवारी बालिकाओं द्वारा उपवास रखकर बिना जमीन में रखे लाया जाता है। 76 जई माता भोजली के रुप में बोया गया है विभिन्न गांवों में जिसे एक जगह इकट्ठा कर रात्रि जागरण पूजा अर्चना कर प्रातः सरवर स्नान कराया गया।

कार्यक्रम में करमा नृतक दल, सिल्वा, डोंगरिया, धनेली, धौराभांठा के सांस्कृतिक कार्यक्रमों की टीमों ने हिस्सा लिया इसी दिन से करमा तिहार मनाना शुरू हो जाता है। कर्म ही पूजा और महान है, बिना मेहनत जीवन व्यर्थ है। कर्म को धर्म से जोड़कर प्रकृति रूप में देखा जाता है।

# लगातार 3 दिनों तक बारिश के बाद वर्षा थमी, लोगों को मिली राहत

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



अंचल में बीते तीन दिनों तक लगातार वर्षा से सर्वत्र जमग्न की स्थिति बनी हुई है शुक्रवार सुबह से ही वर्षा के थम जाने से जनमानस को बड़ी राहत मिल गयी है लगातार बारिश से खेत खलियान नदी नालो का जल स्तर बढ़ गया है अत्यधिक बरसात की वजह से खेती किसानी का काम पूरी तरह से प्रभावित हो गया है सितंबर माह के मध्यान्ह में हुए अधिक बारिश से अल्प वर्षा व अवर्षा से पीड़ित किसानों के द्वारा इस वर्ष हरहुना किस्म के धान बोए गए जो कि खेतो मे गर्भावस्था में है और बारिश लगातार होने से हरहुना वेरायटी के महा माया धान के खराब होने का अंदेशा बढ़ गया है यद्धपि हरहुना वेरायटी के महामाया धान का रकबा अमूमन देर से पकने वाले सरना धान से काफी कम है लेकिन शीघ्र पकने वाले धान की खेती छोटे किसानों के द्वारा की गई है जिन्हें अब अधिक बारिश से धान के पौधों में आ रही बालियों से नुकसान की सम्भवना बढ़ गयी है वही देर से पकने वाले सरना वेरायटी के धान भी अब गर्भावस्था में है लेकिन इन पौधों में बालिया अक्टूबर माह के मध्य में आने की सम्भवना है इस तरह से लगातार वर्षा से खेती किसानी के कार्यो में एक तरह से रुकावटे आ गयी वही दूसरी ओर इस बारिश से देर से पकने वाले धान वाले खेतो में जलभराव हो जाने से आगामी खरीफफसल के लिए किसान फायदे मन्द बता रहे है।

### सब्जी फसल बारिश से प्रभावित



अत्यधिक वर्षा के कारण सब्जी फसल को भारी नुकसान पहुँचा है नदी किनारे एवँ खेतो में लगाए गए टमाटर करेला, भिंडी, भटा एवँ अन्य सब्जी की फसल को लगातार बारिश के कारण उत्पादन में कमी आ गयी है ग्राम मोहतरा निवासी रामकुमार पटेल ने बतलाया कि पूर्व में अवर्षा के कारण सब्जी फ़सल में किट व्याधि से किसान परेशान थे अचानक लगातार वर्षा के बाद से पैदावारी कमजोर हो गयी है वही अब एक बार फिर लागत राशि बढाने की आवश्यकता बढ़ गयी है बारिश से अस्त व्यस्त हो गए फसल को बचाने के लिए मजदूरों का सहारा लेना पड़ेगा जिससे लागत राशि बढ़ जायेगी इस तरह से घनी बदली और बारिश से कीमती सब्जी फसल तरोई, सेमी, भटा में अधिक बारिश से कीटो का प्रभाव बढ़ जाता है जिसमे अब दवाई की जरूरत बढ़ गयी इस तरह से लगातार बारिश से सब्जी फसल को भी नुकसान पहुँचा है।

### दिनभर आसमान में छायी रही बदली

शुक्रवार को अल सुबह बारिश बन्द होने के बाद दिनभर वर्षा थमी रही जिससे लोगो को बड़ी राहत मिली लेकिन आसमान में बदली छायी रही और मौसम पूरी तरह खुशनुमा रहा मौसम विभाग के अनुसार आगामी 19 सितम्बर से पुनः बारिश होने की संभावना जताई गई है खेती किसानी करने वाले पोषण साहू, मोहन लाल सिन्हा एवँ फागु राम निर्मलकर का कहना है कि धान फसल के लिए पर्याप्त वर्षानुकूल है और अब खेतो में एक बार बालिया आने के पहले खाद का छिड़काव किया जाना है तथा अन्य प्रजाति के धान पौधों की छटाई का समय है कुछ दिनों के लिए बारिश के थम जाने से धान फसल के उत्पादन और क्वालिटी सुधारने के लिए समय की जरूरत है लेकिन लगातार वर्षा के कारण फिलहाल खेती किसानी का काम बंद है ।

### नदी नालों का जल स्तर बढ़ा, भूजल श्रोतो में इजाफा

लगातार बीते कई वर्षों से अवर्षा से जूझ रहे अंचल में लगातार बारिश से नदी नाले उफान पर है वही अत्याधिक वर्षा से सिंचाई नलकूप,पेयजल पावर पम्प के जल स्तर बढ़ने के साथ ही साथ भूजल श्रोतो में इजाफा होने की प्रबल सम्भवना बढ़ गयी है बारिश से गांव गांव में निस्तारी तालाबो के भर जाने से आगामी ग्रीष्मकालीन सीजन में राहत मिल जाएगी ज्ञात हो की बीते अनेक वर्षों में बारिश के अभाव में सूखे में रहे सभी नालो में जलभराव के साथ पानी का बहाव बना हुआ है जिससे भूजल श्रोतो में वृद्धि होगी

# हाथियों के दल ने जमही एवं अडजाल के बीच युवक को रौंदा, वन विभाग ने सतर्क रहने की दी सलाह

पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com





प्राप्त जानकारी के अनुसार क्षेत्र में बढ़ रहे हाथियों की चहलकदमी से ग्रामीणों में दहशत का वातावरण निर्मित है। ग्रामीणों द्वारा हाथी को अपने क्षेत्र में घुसने से रोकने के लिए रात्रि में पटाखे फोड़ना आग जलाना जैसे अन्य उपाय किये जा रहे है। कई लोग उत्सुकतावश मोबाइल में विडियो बनाने के लालच में कुछ हाथियों के पास जाने का भी जोखिम उठा रहे है 7 16 सितंबर की शाम ऐसी ही एक घटना सामने आई। जानकारी के अनुसार जमही एवं अडजाल के बीच कुदाल डोंगरी गाँव के पास जंगल में हाथियों द्वारा एक ग्रामीण युवक को कुचलकर मार डाला। युवक का नाम संतोष भूआर्य ग्राम कुरुभाट का निवासी बताया जा रहा है। सही स्थिति की पुष्टि वन विभाग के अधिकारीयों द्वारा नहीं की गई है। हाथियों का दल कल रात्रि के बाद जुनवानी, चिपरा, किल्लेकोड़ा क्षेत्र को पार कर लोहारा वन परिक्षेत्र के डूटामारदी एवं कोड़ेकसा क्षेत्र में पहुँचने की जानकारी प्राप्त हो रही है। कल हाथियों को जमीनी क्षेत्र में विचरण करते हुए देखा गया था।

वन परिक्षेत्र अधिकारी राजेश नान्दुलकर से चर्चा करने पर उनके द्वारा बताया गया कि ग्रामीणों को बार बार हाथियों के दल से सतर्क रहने एवं आसपास न जाने, पटाखा फोड़ने से मना किया जा रहा है। इसके बावजूद कुछ उत्साही युवक हाथी देखने व मोबाइल में वीडियो बनाने एवं फटाका फोड़ने जैसे कार्य किये जा रहे है। घटना के सम्बन्ध में बताया कि अभी मैं मौके पर जाकर जानकारी प्रदान करता हूँ ऐसी घटना सुनने में तो आई है। सही स्थिति मौके पर पहुँचने के बाद ही स्पष्ट होगी।

## हिंदी दिवस के अवसर पर स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी मीडियम स्कूल में कार्यक्रम आयोजित



पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com

हिन्दी दिवस के अवसर पर स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेज़ी स्कूल में प्राचार्य पी.के.ग्वाल के मुख्य आतिथ्य एवं हिन्दी के वरिष्ठ ब्याख्याता के.आर.मुकर्जी के मार्गदर्शन में कार्यक्रम आयोजित किया गया।छात्र ..छात्राओं ने कार्यक्रम में बढ़चढ़कर हिस्सा लिया।विद्यार्थियों द्वारा गीत,कविता और भाषण प्रस्तुत किया गया।विद्यालय की ब्याख्याता रेखा.परोहित द्वारा आज के परिवेश में हिन्दी की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए आकर्षक प्रेरणा गीत प्रस्तुत किया गया। हिन्दी के ब्याख्याता के.आर.मुकर्जी ने हिन्दी के विकास पर सविस्तार जानकारी देते. हुए बताया कि देवनागरी लिपि में लिखी गई यह.भाषा सर्वाधिक प्राचीन ,समृद्धशाली व सम्पूर्ण देश को एकता के सूत्र में बांधकररखीहै। उन्होंनें आगे बताया कि 14 सितम्बर 1949 को सर्वप्रथम राजभाषा का दर्जा दिया गया। एकता, भाईचारा व सौहार्द में यहअभिवृद्धि करता है।हमें इसके शुद्ध उच्चारण, वाचन एवं कथन पर ध्यान देकर प्रचार प्रसार कर सम्मान करने की महति आवश्यकता है। प्राचार्य पी.के ग्वाल ने इस दिवस के पावन अवसर पर सबको बधाई देते हुए पूरी सजगता के साथ इसके सम्मान पर बल दिया।

इस अवसर पर विद्यालय के नरेश. पटेल, प्रवीण तिवारी, नरेश कर, एस. एस. दास, लता साहू, ज्योति सलूजा, एस. मीना प्रकाश, उमा नायक, सेठसर सहित स्टाफ के सभी सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन कक्षा ग्यारहवीं की छात्रा पार्वती पटेल एवं मानसी चौधरी ने सच रुप से किया।

## झूठे वादों को लेकर असुरक्षा भाव से घिर चुकी कांग्रेस : विक्रम

- **ढ़ाई साल से युवा वर्ग बेरोजगारी भत्ते का कर रहे इंतजार**

पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



सांसद प्रतिनिधि विक्रम ध्रुवे ने कहा कि जनता से किये गए झूठे वायदों को लेकर प्रदेश की कांगेस सरकार समस्त क्षेत्रों में असुरक्षा भाव से घिर चुकी ह जनता ने जिस वायदे को लेकर कांग्रेस को जनादेश दिया था, आज प्रदेश की जनता अपने निर्णय पर पछता रही है। किसान सहित प्रदेश का हर तबका कांग्रेस सरकार की कार्यप्रणाली से अपने आप को ठगा महसूस कर रहा है।

वहीं प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल प्रदेश की जनता की चिंता छोड़ कर अपनी कुर्सी बचाने की चिंता में लगे हुए हैं। जिसे कुछ दिन पूर्व प्रदेश की जनता के साथ पूरा देश देख चुका है। उन्होने ??श्री धुर्वे ने आगे कहा कि एक ओर जहां खेती के समय में किसानों को खाद की कमी से जुझना पड़ रहा है, सोसायटी में खाद उपलब्ध नहीं हो रहा है। वहीं खुले बाजारों में खाद की कालाबाजारी जोरों से चल रही है। सांसद प्रतिनिधि ध्रुवे ने विज्ञप्ति के माध्यम से आगे कहा की ढ़ाई सालों में प्रदेश में विकास शून्य है। ग्रामीण क्षेत्रों में जो विकास कार्य चल रहे हैं केन्द्र की योजनाओं के माध्यम से संचालित हो रहे हैं । उसे भी प्रदेश शासन सही तरीके से धरातल में फ्लीभूत करने में नाकाम साबित हुई है। प्रदेश में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर पहुंच गई है किसी भी विभाग के अनियमितता की शिकायत पर भी शासन प्रशासन द्वारा किसी प्रकार की कार्यवाही तक नहीं होती है। किसान से लेकर सभी वर्ग राज्य सरकार की गलत नीतियों से परेशान है। युवा वर्ग ढ़ाई सालों से बेरोजगारी भत्ते का इंतजार करते बैठे हैं । न तो उन्हे रोजगार मिला और न भत्ता मिल पाया है। शराब दुकानें बंद करने का वायदा कर नई शराब दुकानें खोल कर शासन अपना आर्थिक श्रोत बढ़ाने में लगी हुई है इससे भी एक कदम आगे बढ़कर प्रदेश सरकार एक काम बड़ी ही चतुराई से कर रही है।

## भारतीय राष्ट्रीय सहकारी संघ द्वारा डिप्लोमा इन कोऑपरेशन, एजुकेशन एंड डेवलपमेंट कोर्स के लिए आवेदन आमंत्रित

**दल्लीराजहरा।** भारतीय राष्ट्रीय सहकारी संघ नई दिल्ली के राष्ट्रीय सहकारी शिक्षा परिषद द्वारा 12 सप्ताह का डिप्लोमा इन कोऑपरेशन एजुकेशन एंड डेवलपमेंट कोर्स, 4 अक्टूबर से 24 दिसंबर तक आयोजित किया जा रहा है। प्रतिभागियों को सहकारिता के नवीनतम विकास, सहकारी समितियों के पेशेवर प्रबंधन को जानने, शिक्षा कार्यक्रमों के सफल क्रियान्वयन के लिए आवश्यक कौशल और सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने में सक्षम बनाने के लिए इस कोर्स को तैयार किया गया है। राज्य व जिला सहकारी संघों के प्रशिक्षक, व्याख्याता, सहकारी समितियों के प्रतिनिधि तथा प्रबंधन से जुड़े सभी रैंक के अधिकारी, कर्मचारी यह कोर्स कर सकते हैं। भारतीय राष्ट्रीय सहकारी संघ के राष्ट्रीय सहकारी शिक्षा परिषद द्वारा प्रतिभागियों को मात्र ?3000 के शुल्क में रेल/बस का वास्तविक किराया, एनसीसी छात्रावास में रहने व खाने की व्यवस्था, प्रशिक्षण व पाठ्यक्रम सामग्रियां, सहकारिताओं का अध्ययन दौरा उपलब्ध कराया जाएगा। एसटी, एससी , ओबीसी और महिला प्रतिभागियों को वरीयता दी जाएगी। छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी संघ अध्यक्ष झुनमुन गुप्ता ने छत्तीसगढ़ के पात्र प्रतिभागियों से इस अवसर का लाभ उठाने की अपील किया है। अधिक जानकारी के लिए भारतीय राष्ट्रीय सहकारी संघ की सहायक निर्देशक सुश्री इंद्रप्रीत कौर से मोबाइल नं. 88008 33523 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

# दल्लीराजहरा शहर को विकसित करने व्यापारियों ने सौपा मंत्री अनिला भेडिया को ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



दल्ली राजहरा शहर में व्यापारी संघ के शपथ ग्रहण समारोह में पहुंची कैबिनेट मंत्री श्रीमती अनिला भेड़िया मंत्री छत्तीसगढ़ शासन को व्यापारियों ने निवेदन किया कि दल्ली राजहरा नगर जो कि बालोद जिले का सबसे ज्यादा आबादी वाला शहर है परन्तु इसे पूर्ण रूप से उपेक्षित किया जा रहा है। जिससे इस शहर की जनसंख्या को कि पूर्व में एक लाख तीस हजार से ज्यादा थी। वह अब घटते हुए करीब चालीस हजार तक पहुंच गई है। इस शहर का कोई विकास नहीं हुआ। शहर विकास एवं रोजगार के अभाव में लोगों का पलायन जारी है।

इस शहर को उजड़ने से बचाने एवं विकसित बनाने के लिये आग्रह है कि निम्न मांगों को पूरा कर अनुग्रहित करेंगे. आवश्यकता की पूर्ति हो सके। दल्ली राजहरा वार्ड क्रमांक 17 में ओपीडी की जो सुविधा दी गई है, उसके लिये आपका आभार साथ ही साथ उसी भवन में मरीजों की भर्ती एवं पैथोलॉजी लैब की सुविधा का आभाव है जिसके विस्तारीकरण से शहर एवं आस पास के ग्रामीण क्षेत्रों को लोगों को चिकित्सा का संपूर्ण लाभ मिल सके। दल्लीराजहरा को एक औद्योगिक क्षेत्र का निर्माण दल्ली राजहरा के आस पास क्षेत्र में हो ताकि यहाँ छोटे एवं मध्यम श्रेणी के उद्योग स्थापित हो सके जिससे स्थानीय एवं आसपास के निवासियों को काम मिल सके। इससे पलायन रूकेगा और दल्ली राजहरा एवं आसपास के क्षेत्र का विकास होगा।

मेडिकल तथा इंजीनियर कॉलेज की स्थापना हो ताकि उच्च शिक्षा के लिये लोगों को बाहर न जाना पड़े।

केन्द्रीय विद्यालय जो कि दल्ली राजहरा शहर के प्रस्तावित था उसे यहां अविलंब चालू कराया जाये। जिससे यहां की जनता की आधारभूत शिक्षा की आवश्यकता की पूर्ति हो सके।

- यहां की जमींन खरीदी बिक्री के लिये रजिस्ट्री की प्रक्रिया को सरल किया जाये। ताकि यहां के आस पास के लोग जमींन खरीद कर निर्माण कर विकास में सहयोग कर सके।

शहर मे आए दिन हो रही दुर्घटनाओं से निजात पाने हेतु बायपास सड़क की मांग को गंभीरता से लेने की कृपा करें तथा बाईपास सड़क का निर्माण शीघ्र आरंभ करवाया जाए।

आशा है कि उपरोक्त सभी मांगो की पूर्ति कर शहर के विकास में सहभागिता प्रदान करें। यह ज्ञापन अच्छी गढ़ छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स की दल्लीराजहरा इकाई की ओर से शंकरलाल कुकरेजा कन्हैया लाल कुकरेजा, रतन चोपड़ा आदी लोगों ने दिया।

## भयादोहन के दर्ज एफआई आर को निरस्त करने निलबित आई पी एस जी पी सिंह ने हाईकोर्ट में याचिका लगाई

**बिलासपुर।** देशद्रोह व भ्रष्टाचार के आरोप में फंसे निलंबित आईपीएस जीपी सिंह ने हाईकोर्ट मे याचिका दायर कर दुर्ग जिले में एक कारोबारी की शिकायत पर अपने खिलाफ दर्ज ब्लैकमेलिंग की एफआईआर को निरस्त करने की मांग की है। हाईकोर्ट ने राज्य शासन और एफआईआर दर्ज कराने वाले कारोबारी को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।उल्लेखनीय है कि करीब दो माह पहले एक कारोबारी कमल कुमार सेन ने भिलाई के स्मृति नगर पुलिस चौकी में सिंह के खिलाफ एक एफआईआर दर्ज कराई थी। इसमें उन्होंने बताया था कि उसके एक साझेदार ने एक करोड़ रुपये दबा दिये। उस साझेदार से जीपी सिंह की मित्रता थी, जो उस वक्त आईजी के रूप में पदस्थ थे। शिकायतकर्ता ने जब अपने रुपये वसूल करने की कोशिश की तो उसे फर्जी केस में फंसा दिया गया। इसके बाद केस को कमजोर करने के लिये सिंह की ओर से एक करोड़ रुपये की मांग की गई। उसकी पत्नी और परिजनों से एडवांस के रूप मे 20 लाख रुपये वसूल भी लिये गये। अपनी याचिका में सिंह ने कहा है कि लेन-देन के जिस मामले का जिक्र शिकायतकर्ता कमलकुमार सेन ने किया है उसमें उसके खिलाफ महासमुंद पुलिस ने धोखाधड़ी के आरोप में जुर्म दर्ज किया था और इस आरोप में उसे सात माह तक जेल में भी रहना पड़ा था। सिंह ने कहा कि पांच साल पहले भी मेरे विरुद्ध उसने शिकायत की थी जिसे आधार बनाकर अब एफआईआर दुर्ग पुलिस ने दर्ज की है।

## मिशन सिक्योर सिटी अंतर्गत देर रात पैदल मार्च कर संदिग्ध जगहों पर दी गई दबिश




पायनियर संवाददाता ◄ खरोरा
www.dailypioneer.com

नगर में देर रात मिशन सिक्योर सिटी अंतर्गत प्रशांत अग्रवाल पुलिस अधीक्षक के निर्देशन पर रमेश मरकाम थाना प्रभारी ने साथ जवानों ने नगर मे पैदल मार्च कर संदिग्ध जगहों पर दबिश दी, बता दें कि मिशन सिक्योर सिटी और अपराध नियंत्रण के उद्देश्य से रायपुर पुलिस द्वारा द रात के समय पैदल मार्च कर कॉम्बिंग गस्त कर शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में आकस्मिक दबिश दी गई जिसके रमेश मरकाम थाना प्रभारी खरोरा नेतृत्व में टीम गठित कर महात्मा गांधी रोड, दीनदयाल उपाध्याय चौक, पुराना बस स्टैंड, पुराना बाजार रोड, आदि जगहों पर पुलिस के द्वारा शाम को दबिश दिया गया एवं बाहर से आने वाले यात्रियों एवं संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गई साथ होटल लॉज आदि जगहों की भी चेकिंग की गई है।

**प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहन मरकाम का जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया**

# मोहन मरकाम का जन्मोत्सव कार्यक्रम व वार्ड/बूथ/सेक्टर/जोन कांग्रेस की बैठक संपन्न

पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी व जिला कांग्रेस कमेटी बालोद के निर्देशानुसार क्षेत्रीय विधायक श्रीमती अनिला भेंडिया के मार्गदर्शन पर ब्लॉक अध्यक्ष अशोक बाम्बेश्वर के नेतृत्व में 15 सितंबर को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दल्ली राजहरा के द्वारा छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहन मरकाम का जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

उसके पश्चात बूथ/ वार्ड/ सेक्टर/ ज़ोन कांग्रेस कमेटी के दल्लीराजहरा ब्लॉक के प्रभारी श्री केदार देवांगन और बसंत सोनबेर की उपस्थिति में बूथ वार्ड सेक्टर जोन कांग्रेस कमेटी बूथ मैनेजमेंट की बैठक रखी गई । ब्लॉक प्रभारी केदार देवांगन और बसंत सोनबेर ने बूथ मैनेजमेंट के लिए वार्ड/ बूथ/ सेक्टर/ जोन अध्यक्ष की नियुक्ति जल्द जल्द से करने की बात कहीं।





ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अशोक बाम्बेश्वर, नपा अध्यक्ष शीबू नायर, पूर्व प्रदेश कांग्रेस सचिव काशीराम निषाद, जिला महामंत्री रतिराम कोसमा, जिला सचिव रवि जायसवाल, इंटक जिला अध्यक्ष भूपेंद्र दिल्लीवार, इंटक अध्यक्ष तिलक मानकर, एल्डरमेन प्रमोद तिवारी, भूतपूर्व सैनिक कल्याण विभाग के जीवन साहू, जिला सचिव के. ईश्वर राव, युवक कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष हरीश साहू, एन एस यू आई विधानसभा अध्यक्ष भरत देवांगन, अल्पसंख्यक कांग्रेस प्रकोष्ठ नगर अध्यक्ष मुमताज कुरैशी, आदिवासी कांग्रेस नगर अध्यक्ष दीपक सहारे, युवक कांग्रेस नगर अध्यक्ष पी एम सुहैल, एस सी प्रकोष्ठ नगर अध्यक्ष नितेश बाम्बेश्वर, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ नगर अध्यक्ष जागेश्वर यादव ने भी बूथ मैनेजमेंट पर अपने विचार रखे। कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग में नवनियुक्त जिला पदाधिकारी उपाध्यक्ष फ्रांसिस कोलीन, राकेश जॉन, स्मिता भगत जॉर्ज और हरप्रीत सिंह मारवाह, महामंत्री रूबी एंथोनी और यासीर फारूकी, सचिव चिन्ना डेनियल और विलसन मैथ्यू का ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने इनके नवनियुक्ति पर सम्मान किया।

कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक प्रभारी महामंत्री विवेक मसीह ने किया और आभार प्रदर्शन संयुक्त महामंत्री जागेश्वर गंधर्व ने किया। कार्यक्रम में जिला संयुक्त महामंत्री विजय जोगदंड, रुकमणी, किशोर ठाकुर, रामजतन भारद्वाज, सूरज विभार, ब्लॉक उपाध्यक्ष जसपाल सिंह भाटिया, चम्पा साहू,के. जया लक्ष्मी, जोगेन्द्र ठाकुर, शमीम सिद्दकी, मोहन साहू, शैलेश जैन, अहमद खान,कोषाध्यक्ष नवीन कथूरिया, महामंत्री श्रीनिवास राव, प्रवीण शर्मा, प्रदीप बाघ, शकील खान, हरिश खस, सुरेश ठाकुर, प्रवक्ता जेबा कुरैशी, संयुक्त महामंत्री जितेन्द्र मेश्राम, अजय बघेल, घनश्याम शर्मा, चंदा बाई, बीसो बाई, गौरी शंकर पिपरे, ताराचंद बघेल, एल्डरमेन महेन्द्रन अप्पू, जगदीश श्रीवास, पार्षद रोशन पटेल, स्वप्निल तिवारी, चंद्रप्रकाश सिन्हा, आई एल सोनवानी, चिन्ना मल गुण्डु, कुंती साहू, कौशल्या सेन, प्रभा माथनकर, रंजना बाघमारे, योगेश्वरी यादव, धीरेंद्र डोंगरे, मुरली साहू, यामिनी मानिकपुरी, मीडिया प्रभारी प्रदीप सहारे, रसिया राम लहरें, प्रमोद चौधरी, पिंकू डे, नर्मदा साहू, श्यामलाल कोठरी, राधा शर्मा, गीता शर्मा, रीता शर्मा, डोमेंद्र सावलकर, तंजीला खान, ईश्वरी मानिकपुरी, सहित काफी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित थे।

## संपादकीय

# अफगान जनता की स्थिति

## आतंक और भूख

**आतंक** के साथ ही भूख और पोषण की कमी अफगान जनता को परेशान कर रही है। समय आ गया है कि अफगानिस्तान में भूख और आतंक के बीच संतुलन बनाने का प्रयास किया जाए। राहत गतिविधियों में लगे संरा. संगठनों की गतिविधियां प्रभावित होने के कारण लाखों लोगों के जीवन पर संकट मंडरा रहा है क्योंकि विशाल ग्रामीण क्षेत्रों में मौजूद भोजन का स्टाक एक महीने से अधिक नहीं चल सकता है। ऐसे में भूख और पोषण की कमी देश की अर्थव्यवस्था को रसातल में ले जा रहे हैं। शहरी दूकानों में भी आवश्यक वस्तुओं का भंडार समाप्त हो रहा है। सब्जियों की कमी से इनकी कीमतें दूनी हो गई हैं। 15 अगस्त को तालिबान के सत्ता पर कब्जे के बाद से लोग घबराहट में खरीदारी कर रहे हैं जिससे दूकानों का सामान समाप्त हो गया है तथा उनमें नया सामान नहीं आ रहा है। आटा और तेल की कीमतें पहले ही गरीबों की पहुंच से बाहर हो गई हैं। गांवों में स्थिति और खराब है जहां गरीब लोग भविष्य में बीज के लिए एकत्र गेंहूं व अन्य अनाज खा रहे हैं। वैसे भी सूखा और अकाल कई बार इस देश को अपना शिकार बना चुके हैं। भूख के साथ ही जनसंख्या के बड़े हिस्से के पलायन का खतरा है। अगस्त के पहले ही लड़ाई के कारण 6,00,000 से अधिक अफगानों को अपने घर छोड़ने पड़े थे। संरा. एजेंसियों का अनुमान है कि लगभग 3.5 मिलियन लोग आंतरिक विस्थापन का शिकार हैं। कम से कम 10 मिलियन बच्चों का बड़ा हिस्सा कुपोषित है और वे जीवित रहने के लिए भी मानवीय सहायता पर निर्भर हैं। संरा. विश्व खाद्य कार्यक्रम ने कहा है कि अनेक अफगानों के पास समुचित भोजन खरीदने के लिए पैसा नहीं है। इसका कारण बैंकों का 15 अगस्त के बाद से बंद रहना है। तालिबान अब बैंकों से बात कर रहे हैं कि वे अपनी शाखायें खोलें, लेकिन उन्होंने बैंकों से साप्ताहिक निकासी की सीमा 200 डालर तय कर दी है।

अफगानिस्तान के अर्थशास्त्री अब निर्वासित हैं। उन्होंने जोर दिया है कि वर्तमान स्थिति से मुद्रा कमजोर हो सकती है, मुद्रास्फीति बढ़ सकती है तथा पूंजी से नियंत्रण समाप्त हो सकता है। अधिकांश सिविल कर्मचारियों को महीनों से वेतन नहीं मिला है। बहुत से अन्य लोगों का दावा है कि तालिबान के सत्ता पर कब्जे के बाद उनके वेतन में 75 प्रतिशत तक की भारी कटौती की गई है। इस बात के कोई संकेत नहीं हैं कि तालिबान को इन स्थितियों से चिन्ता है। उनकी ओर से कोई कारगर आर्थिक फैसला सामने नहीं आया है। उनका योगदान केवल संकट से निपटने के लिए कुछ अनजान अधिकारियों को केन्द्रीय बैंक का नेतृत्व सौंपने तक सीमित है। उनके कामकाज के बारे में कोई जानकारी नहीं है। लेकिन तालिबान नेताओं को इससे फर्क नहीं पड़ता है क्योंकि कहा जाता है कि उनके पास अफीम व अन्य नशों के व्यापार से काफी पैसा एकत्र हुआ है। वे आंतरिक झगड़ों में उलझे हैं जो अंतरिम व्यवस्था की घोषणा के बाद से तीखे हुए हैं। तालिबान अपने अस्तित्व की बहस में उलझे हैं जो शहरी राजनीतिक शक्तियों तथा कट्टरपंथी सशस्त्र कमांडरों के बीच है और जिनका प्रतिनिधित्व मुल्ला अब्दुल गनी बरादर व खलीलुर रहमान हक्कानी कर रहे हैं। सवाल यह है कि क्या तालिबान बाकी दुनिया के साथ एक खेल खेलते हुए उसे आर्थिक व्यवस्था बहाल करने के लिए जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। क्या वे प्रतीक्षा कर रहे हैं कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय पुनर्वास कार्यों के लिए पैसा दे? अथवा क्या वे अंतरिम सरकारी व्यवस्था को मान्यता मिलने की प्रतीक्षा कर रहे हैं? इसका संबंध अफगान सरकार की अरबों डालर की परिसंपत्तियां फ्रीज होने से है जिन पर केवल मान्यता प्राप्त सरकार को ही अधिकार मिल सकता है।

# भारतीय कृषि के समक्ष चुनौतियां

## भारत दुनिया के पास दुनिया की कृषि शक्ति बनने की क्षमता है, पर वर्तमान समय में हम उसका केवल एक हिस्सा प्रयोग कर रहे हैं तथा बाकी बेकार जा रहा है।



**सुभाष चंद्र पांडेय**
(लेखक भारत सरकार के पूर्व विशेष सचिव हैं)



**वर्तमान** समय में कृषि पर सार्वजनिक विमर्श उसकी मार्केटिंग व्यवस्था पर केन्द्रित है जिसकी पृष्ठभूमि पिछले साल पास हुए तीन विवादास्पद कृषि कानून हैं। इस वर्ष के प्रारंभ में सर्वोच्च न्यायालय ने इनके क्रियान्वयन पर अस्थाई स्थगनादेश देते हुए एक विशेषज्ञ समिति नियुक्त की थी जिसकी रिपोर्ट मार्च से स्वीकृति की प्रतीक्षा कर रही है। सरकार ने कानून में विशिष्ट परिवर्तनों के सुझाव मांगे थे, पर इस पर किसी ने ध्यान नहीं दिया तथा प्रदर्शनकारी इन कानूनों को पूरी तरह समाप्त करने की जिद कर रहे हैं। यह मुद्दा अब पूरी तरह राजनीतिक हो गया है। केवल मार्केटिंग पर ध्यान केन्द्रित होने से पानी का बढ़ता संकट, मृदा क्षरण व पर्यावरण क्षरण जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर ध्यान नहीं जा रहा है। वर्तमान कृषि व्यवहारों के कारण खासकर हवा में नाइट्रोजन प्रदूषण तथा जल प्रदूषण बढ़ रहा है। इन मुद्दों और सरोकारों पर की चर्चा जरूरी है। महामारी से ग्रस्त दुनिया में समयबद्ध रूप से भूख और कुपोषण को 2030 तक समाप्त करना अंतरराष्ट्रीय प्राथमिकता तथा संयुक्त राष्ट्र टिकाऊ विकास लक्ष्यों-एसडीजी में शामिल है जिसे पर्यावरणीय हितैषी तरीके से करना है। जल्द ही वैश्विक तैयारियों की समीक्षा के लिए खाद्य व्यवस्था सम्मेलन होने वाला है। सबके लिए सुरक्षित व पोषक खाद्य प्राप्त करने, टिकाऊ उपभोग पैटर्नों के विकास, प्रकृति के प्रति सकारात्मक उत्पादन, समतापूर्ण आजीविकाओं को बढ़ावा तथा जोखिमों, आपातस्थितियों व दबावों से निपटने की व्यवस्था करने की आवश्यकता है।

हालांकि, भारत ने अपने प्रचुर अन्न भंडारों के प्रयोग का प्रस्ताव अत्यधिक भूख से निपटने के लिए किया है, पर भारत ज्यादा कुछ नहीं कर सकता है। भारत दुनिया के पास दुनिया की कृषि शक्ति बनने की क्षमता है, पर वर्तमान समय में हम उसका केवल एक हिस्सा प्रयोग कर रहे हैं तथा बाकी बेकार जा रहा है। इस बारे में कुछ सुझावों पर गौर किया जा सकता है। 1960 के दशक मध्य तक लगातार सूखे का शिकार होने के कारण भारत 'जहाजों से मुंह तक' वाली अर्थव्यवस्था बन गया था और उसे अमेरिका से पीएल 480 के अंतर्गत मिलने वाले गेंहूं की प्रतीक्षा रहती थी। आज भारत चावल का सबसे बड़ा निर्यातक है तथा चीन के बाद गेंहूं व चावल का सबसे बड़ा उत्पादक है। तिलहन और दालों को छोड़ कर भारत अब अन्न उत्पादन में आत्मनिर्भर है। यह उपलब्धि 1960 के दशक में 'हरित क्रांति' से प्राप्त हुई है। लेकिन हरित क्रांति का एक नकारात्मक प्रभाव पोटैशियम व फास्फोरस पाने के लिए अन्य रासायनिक उर्वरकों व मुख्यतः नाइट्रोजन हेतु यूरिया प्रयोग के रूप में सामने आया है। वैज्ञानिक बताते हैं कि दलहनी फसलों की जड़ों में रहने वाले बैक्टीरिया 'नाइट्रोजन स्थिरीकरण' करते हैं। वे वातावरण में मौजूद नाइट्रोजन व नाइट्रोजन यौगिकों का प्रयोग उर्वरकों के रूप में करते हैं। इस प्रकार ये पौधे स्वाभाविक रूप से मृदा में नाइट्रोजन को बढ़ाते हैं। 'फसल चक्र' के परंपरागत कृषि व्यवहार में अन्य फसलों के बीच दलहनी पौधे लगाए जाते थे जो मृदा में नाइट्रोजन की कमी पूरी करते थे।

हरित क्रांति ने ऐसे अनेक व्यवहार बदल दिए हैं। इससे उत्पादन बढ़ा, लेकिन तीन अन्य प्रभाव भी हुए। पहला, इसका प्रभाव मुख्यतः कुछ अन्नों, मुख्यतः गेंहू व चावल तक सीमित था और यह पंजाब, हरियाणा व उत्तर प्रदेश के कुछ अतिरिक्त जल वाले क्षेत्रों तक केन्द्रित था। लेकिन अब यहां पानी अधिक नहीं है तथा पानी का तल लगातार नीचे गिरता जा रहा है। नई किस्मों के लिए रासायनिक उवर्रकों और कीटनाशकों की जरूरत होती है जिनके हवा और पानी में मिलने का खतरा है। चावल, गेंहू और गन्ना की फसलें सिंचाई वाले पानी का 75 से 80 प्रतिशत प्रयोग करती हैं। इस स्थिति में जल के ज्यादा समतापूर्ण वितरण हेतु ज्वार, दालों, तिलहन व बागवानी के रूप में कृषि विविधीकरण की आवश्यकता है। इससे टिकाऊ व पर्यावरण हितैषी खेती का विकास होगा जो पोषण में कमी की समस्या से निपटने के लिए सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। दालों, फलों व सब्जियों के बजाय अनाजों और गन्ने पर ज्यादा निर्भरता स्वास्थ्य के लिए ठीक नहीं है। इसके बावजूद कुछ दिग्भ्रमित पर्यावरणविदों ने किसानों को पर्यावरणीय रूप से गैर-टिकाऊ तरीके अपना कर अनाजों के अति-उत्पादन के लिए भ्रमित किया है। ऐसे में संरा एजेंसियों-एफएओ, आईएफएडी, डब्लूएचओ, यूनीसेफ व डब्लू एफपी द्वारा 13 जुलाई, 2020 को जारी दुनिया में खाद्य सुरक्षा व पोषण स्थिति रिपोर्ट पर गौर करना जरूरी हो गया है। रिपोर्ट के अनुसार, कम से कम पांच साल से जारी प्रवृत्ति को देखते हुए कुपोषित लोगों की संख्या 2030 तक 84 करोड़ से अधिक हो जाएगी, जबकि एसडीजी लक्ष्यों के अनुसार इसे शून्य पर लाना है। इसके साथ ही रासायनिक उर्वरकों व कीटनाशकों से पैदा पर्यावरण प्रदूषण का मुद्दा भी है। नाइट्रोजन प्रदूषण से ग्लोबल वार्मिंग भी बढ़ रही है।

किसानों को पहले गेंहू व चावल की उत्पादकता में चार से दस गुना वृद्धि की आवश्यकता बताई गई थी। उन्होंने लगातार उर्वरक व खासकर सस्ती यूरिया का प्रयोग बढ़ाना जारी रखा। इससे मृदा का प्राकृतिक स्वास्थ्य नष्ट हुआ तथा उसे यूरिया का 'नशा' हो गया। उर्वरकों की प्रभावक्षमता घटने के कारण किसान न्यूनतम आवश्यकता के बजाय ज्यादा फसल पैदा होने की उम्मीद में अधिक उर्वरक प्रयोग करने लगे। वैज्ञानिकों ने पाया कि फसलें आमतौर से खेतों में छिड़के जाने वाले उर्वरकों से केवल 30 प्रतिशत नाइट्रोजन प्रयोग करती हैं, जबकि बाकी पर्यावरण में मिल कर स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है तथा ग्लोबल वार्मिंग का कारण बनता है। फसलों तथा पशुपालन को शामिल करने वाली विश्व खाद्य व्यवस्था में 'नाइट्रोजन प्रयोग क्षमता' बहुत कम, केवल 15 प्रतिशत है। इसका अर्थ है कि नाइट्रोजन रसायनों का 85 प्रतिशत हवा या भूमिगत जल में मिल जाता है अथवा सतह पर फैल जाता है। इससे हवा, मृदा व ताजे पानी की गुणवत्ता प्रभावित होती है तथा जलवायु परिवर्तन होता है। इस कारण परिस्थितिकी व मानव स्वास्थ्य पर हानिकारक प्रभाव पड़ता है। नाइट्रस आक्साइड अत्यधिक हानिकारक ग्रीनहाउस गैस है जो कार्बन डाईआक्साइड की तुलना में 300 गुना वातावरणीय गरमी रोकती है। भारत में कृषि के कारण लगभग 70 प्रतिशत नाइट्रस आक्साइड उत्सर्जन होता है। भारतीय नाइट्रोजन आंकलन, 2017 के अनुसार इसमें से 77 प्रतिशत का योगदान उवर्रक व मुख्यतः यूरिया करते हैं। भारत में अनाज 69 प्रतिशत नाइट्रोजन उर्वरकों का प्रयोग करते हैं और इस प्रवृत्ति में 1970 से हर साल लगभग 6 प्रतिशत वृद्धि हो रही है।

यूरिया के अत्यधिक उपयोग तथा उसके पर्यावरण पर पड़ने वाले हानिकारक प्रभावों के कारण नीम-कोटेड यूरिया का महत्वपूर्ण नीतिगत हस्तक्षेप किया गया था। यूरिया पर नीम की कोटिंग से यह पानी में जल्दी नहीं घुलती है तथा मृदा को अतिरिक्त प्राकृतिक कीटनाशक मिलता है। इससे हमें धीरे-धीरे रसायन मुक्त खेती की ओर लौटने का अवसर मिलता है। हम श्रीलंका के रास्ते पर नहीं चल सकते हैं जिसने डालर के गंभीर संकट के कारण रासायनिक उर्वरकों पर प्रतिबंध लगा दिया है। इससे खाद्य उत्पादन प्रभावित हुआ है तथा आपातस्थिति लगानी पड़ी है। रसायन-मुक्त खेती या आर्गेनिक खेती या जीरो बजट प्राकृतिक खेती की ओर परिवर्तन अभी तेज नहीं हुआ है। वर्तमान समय में लगभग 30 लाख किसान 38 लाख हेक्टर कृषि क्षेत्र पर आर्गेनिक खेती करते हैं तथा 7,000 करोड़ की निर्यात व 4,400 करोड़ की घरेलू मांग पूरी करते हैं। घरेलू मांग 17 प्रतिशत की गति से बढ़ रही है। अनुमान है कि आर्गेनिक खाद्य बाजार 2021 के अंत तक 87.1 करोड़ हो जाएगा जो 2016 में 53.3 करोड़ था। आर्गेनिक उत्पादों के निर्यात में पिछले साल की तुलना में 2021 में 42 प्रतिशत वृद्धि हुई है। अप्रैल 2020 से फरवरी 2021 के बीच आर्गेनिक उत्पादों का निर्यात 8,19,250 मीट्रिक टन था जिससे 948 मिलियन डालर मिले।

'श्रेष्ठ नेचुरल बायोप्रोडक्ट' एक टिकाऊ आजीविका उद्यम है जिसने देश के 45,000 से अधिक किसानों को आर्गेनिक खेती से जोड़ा है। कंपनी ने 15 राज्यों में दो लाख एकड़ जमीन पर आर्गेनिक खेती शुरू कराई है। इसके लगभग 200 उत्पाद 10,000 स्टोरों में बेचे जाते हैं तथा '24 मंत्रा' ब्रांड नाम से 50 देशों में निर्यात किए जाते हैं।

# पीएम मोदी की दूरदर्शिता एवं करिश्माई नेतृत्व

> कई कारण हैं कि मोदी ने विश्व स्तर पर वह हासिल किया है जो कई अन्य भारतीय पीएम विफल रहे। उनमें से एक सार्वभौमिक दूरदर्शिता है जिसका श्रेय उन्हें दिया जाता है। वह आगे आने वाली चुनौतियों का पूर्वाभास कर सकता है और उनके लिए समाधान तैयार कर सकता है।

**जासिम मोहम्मद**
(लेखक एक प्रोफेसर एवं नरेंद्र मोदी अध्ययन केंद्र, अलीगढ़ के संस्थापक अध्यक्ष हैं)





**इस** साल 17 सितंबर को, जब प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी 71 वर्ष के हो गए, तो उनके प्रशंसकों ने राजनीतिक रेखाओं को काटते हुए खुद को याद दिलाया कि कैसे वह एक दूरदर्शी और करिश्माई राजनेता साबित हुए हैं, जो दूसरों के लिए अनुकरणीय हैं। यहां तक कि उनके विरोधियों को भी स्वीकार करना होगा कि उनकी सार्वजनिक छवि चमकती है, जैसा कि हाल ही में मॉर्निंग कंसल्ट के सर्वेक्षण से पता चलता है कि उन्हें दुनिया के 13 नेताओं में सबसे लोकप्रिय माना जाता है।

70 प्रतिशत तक की स्वीकृति रेटिंग के साथ, उन्हें सबसे ऊंचे नेता के रूप में ताज पहनाया गया, उसके बाद मैक्सिकन राष्ट्रपति एंड्रेस मैनुअल लोपेज़ ओब्रेडोर 64 प्रतिशत के स्कोर के साथ थे। उनके बाद इटली के प्रधान मंत्री मारियो ड्रैगी (63 प्रतिशत), जर्मन चांसलर एंजेला मर्केल (52 प्रतिशत), अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन (48 प्रतिशत), ऑस्ट्रेलियाई पीएम स्कॉट मॉरिसन (48 प्रतिशत), कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो (45 फीसदी), यूके के पीएम बोरिस जॉनसन (41 फीसदी), ब्राजील के राष्ट्रपति जायर बोल्सोनारो (39 फीसदी), दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति मून जे-इन (38 फीसदी), स्पेन के पीएम पेड्रो सांचेज (35 फीसदी) और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों (34)।

इसमें कोई शक नहीं, 24 सितंबर को जब मोदी क्वाड शिखर सम्मेलन के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका का दौरा करेंगे, तो उनके राष्ट्रपति बाइडेन के राष्ट्रपति बनने के बाद पहली बार अफगानिस्तान सहित विषयों पर द्विपक्षीय वार्ता के लिए राष्ट्रपति बिडेन से मिलने की संभावना है। कई कारण हैं कि मोदी ने विश्व स्तर पर वह हासिल किया है जो कई अन्य भारतीय पीएम विफल रहे। उनमें से एक सार्वभौमिक दूरदर्शिता है जिसका श्रेय उन्हें दिया जाता है। वह आगे आने वाली चुनौतियों का पूर्वाभास कर सकता है और उनके लिए समाधान तैयार कर सकता है। इस गुण ने उन्हें न केवल अपने पूर्ववर्तियों से अलग बना दिया बल्कि उन्हें अन्य शीर्ष विश्व नेताओं से आगे रखा। कोविड-19 महामारी का ही मामला लें, जिसने पिछले साल दुनिया को ठप कर दिया था। घर पर विपक्षी दलों की आलोचना का सामना करते हुए, मोदी एक वैश्विक मसीहा के रूप में उभरे और यह सुनिश्चित करते हुए कि भारतीयों को टीके की आपूर्ति प्रतिकूल रूप से प्रभावित न हो, टीकों के साथ अन्य देशों तक पहुंचें। यदि यह पर्याप्त नहीं था, तो उन्होंने 9 सितंबर को ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की अध्यक्षता में स्वास्थ्य को प्रमुख वैश्विक एजेंडा में बदल दिया। उन्होंने विकास की दुनिया से परे फार्मा और वैक्सीन उत्पादन क्षमताओं में विविधता लाने के द्वारा टीकाकरण की गति और पहुंच को बढ़ाकर 'बिल्डबैक' को तेज करने की आवश्यकता पर बल दिया। ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के मेजबान के रूप में मोदी की एक और बड़ी सफलता आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक रुख और अमेरिका द्वारा सैनिकों की वापसी के बाद अफगानिस्तान में नाटकीय रूप से सामने आई अभूतपूर्व स्थिति के बारे में चीनी राष्ट्रपति शी जिंगपिंग की उपस्थिति में उनकी पुष्टि थी। कम्युनिस्ट चीन के रुख के मद्देनजर, जिसने न केवल व्यावसायिक हितों के लिए बल्कि गुप्त रणनीतिक उद्देश्यों के लिए भी अफगानिस्तान में अपनी उपस्थिति का विस्तार करने के लिए पाकिस्तान के साथ तालिबान के साथ गठबंधन करने का फैसला किया है, एक ऐसा विकास जो भारत के लिए एक गंभीर खतरा पैदा कर सकता है। मोदी चतुराई से चार अन्य देशों को नई दिल्ली घोषणा से जोड़ने में सफल रहे हैं।

संयुक्त प्रस्ताव ने रेखांकित किया : ''हम अफगानिस्तान में नवीनतम घटनाओं का पालन करते हैं। हम हिंसा से बचने और शांतिपूर्ण तरीकों से स्थिति को सुलझाने का आह्वान करते हैं। हम स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए एक समावेशी अंतर-अफगान वार्ता को बढ़ावा देने में योगदान करने की आवश्यकता पर बल देते हैं, देश में नागरिक शांति, कानून और व्यवस्था। हम हामिद करजई काबुल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास आतंकवादी हमलों की कड़ी शब्दों में निंदा करते हैं, जिसके परिणामस्वरूप बड़ी संख्या में मौतें और घायल हुए। हम आतंकवाद से लड़ने की प्राथमिकता को रेखांकित करते हैं, जिसमें आतंकवादी के प्रयासों को रोकना भी शामिल है। संगठनों को अफगान क्षेत्र को आतंकवादी अभयारण्य के रूप में उपयोग करने और अन्य देशों के खिलाफ हमले करने के लिए, साथ ही साथ अफगानिस्तान के भीतर नशीली दवाओं के व्यापार के लिए। हम मानवीय स्थिति को संबोधित करने और महिलाओं, बच्चों और अल्पसंख्यकों सहित मानवाधिकारों को बनाए रखने की आवश्यकता पर जोर देते हैं।'' गौरतलब है कि इससे एक दिन पहले रूस और भारत ने नई दिल्ली में एनएसए स्तर की वार्ता के दौरान अफगानिस्तान पर आपस में समन्वय स्थापित करने पर चर्चा की थी। नई दिल्ली की घोषणा में मोदी की ओर से पाकिस्तान के लिए एक परोक्ष लेकिन कड़ी चेतावनी भी दी गई है, जो ब्रिक्स का हिस्सा नहीं है, लेकिन चीन के साथ जुड़ा हुआ है और तालिबान जैसे आतंकवादी संगठन का समर्थन करके अफगानिस्तान में लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई और भारत के अनुकूल सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए मुख्य रूप से जिम्मेदार है।

## फरमाया



**सत्ता** में आने के 24 घंटे के भीतर आप यूपी में हर एक व्यक्ति को आवासीय उपयोग के लिए 300 यूनिट मुफ्त बिजली मुहैया कराएगी।

– **मनीष सिसोदिया**
दिल्ली के उपमुख्यमंत्री



**हम** किराए की बंदूक की तरह थे। हमें अफ़गानिस्तान में अमेरिका को युद्ध जीत दिलाना था, जो हम कभी नहीं कर सके।

– **इमरान खान**
पाक वज़ीरे आज़म



**दिल्ली-मुंबई** एक्सप्रेसवे से हरियाणा में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और अन्य राज्यों के साथ इसकी कनेक्टिविटी में सुधार होगा।

– **मनोहर लाल खट्टर**
हरियाणा के मुख्यमंत्री

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल से
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।

www.dailypioneer.com

## सामाजिक भेदभाव

**समाज** प्रकृति में क्षणिक है, जो लोगो को अपनी सोच, मानसिकता और जीवन शैली को विकसित करने की मांग करता है। समाज के सच्चे प्रतिनिधि उसके लोग हैं, जिनका कर्तव्य भेदभावपूर्ण रहित प्रत्येक व्यक्ति का सम्मान करना होता है। लेकिन जब हम जमीनी हकीकत देखते हैं तो बात कुछ और ही होती है, लोग समाज में खुद को हैसियत में बांटते नजर आते हैं। दरअसल सामाजिक भेद कई प्रतिभाशाली लोगों की प्रतिभा का गला घोट देता है और ये सिलसिला पीड़ी दर पीड़ी चलता रहता है। यही कारण है की समाज का एक तबका अपनी आकांक्षाओं को कुचलकर जीने पर मजबूर है। असल में भेद का भाव रखना अनुचित कहलाता है, ये समाज को अंदर से खोखला कर देता है तथा सामाजिक मूल्यों को प्रभावित करता है। पिछड़े वर्ग, उनकी क्षमताओं को प्रोत्साहित करने और ऐसी अजीब मानसिकता को हतोत्साहित करने के लिए हमें अपने घरों से ही शुरुआत करने की जरुरत है। ये चीजें पीढ़ी दर पीढ़ी चलती हैं, हमें अपने बच्चों को सिखाना होगा कि किसी भी स्थिति में वह किसी के साथ भेदभाव न करें। समाज के प्रतिनिधि होने के नाते यह हमारा फर्ज है कि हम उस वर्ग को आगे लेकर आए जो पिछड़ा हुआ है।

– **निखिल रस्तोगी,** कुरुक्षेत्र विवि

## फैल रहा आतंक का जाल

**पाकिस्तानी** गुप्तचर एजेंसी आई एस आई समर्थित मॉड्यूल के 6 आतंकियों को ए टी एस ने उप्र के चार शहरों से गिरफ्तार करने के बाद दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल को सौप दिया गया। दिल्ली पुलिस ने यूपी पुलिस को छह आतंकियो के सक्रिय होने की खबर दिया था। मंगलवार को रायबरेली, लखनऊ, प्रतापगढ़ और प्रयागराज में छापे मारी कर 6आतंकियों को गिरफ्तार कर भारी मात्रा में विस्फोटक व असलहे बरामद किया। पकड़े गए जीशान ने पाकिस्तान जाकर आतंकी कंप में प्रशिक्षण लिया था। दिल्ली और यूपी पुलिस लगातार छापेमारी कर कानपुर में आतंकियो को पकड़ने की कोशिश कर रही है। सभी भीड़भाड़ वाले स्थानों पर चेकिंग और संदिग्धों पर नजर रखी जा रही है। पकड़े गए आतंकी आई एस आई व अंडरवर्ड से जुड़े थे। जो देश में खौफनाक संसद जैसी घटनाओं को अंजाम देना चाहते थे। इन आतंकियों को पाक में आतंकी कैम्प में प्रशिक्षण देकर जेहादी बनाया गया था। पाकिस्तान में पाकिस्तान गुप्तचर एजेंसी और सेना लश्कर ए तैयबा व जैश ए मोहम्मद को भी थट्टा इलाके में बने कैम्प में प्रशिक्षण दिया जाता है।

– **कुलदीप मोहन त्रिवेदी,** जरगांव, उन्नाव

## उषा केडिया ने प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर अपनी पंक्तियां प्रस्तुत की

***मेरा सपना***

है रग रग की कोशिकाओं में लहू तेरा भरा
ऐ माँ भारती ,ऐ माँ भारती ,पुत्र हूँ मैं तेरा,
वतन की ख़ातिर जान मैं लुटाऊँगा,
दुश्मनों को धूल मैं चटाऊँगा,
लोकल का वोकल अब मैं बजाऊँगा,
ऐ माँ भारती, ऐ माँ भारती ,पुत्र हूँ मैं तेरा
हर जगह तिरंगा मैं फहराऊँगा
भारत को विश्व विजयी मैं बनाऊँगा
एक नया इतिहास मैं रचाऊँगा
ऐ माँ भारती ऐ माँ भारती पुत्र हूँ मैं तेरा
स्वदेशी का चरखा फिर चलाऊँगा
आत्म निर्भर भारत मैं बनाऊँगा
हर परतंत्रता हटा स्वतंत्रता मैं लाऊंगा
ऐ माँ भारती ऐ माँ भारती पुत्र हूँ मैं तेरा
भारत में फिर से राम राज्य मैं लाऊँगा
अयोध्या में राम मंदिर मैं बनवाऊँगा
पाँच सौ सालो का कलंक मैं मिटाऊँगा
ऐ माँ भारती ,ऐ माँ भारती, पुत्र हु मैं तेरा



उषा केडिया

# विधायक आशीष छाबड़ा के कर कमलों से हुआ लाखो रुपए के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण

पायनियर संवाददाता ▸ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



बेरला ब्लाक के ग्राम कठिया के आयोजित विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण एव सांस्कृतिक कार्यक्रम में मुख्यअतिथि आशीष छाबड़ा विधायक थे, सर्वप्रथम अतिथगणो के द्वारा भगान देव शिल्पी विश्वकर्मा की पूजा अर्चना किए। विधायक आशीष छाबड़ा के कर कमलों से हाई स्कूल में आहता निर्माण कार्य 10 लाख,सुगम सड़क योजना अंतर्गत पहुंच मार्ग निर्माण कार्य 20 लाख, दुर्गा मंच, सतनाम मंच 05 लाख रूपये ने विभिन्न विकास कार्यो का फीता काट लोकार्पण किए इस अवसर पर विधायक आशीष छाबड़ा ने ग्रामवासियो को संबोधित करते हुए कहा की भगवान गणेश चतुर्थी व भगवान विश्वकर्मा जयंती सहित विभिन्न विकास कार्यो के लोकार्पण का भव्य आयोजन रखा गया है, छत्तीसगढ़ की कला संस्कृति हमारी धरोहर है, छत्तीसगढ़ की पहचान न केवल भारत वर्ष में अपितु विदेशो में भी है, प्रदेश में जब से यसस्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल बने है तब से प्रदेश की खुशहाली, एकजुटता, विकास हमारी बोली भाखा को आगे बढ़ाने का काम कर रहे है,पूरे विश्व में प्रसिद्ध हमारे भारत की सस्कृति है, देश में हमारे छत्तीसगढ़ की सस्कृति की अलग ही पहचान है। छत्तीसगढ़ की संस्कृति को संरक्षित करने और सहेजने का काम छत्तीसगढ़ की संस्कृति, परम्परा को सहेजने का काम छत्तीसगढ़ी संस्कृति को बढ़ावा देने के साथ यहा के तीज-त्यौहारों में शासकीय अवकाश देने की शुरूआत मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में प्रदेश की कांग्रेस पार्टी की सरकार ने की है, आज ग्राम कठिया में लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम अनुराग धारा कविता वासनिक का भव्य कार्यक्रम होना है, छत्तीसगढ़ की स्वर कोकीला के नाम से मशहूर कविता वासनिक ने छत्तीसगढ़ी लोक गीतों को देश में अलग पहचान दी,वह छत्तीसगढ़ राज्य अलंकरण से भी पुरस्कृत है अविभाजीत मध्यप्रदेश के समय से ही छत्तीसगढ़ की मांग में छत्तीसगढ़ी की लोक गीतों की अहम भूमिका रही है, जिसमें कविता वासनिक के गाये गीत लोगों को इस माटी के संस्कृति से जोड़ती है और वही कविता के गीत आज प्रदेश ही नहीं पूरे देश में सुने जाते है जिसका परिणाम है कि राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने उन्हें छत्तीसगढ़ अलंकरण से पुरस्कृत किया। कविता वासनिक अपने सुमधुर आवाज और गीतों से राज्य के आकाशवाणी केन्द्र को लगातार कई वर्षों से सुशोभित करते आ रही है वही अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बीबीसी में पहली छत्तीसगढ़ी गायिका बनी जिसकी आवाज पूरे विश्व में गूंजी छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा विलुप्त होती जा रही प्राचीन ग्रामीण परंपराओं का पुनर्जीवित करने का कार्य किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ देश का एकमात्र ऐसा राज्य है जहां गोबर खरीदी जैसी अनूठी योजना चलाई जा रही है। गोधन न्याय योजना पशुपालकों के हित में लिया गया ऐसा निर्णय है जिससे उन्हें वित्तीय मदद के साथ-साथ रोजगार भी मिल रहा है एवं वे आर्थिक रूप से सुदृढ़ हो रहे है। गोधन न्याय योजना एक बहुआयामी योजना है जिससे बहुत सारे उद्देश्यों की पूर्ति हो रही है। प्रत्येक ग्राम पंचायत में गौठान बनाए जा रहे हैं। जिनसे स्थानीय स्तर पर ग्रामीणों को रोजगार उपलब्ध हो रहा है एवं गौठान रोजगार मूलक गतिविधियों का केन्द्र बन गए हैं। स्थानीय स्तर पर रोजगार मिलने से पलायन पर भी अकुंश लगेगा गोधन न्याय योजना के तहत भुगतान के लिए एक ऐप भी बनाया गया है।

## किशोर न्याय संरक्षण अधिनियम के तहत बच्चो की पहचान उजागर नही

**बेमेतरा।** महिला एवं बाल विकास विभाग बेमेतरा द्वारा किशोर न्याय (बालको की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम 2105 की धारा 74 के अंतर्गत बालकों की पहचान करने पर प्रतिशेध किया गया है। अधिनियम की धारा 74 मे उल्लेख है कि -(1) तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य विधि के अधीन किसी जांच अथवा अन्वेशण अथवा न्यायिक प्रकिया के संबंध मे कोई रिपोर्ट किसी समाचार पत्र, पत्रिका, न्यूज शीट अथवा श्रव्य दृश्य मीडिया अथवा संसूचना के अन्य रूप मे विधि के विरोध मे बालको अथवा देखभाल तथा संरक्षण की आवश्यकता मे बालक अथवा बालक पीड़ित व्यक्ति अथवा ऐसे मामले मे शामिल अपराध का साक्षी का नाम पता अथवा स्कूल अथवा कोई विशिष्ट प्रकट नही करेगा, न तो ऐसे किसी बालक की तस्वीर को प्रकाशित करेगा। परन्तु यह कि लेखबद्ध कारणों से जांच करने वाला बोर्ड अथवा समिति ऐसे प्रकटन का अनुज्ञात कर सकेगा यदि उसकी राय मे ऐसा प्रकटन बालक के सर्वोतम हित में है। पुलिस ऐसे मामलों मे जहां मामले को समाप्त निस्तारित नही किया गया है।

# दुष्कर्म का फरार आरोपी चढ़ा पंडरिया पुलिस के हत्थे

**पीड़ित को शादी का प्रलोभन देकर करता रहा दुष्कर्म**

पायनियर संवाददाता ▸ कवर्धा
www.dailypioneer.com



कबीरधाम पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के द्वारा जिले के समस्त थाना एवं चौकी प्रभारियों को महिला संबंधी अपराधों का जल्द से जल्द निराकरण कर आरोपियों के विरुद्ध उचित वैधानिक कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है। इसी तारतम्य में पुलिस अनुविभागीय अधिकारी पंडरिया नरेन्द्र कुमार बेंताल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी पंडरिया निरीक्षक मुकेश यादव के कुशल नेतृत्व में दुष्कर्म के आरोपी को पकड़ने में पुलिस टीम को सफलता मिला है। प्रार्थीया द्वारा दिनांक-10/09/2021 को थाना पंडरिया आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि आरोपी अभिषेक जायसवाल पिता ठाकुर राम जायसवाल उम्र 19 वर्ष साकिन पेण्ड्रीखुर्द थाना पण्डरिया जिला कबीरधाम के द्वारा मुझसे शादी करने का झांसा देकर लगातार मेरे साथ शारीरिक संबंध बनाया है। और अब मुझसे शादी करने से इनकार कर रहा है, की रिपोर्ट पर थाना पंडरिया में अपराध क्रमांक 305/2021 धारा 376 (2) (ढ) भा.द.वि. पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया मामले के गंभीरता को देखते हुए, थाना प्रभारी पंडरिया के कुशल नेतृत्व में दुष्कर्म के फरार आरोपीयों के पतासाजी हेतु विशेष टीम गठित कर, फरार आरोपी अभिषेक जायसवाल पिता ठाकुर राम जायसवाल उम्र 19 वर्ष साकिन पेण्ड्रीखुर्द थाना पण्डरिया जिला कबीरधाम जो लगातार फरार चल रहा था जिसे पुलिस टीम द्वारा पता तलाश कर दिनांक 18/09/2021 को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी पंडरिया निरीक्षक मुकेश यादव के कुशल नेतृत्व में थाना टीम से सहायक उपनिरीक्षक उमा उपाध्याय, प्रधान आरक्षक बंदे सिंह मेरावी, आरक्षक ओमप्रकाश धुर्वे, प्रभाकर बंछोर, द्वारिका चंद्रवंशी, ईश्वर चंद्रवंशी, अजय चंद्रवंशी थाना पांडातराई, हेमंत भट्ट, का सराहनीय योगदान रहा।

# दल्लीराजहरा शहर को विकसित करने व्यापारियों ने सौपा मंत्री अनिला भेडिया को ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ▸ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



दल्लीराजहरा शहर में व्यापारी संघ के शपथ ग्रहण समारोह में पहुंची कैबिनेट मंत्री अनिला भेड़िया मंत्री छत्तीसगढ़ शासन को व्यापारियों ने निवेदन किया कि दल्ली राजहरा नगर जो कि बालोद जिले का सबसे ज्यादा आबादी वाला शहर है परन्तु इसे पूर्ण रूप से उपेक्षित किया जा रहा है। जिससे इस शहर की जनसंख्या को कि पूर्व में एक लाख तीस हजार से ज्यादा थी। वह अब घटते हुए करीब चालीस हजार तक पहुंच गई है। इस शहर का कोई विकास नहीं हुआ। शहर विकास एवं रोजगार के अभाव में लोगों का पलायन जारी है। इस शहर को उजड़ने से बचाने एवं विकसित बनाने के लिये आग्रह है कि निम्न मांगों को पूरा कर अनुग्रहित करेंगे. आवश्यकता की पूर्ति हो सके। दल्लीराजहरा वार्ड क्रमांक 17 में ओपीडी की जो सुविधा दी गई है, उसके लिये आपका आभार साथ ही साथ उसी भवन में मरीजों की भर्ती एवं पैथोलॉजी लैब की सुविधा का आभाव है जिसके विस्तारीकरण से शहर एवं आस पास के ग्रामीण क्षेत्रों को लोगों को चिकित्सा का संपूर्ण लाभ मिल सके। दल्लीराजहरा को एक औद्योगिक क्षेत्र का निर्माण दल्ली राजहरा के आस पास क्षेत्र में हो ताकि यहाँ छोटे एवं मध्यम श्रेणी के उद्योग स्थापित हो सके जिससे स्थानीय एवं आसपास के निवासियों को काम मिल सके। इससे पलायन रूकेगा और दल्ली राजहरा एवं आसपास के क्षेत्र का विकास होगा। मेडिकल तथा इंजीनियर कॉलेज की स्थापना हो ताकि उच्च शिक्षा के लिये लोगों को बाहर न जाना पड़े। केन्द्रीय विद्यालय जो कि दल्ली राजहरा शहर के प्रस्तावित था उसे यहां अविलंब चालू कराया जाये। जिससे यहां की जनता की आधारभूत शिक्षा की आवश्यकता की पूर्ति हो सके। - यहां की जमींन खरीदी बिक्री के लिये रजिस्ट्री की प्रक्रिया को सरल किया जाये। ताकि यहां के आस पास के लोग जमींन खरीद कर निर्माण कर विकास में सहयोग कर सके। शहर मे आए दिन हो रही दुर्घटनाओं से निजात पाने हेतु बायपास सड़क की मांग को गंभीरता से लेने की कृपा करें तथा बाईपास सड़क का निर्माण शीघ्र आरंभ करवाया जाए। आशा है कि उपरोक्त सभी मांगो की पूर्ति कर शहर के विकास में सहभागिता प्रदान करें। यह ज्ञापन अच्छी गढ़ छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स की दल्लीराजहरा इकाई की ओर से शंकरलाल कुकरेजा कन्हैया लाल कुकरेजा, रतन चोपड़ा आदी लोगों ने दिया।

# किसान नेता ने भिम्भौरी में की गणेश की पूजा अर्चना, क्षेत्रवासियों के खुशहाली की कामना



पायनियर संवाददाता ▸ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम भिम्भौरी में किसान नेता योगेश तिवारी ने गणेश पंडाल में भगवान गणेश की विशेष पूजा अर्चना कर क्षेत्रवासियों की खुशहाली की कामना की। इस दौरान किसान नेता ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान गणेश हिंदुओं के देवता हैं और इन्हें विवेक, शक्ति और तर्क का देवता माना जाता है। गणेश, शंकर, विष्णु, सूर्य और मां भगवती इन पंचदेवों में इन्हें प्रथम स्थान प्राप्त है। ऐसा विश्वास है कि इस दिन भगवान गणेश का विशेष पूजन, अर्चन और स्तवन करने से वे अतिशीघ्र ही प्रसन्न हो जाते हैं और उपासक को सब प्रकार की सिद्धियों की प्राप्ति करवाते हैं। इस अवसर पर समिति की ओर से आयोजित मानस गान में शामिल हुए। इस दौरान गणेश उत्सव समिति के द्वारा मानस गान का कार्यक्रम रखा गया ईस कार्यक्रम के मुख्य अत्तिथी किसान नेता आदरणीय योगेश तिवारी ग्राम सभा अध्यक्ष कुंजलला साहू, उप सरपंच देवप्रकाश वर्मा, राजू साहू, लखन चक्रधारी, बल्ला वर्मा, हमेश साहू, ऋषभ साहू, गोलू सिन्हा, दिनेश धीवर, मुकेश धीवर आदि उपस्थित थे।

# देखरेख के अभाव में लाखों रुपए खर्च किए गए स्थल बन गया असामाजिक तत्वों का अड्डा

पायनियर संवाददाता ▸ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



नगर के तलाब सुंदरीकरण के लिए लाखों रुपया खर्च करने के बाद भी अब वहां पर देखरेख नहीं होने के कारण असामाजिक तत्वों का सुबह से लेकर देर रात तक के अड्डा बना रहता है जिससे वहां पर आने जाने में खासकर महिलाओं को आने-जाने में कई बार परेशानी का सामना करना पड़ता है वही वहां देख ले कि नहीं होने से आवारा मवेशी भी वहां अपना डेरा जमाए रहते हैं कईयहा तालाब और बीच तालाब दोनों तालाबों का को सुंदर बनाने के लिए नगर पालिका के परिषद के द्वारा समय-समय पर आवश्यकता अनुसार वहां लाखों रुपया खर्च किया गया है ताकि नगर का तलाव का सुंदरीकरण हो जाय उसके बाद उसके देखरेख करने की भी कोई व्यवस्था नहीं होने के कारण लोग इसका जमकर फायदा उठा रहे हैं, इस संबंधी जानकारी के अनुसार यह तालाब से लेकर 20 तक के बीच तक सुंदरीकरण करने के लिए आश्रम संसार समग्री का उपयोग किया गया है इसके अलावा गढ़ कलेवा के नाम पर भी वहां चौपाटी बनाने की योजना प्रस्तावित थी जहां पर अभी काम जारी है किंतु वहां पर फिलहाल करना संक्रमण के कारण काम बंद होने के कारण वहां पर काम किंतु वहां पर अन्य सुंदरीकरण के लिए निर्माण किए गए विभिन्न स्थानों में खर्च करने के बाद उसकी देखरेख करने के लिए किसी भी व्यक्ति की नियुक्ति नहीं हो पाई है जिसके कारण वहां पर सुबह से लेकर देर रात तक कई ऐसे असामाजिक तत्व का बना रहता है जो अपने हिसाब से वहां पर अपनी मनमानी करते हुए रहते हैं इसका प्रत्यक्ष प्रमाण कुछ स्थानों पर शराब के बोतल की टुटे बोतल पानी पाउच डिस्पोजल यत्र तत्र सर्वत्र बिखरा हुआ दिखाई देता है। पैदल आने-जाने के लिए हो रहा है तालाब पार का उपयोग जब से रायपुर से शहर में के नेशनल हाईवे पर सड़क में निर्माण प्रारंभ हुआ है जिसके कारण गाड़ी वाहनों के आने-जाने के दौरान सड़कों पर धूल उठने के कारण लोग धूल से बचने के लिए इन दिनों पिकरी से बेमेतरा पैदल आने जाने वाले लोग दोनों तलाब के पार का उपयोग कर रहे हैं।

# भाजपा के कार्यकर्ताओं ने दल्ली राजहरा नगर में विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया

पायनियर संवाददाता ▸ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

दल्लीराजहरा भारतीय जनता पार्टी के सेवा समर्पण अभियान के तहत प्रदेश एवं जिला संगठन के निर्देशानुसार दल्लीराजहरा मंडल के अध्यक्ष गोविंद वाधवानी के मार्गदर्शन में एवं प्रभारी किरण सिन्हा व सहप्रभारी दमन दीप सिंह के साथ भाजपा के कार्यकर्ताओं ने दल्ली राजहरा नगर में विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम तहत सर्वप्रथम मंडल अध्यक्ष के निवास में केक काटकर प्रधानमंत्री के दीर्घायु की कामना की गई ।इसके पश्चात मंडल अध्यक्ष गोविंद वाधवानी के मार्गदर्शन एवं कार्यक्रम प्रभारी किरण सिन्हा के द्वारा नगर के आरोग्य अस्पताल, शासकीय अस्पताल एवं कोविड सेंटर के मरीज एवं कर्मचारियों को फल वितरण किया गया ।नगर के टीकाकरण केंद्र में जाकर लोगो को जागरूक एवेरीव्हेरे प्रोत्साहित किया गया, तत्पश्चात नगर के श्रमवीर चौक में लोगो को मिठाई बांट शुभकामनाएं दी गयी। मंडल अध्यक्ष गोविंद वाधवानी ने कहा कि देश हित मे ठोस कदम उठाकर निर्णय लेने वाले नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस को यादगार बनने के लिए कार्यकर्ताओं के द्वारा मिलकर सेवा सप्ताह के रूप में जनता के बीच में जाकर लोगों की सेवा की जावेगी। वृक्षारोपण, रक्तदान, स्वास्थ्य शिविर, टीकाकरण जागरूकता अभियान जैसे शिविर भी लगाए जाएंगे । जिससे हर व्यक्ति को लाभ पहुंच सके।भाजपा महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष किरण सिन्हा ने बताया कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 71 वें जन्मदिन पर भाजपा कार्यकर्ताओं में अभूतपूर्व उत्साह व्याप्त है।

भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता सेवा एवं समर्पण के अभियान को आगे बढ़ा रहे हैं। आज भाजपा के कार्यकर्ताओं ने भी बीमार लोगों की सेवा का संकल्प लिया है । जिला कोषाध्यक्ष सुदेश सिंह ने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री के कार्यो को आजीवन याद रखा जाएगा।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया



**थान खमरिया।** भारतीय जनता पार्टी थान खमरिया मंडल द्वारा देश के यशश्वी प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र दामोदर दास मोदी का 71 वां जन्म दिवस थान खम्हरिया शक्ति केन्द्र वार्ड क्र 02 में हर्सो उल्लास एवं केक काटकर मनाया गया। इस अवसर पर भारतीय सेना में पदस्थ हमारे नौजवान साथी भाई उत्तम धुर्वे का श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया, इस मौके पर सभी वरिष्ठों ने मोदी के जन्म दिन पर बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेसित किया गया,उक्त कार्यक्रम में जिला भाजपा अध्यक्ष ओम प्रकाश जोशी के अनुशंसा व प्रेरणा पर नगर पंचायत अध्यक्ष अंजना ठाकुर, भाजपा मंडल अध्यक्ष तोरण यादव, जिला पंचायत सदस्य गोवेन्द पटेल, मंडल महामंत्री राजेश ठाकुर, पूरन कश्यप, सरिता जैन, पांडे मैडम, राजेश सिंघानिया, अनिल सिंघानिया, विनय परमार, चंद्रशेखर सिंह राजपूत, दौलत नाथ योगी, संजय पटेल, मुकेश सिंघानिया, राघवेंद्र सिंह, राजेश राजपूत, पूर्व पार्षद रोहित भारती भोजराज सिंह, प्यारेलाल सिन्हा, पार्षद विजय शर्मा, मनीष कंकड़वाल, संतोष तेली, गिरधारी देवांगन, रामसनेही नामदेव, युवराज साहू, चेतन सिन्हा, बलीराम, श्याम चरण,वन गंधर्व, दुकालू यादव, गंगा राम साहू, रितिक शर्मा, अज्जू राजपूत, राधेश्याम गंधर्व, ईश्वर निर्मलकर, धीरज शर्मा, रोहित यादव, रजत शर्मा, सोनू सेन, विनोद साहू सहित मण्डल के वरिष्ठ एवं प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कृषि विज्ञान केंद्र बेमेतरा मे वृक्षारोपण सह राष्ट्रीय पोषण वाटिका कार्यक्रम का हुआ आयोजन

पायनियर संवाददाता ▸ कवर्धा
www.dailypioneer.com



कृषि विज्ञान केंद्र बेमेतरा एवं कृषको के संयुक्त तत्वाधान में भारत का अमृत महोत्सव एवं वृक्षारोपण सह राष्टीय पोषण वाटिका कार्यक्रम का आयोजन निदेशक कृषि प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग अनुसंधान संस्थान (अटारी) जबलपुर के निर्देशानुसार तथा डॉक्टर एस.सी मुखर्जी निदेशक विस्तार सेवाएं इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर एवं डॉ. रंजीत सिंह राजपूत वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख कृषि विज्ञान केंद्र बेमेतरा के मार्गदर्शन में कृषि विज्ञान केंद्र बेमेतरा तथा कृषक भारती को ऑपरेटिव लिमिटेड रायपुर (कृषको) के संयुक्त तत्वाधान में कृषि विज्ञान केंद्र बेमेतरा में 17 सितंबर 2021 को राष्ट्रीय पोषण वाटिका एवं वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत प्रशिक्षण सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें उपसंचालक कृषि एम.डी. मानकर एवं अध्यक्ष के रुप में आशुतोष चंद्राकर सहा. प्रबंधक रायपुर तथा टिकूराम साहू, सरपंच ग्राम पंचायत झालम उपस्थित थे।

कार्यक्रम की शुरुआत तोषण कुमार ठाकुर वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केंद्र बेमेतरा के द्वाराकिया गया। जिसमें टिकाऊ खेती एवं ग्रामीण आजीविका मिशन पर पौधरोपण के महत्व के विषय पर व्याख्यान के साथ हुआ तत्पश्चात केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. वेधिका साहू ने मानव स्वास्थ्य पर पोषकीय अनाज व उसके महत्व के बारे में उपस्थित कृषकों एवं महिलाओं को जानकारी दी।

आशुतोष चंद्राकर द्वारा स्वच्छ पर्यावरण एवं अच्छे स्वास्थ्य के लिए पारंपरिक कृषि की उपयोगिता के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान किया गया। मानकर ने उपस्थित कृषकों को प्रत्येक वर्ष वृक्षारोपण के लिए प्रेरित किया।

**विश्वकर्मा सामुदायिक भवन सहित 4.50 लाख रूपए विकास कार्यों की घोषणा**

# बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा विश्वकर्मा जयंती समारोह में हुए शामिल

पायनियर संवाददाता ▸ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ब्लाक बेरला के ग्राम पंचायत कुसमी में रांका राज जौग क्षेरिया विश्वकर्मा समाज द्वारा आयोजित भगवान विश्वकर्मा जयंती समारोह में मुख्यआतिथ्य आशीष छाबड़ा शामिल हुए। सर्वप्रथम अतिथिगणों के द्वारा पूरे विधिविधान से पूजा पाठ किए, इस अवसर पर विधायक आशीष छाबड़ा ने संबोधित करते हुए कहा कि ग्राम कुसमी में रांका राज जौग क्षेरिया विश्वकर्मा समाज द्वारा भगवान विश्वकर्मा जयंती भव्य समारोह का आयोजन रखा गया है,किसान और खेती राज्य की असल पूजी है, मुख्यमंत्री भुपेश बघेल राज्य के विकास की असल पूंजी को सहेज रहे है, छत्तीसगढ़ देश का पहला राज्य है जिसने किसानो को संकट से उबारने के लिए उन्हें सीधे मदद दी है, किसान हितैषी नीतियों के चलते खेती किसानी के रकबे और किसानों की संख्या में इजाफा हुआ है प्रदेश की कांग्रेस पार्टी की सरकार किसानो की सरकार है,जो लगातार किसानो की खुशहाली, समृद्धि, विकास के लिए काम कर रही है प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के कुशल नेतृत्व में प्रदेश में 21 मई 2020 को राजीव गांधी किसान न्याय योजना की शुरुआत की और साल भर के भीतर चार किस्तों में पूरी राशि 05 हजार 628 करोड़ रूपये का भुक्तान 18 लाख 45 हजार किसानों के सीधे खाते दिया गया, जो लोग पहले चार किश्तों में राशि देने को लेकर आपत्ती कर रहे थे,उन लोगो ने कोरोना संकट काल को देखते हुए यह कहना शुरू कर दिया था कि खरीफ फसल 2021 में धान बेचने वाले किसानो को राजीव गांधी किसान न्याय योजना ला लाभ नहीं दिया जायेगा, लेकिन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं पूरे मंत्री मंडल के सदस्यों ने राजीव गांधी किसान न्याय योजना 2021 के लिए बकायदा बजट में 05 हजार 703 करोड़ रूपये का प्रावधान किया और विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी राजीव गांधी के शहादत दिवस पर ठीक पिछली बार की तरह पहली किश्त की राशि 1500 करोड़ रूपये का भुक्तान सीधे किसान साथियों के खाते में किया गया,यह योजना हमारी प्रदेश सरकार की किसान हितैषी सोच को सफा- साफ दर्शाता है,इससे प्रदेश में किसानो की आय बढेगी और आर्थिक रूप से सक्षम बनेगे इस योजना से प्रदेश के किसानों के विकास के लिए मिल का पत्थर साबित हुआ, पूरा देश मे किसी भी प्रदेश में धान का समर्थन मूल्य 2500 रुपये नहीं दे रहे है,धान का समर्थन मूल्य अगर कोई दे रहे वो प्रदेश के सरकार भुपेश बघेल के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी की सरकार दे रहीं है,किसानों के पीढ़ा को अच्छे से जानते है समझते है,अन्नदाता किसान दिन रात मेहनत कर अन्न उगाते है,किसानो की पीढ़ा को जो सझता है वो प्रदेश की कांग्रेस की सरकार है, मुख्यमंत्री भुपेश बघेल का मनना है अगर प्रदेश में किसानों को आर्थिक दृष्टि से मजबूत होगा तभी प्रदेश मजबूत होगा,वर्तमान में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने एव किसानो को शसक्त बनाने हेतु खेती के विकास पर ध्यान केंद्रित किया गया है,प्रदेश की आत्मा गांवों में बसती है।

# मोदी के जन्मदिन पर स्कूली विद्यार्थियों को फल बांटा गया

पायनियर संवाददाता ▸ थानखमरिया
www.dailypioneer.com



नगर पंचायत परपोड़ी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन मनाया गया, भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष बेमेतरा जोशी के दिशा निर्देश में सुनीता हीरालाल साहू अध्यक्ष जिला पंचायत बेमेतरा। भाजपा परपोड़ी मंडल ने प्रधान सेवक नरेंद्र मोदी का जन्मदिन परपोड़ी चौक मे केक काटकर व बालक प्राथमिक शाला परपोड़ी में बच्चों को फल, बिस्किट्स वितरण, परपोड़ी उप स्वास्थ्य केंद्र और पुलिस थाना में मोमेंटो से सम्मान किया गया।जिसमें प्रमुख रुप से जिला पंचायत अध्यक्ष बेमेतरा सुनीता हीरा लाल साहू उपस्थित रही। परपोड़ी मंडल प्रभारी एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य महिला मोर्चा सरिता जैन प्रदेश, नगर पंचायत अध्यक्ष थानखम्हरिया एवं भाजपा महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अंजना राजेश ठाकुर, हीरालाल साहू, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य महिला मोर्चा मधु राजपूत, राजेश देवांगन, सतीस जैन, नारद वर्मा, सरिता देवांगन, संतु देवांगन, चंद्र प्रकाश शर्मा, श्रीराजेश देवांगन, दिलीप पटेल, राजू राव, चंद्रशेखर सिंह राजपूत खमरिया मंडल, दिनेश साहू धौराभाठा, उमेश सिन्हा, नंदिनी पटेल, मंगल मंगल साहूबड़े संख्या में भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर दिव्यांगों को ट्रायसायकिल का वितरण किया विधायक चंदेल

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com

छ.ग. विधान सभा के पूर्व उपाध्यक्ष, भाजपा के प्रदेष महामंत्री एवं जांजगीर चाम्पा क्षेत्र के विधायक नारायण चंदेल क्षेत्र के दिव्यांगों को मोजराईज्ड ट्रायसायकिल का वितरण किया। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर सेवा और समर्पण कार्यक्रम के तहत किया गया है। आज प्रातः विधायक चंदेल ने अपने जनसंपर्क कार्यालय रेल्वे स्टेशन चौक जांजगीर-नैला में एक सादे समारोह में दिव्यांगों को मोटराईज्ड ट्रायसायकल का वितरण अपने हाथों से किया तथा सभी दिव्यांगों का उन्होंने पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन की सभी को बधाई एवं षुभकामनाएं दी तथा सभी को उन्होंने स्वल्पाहर की कराया। विधायक चंदेल ने दिव्यांग नफीजा खान ग्राम पाली, प्रेम कुमार साहू ग्राम मेंहन्दा, दीनदयाल सूर्यवंषी ग्राम खोखरा, अरविंद कुमार ग्राम मरकाडीह, सुमन यादव ग्राम कन्हाईबंद, तीज बाई साहू ग्राम नवापारा (अमोदा) से व्यक्तिगत रूप से बातचीत किया एवं परिवार का हालचाल पूछा तथा सभी लोगों को उन्होंने



अनाज रखने के लिये झोला का वितरण किया। इस अवसर पर सभी दिव्यांगों को ट्रायसायकल प्राप्त होने पर उनके चेहरे में खुशी के भाव देखे गये।

इसके साथ ही उन्होंने अनेक वृद्धजनों को जिन्हे आंषिक रूप से कम सुनाई देता है, जो कम सुनने की बीमारी से ग्रसित है ऐसे गरीब लोगों को उन्होंने श्रवण यंत्र प्रदान किया तथा आये हुए नागरिकों से कहा कि ऐसे जितने भी हो जिन्हे ट्रायसायकल, बैशाखी, श्रवण यंत्री एवं अन्य कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण की आवष्यकता हो वे उन्हें आवेदन दे उनकों भी ये सभी आवष्यक सहायक उपकरण प्रदान किया जायेगा। भाजपा नगर मण्डल जांजगीर-नैला द्वारा आयोजित प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन के अवसर पर विधायक चंदेल के जनसंपर्क कार्यालय के सामने केक काटा गया तथा मिश्ठान का वितरण भी किया गया। विधायक चंदेल प्रातः नगर मण्डल द्वारा आयोजित रेल्वे स्टेशन परिसर जांजगीर-नैला में स्वच्छता अभियान के कार्यक्रम में शामिल हुए।

चंदेल राजमिस्त्री कल्याण संघ के पण्डालों में जाकर उन्हें भगवान विश्वकर्मा जयंती की बधाई एवं शुभकामनाएं दी तथा भगवान विष्वकर्मा जी का पूजा अर्चना किया। भाजपा जिला कर्यालय जांजगीर में जिला भाजयुमो द्वारा नवा भारत के युवा दर्शन पर आयोजित युवा संगोश्ठी के कार्यक्रम व मोदी मेला के कार्यक्रम में षामिल हुए। प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन के अवसर पर भाजपा महिला मोर्चा द्वारा आयोजित जिला हॉस्पिटल जांजगीर में मरीजों को फल वितरण कार्यक्रम में भी षामिल हुए तथा मरीजों को फल का वितरण किया तथा उनका कुशल क्षेम पूछा। इस अवसर पर भाजपा के जिला महामंत्री पुरूशोत्तम शर्मा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष विवेका गोपाल, जांजगीर-नैला नगर मण्डल अध्यक्ष एवं नपाप. उपाध्यक्ष आशुतोश गोस्वामी, चाम्पा नगर मण्डल अध्यक्ष गणेश श्रीवास, महामंत्री द्वय अमित यादव, अजीत गढ़वाल, हितेष यादव, शिवचमन सिंह, राजेन्द्र तिवारी, पुश्पेन्द्र निर्मलकर, मणिकांत अग्रवाल, भाजयुमों नगर अध्यक्ष दिनेश राठौर, पलाश चंदेल, सतीष शर्मा, लेखराम साहू, प्रदीप राठौर, योगेश चौरसिया, अमित सोमा राठौर, हरि सोनवानी, षैल राठौर, सोनू यादव, महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष प्रेमलता कौषिक, मधु राठौर, गोलू दुबे, गजानंद ध्रुव, षिव कष्यप, रमेश सोनवानी, देवानंद गड़वाल, लक्ष्मी सारथी सहित बड़ी संख्या में भाजपा के कार्यकर्तागण व जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

# भाजयुमो नगर मंडल ने मोदी का जन्म दिवस मनाया

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता युवा मोर्चा सक्ती मगर मंडल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्म दिवस का कार्यक्रम 17 सितंबर को शाम 6 बजे अग्रसेन चौक में आयोजन किया जिसमें सभी युवाओं में मोदी को लेकर एक अलग से उत्साह देखने को मिला भाजयूमो कार्यकर्ताओं ने ताशा बजवाकर फटाके फोड़ कर केक काटा कार्यक्रम का संचालन भाजयूमो के महामंत्री हर्ष देवांगन ने किया वही युवा मोर्चा के पूर्व ज़िलाउपाध्यक्ष संजय कश्यप ने सभी कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए कहा की नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज हमारे देश का नाम पूरे विश्व में एक शक्तिशाली देश के रूप में जाना जाता है वही भाजयुमो अध्यक्ष अंकित अग्रवाल ने भारत माता की जय और नरेंद्र मोदी ज़िंदाबाद का नारा लगवाकर कार्यकर्ताओं का उत्साह और बढ़ाया और कार्यकर्ताओं को नरेंद्र मोदी जी योजना के बारे में बताया वही भाजयुमो के उपाध्यक्ष लाखन नामदेव और मुकेश खूँटे ने कहा की मोदी देश के हित में निर्णय ले रहे है वही भाजपा के वरिष्ठो ने भी अपना विचार रखा इस कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ रामवतार अग्रवाल, प्रीतम गवेल, आयोध्या देवांगन, प्रदीप गुप्ता, कमलेश जांगड़े, अन्नपूर्णा राठोर, जिला पंचायत सदस्य टिकेश्वर गवेल, भाजपा मंडल अध्यक्ष अनूप अग्रवाल, महामंत्री राम नरेश यादव, अमन डालमिया, उपाध्यक्ष गोविंद देवांगन झुग्गी झोपड़ी रंजन सिन्हा, नेता प्रतिपक्ष धनंजय नामदेव, मांगेराम अग्रवाल, दीपक गुप्ता, सुरेश कृपलानी, दादू केवट, भाजयूमो के गोविन्दा निराला, उमेश देवांगन, राजीव अग्रवाल, गोपाल गौतम, हरीश रात्रे, नरेंद्र रात्रे, मनोज सिसोदिया, राजा सोनी आबिद खान भागवत देवांगन प्रेम पटेल नटवर गोढ प्रमेन्द्र ठाकुर सागर रात्र भरत पटेल सत्येंद्र सोनी अभिषेक बंसल पिंटू यादव सूर्य प्रकाश गुप्ता बब्बू सिंह राजपूत महिला मोर्चा के पुर्स्पेंडरि कसेरा चंचला देवांगन कावेरी लक्ष्मी बाई एवं सभी मोर्चा प्रकोष्ठ के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए कार्यक्रम के अंत में भाजयूमो के मंत्री परमेश्वर साहू ने सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

# प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर भाजपाइयों ने किया फल वितरण




पायनियर संवाददाता < कोटा
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी करगी रोड कोटा मंडल के द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी का जन्म उत्सव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोटा में फल वितरण कर सभी को वैक्सीन हेतु प्रेरित किया गया।

मोदी के जन्म उत्सव पर वैक्सीन की महत्ता बताई गई साथ ही वेंकट लाल अग्रवाल के निवास पर भाजपा मंडल द्वारा प्रधानमंत्री जी का केक काटकर सभी कार्यकर्ताओं द्वारा प्रसाद मिठाई वितरण किया गया उपस्थित कार्यकर्ता राम लाल साहू जी मंडल प्रभारी वेंकट लाल अग्रवाल जिला कार्यसमिति सदस्य महाराज सिंह नायक मंडल प्रभारी कोटा शू लेस पांडे जिला कार्यसमिति सदस्य किसान मोर्चा प्रदीप कौशिक सांसद प्रतिनिधि बाबा गोस्वामी पार्षद प्रतिनिधि राम कुशल साहू मंडल महामंत्री अमरनाथ साहू पार्षद लखन साहू पार्षद टीका राम साहू जिला मंत्री युवा मोर्चा राजू साहू मंडल अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग रामकुमार साहू मंडल मंत्री मुरारी गुप्ता पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सविता नामदेव महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष संगीता गुप्ता जिला मंत्री महिला मोर्चा पीला राम साहू राजेश साहू विष्णु केवट प्रवीण रजक रामकुमार अग्रवाल किसान मोर्चा मंडल उपाध्यक्ष आदिल खान अल्पसंख्यक मंत्री मंडल अंबिका मानिकपुरी रंगना दम रंगा भैया नर्वदेश्वर पांडे नन्हे महाराज आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# शिवरीनारायण में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

पायनियर संवाददाता < शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली, विधि और न्याय मंत्रालय-भारत सरकार,नई दिल्ली द्वारा आम नागरिकों को विधिक सेवाएं उपलब्ध कराने बावत 17-सितं. को विशेष अभियान चलाने छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला सत्र न्यायाधीश जांजगीर जगदम्बा राय के निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव गीतेश कुमार कौशिक के आदेश पर तालुका विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष एवं ब्यवहार न्यायाधीश वर्ग 2 पायल टोपनो के सानिध्य में पैनल अधिवक्ता जितेंद्र तिवारी द्वारा नेहरू बाल उद्यान शिवरीनारायण और तहसील कार्यालय शिवरीनारायण में विधिक जानकारी प्रदान की गई। पैनल अधिवक्ता जितेंद्र तिवारी द्वारा



हमर अंगना योजना के अंतर्गत घरेलू हिंसा, मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण, ड्राइविंग लाइसेंस की आवश्यकता, बीमा संबंधी कागजात, वरिष्ठ नागरिकों एवं माता-पिता के अधिकार, महिला सशक्तिकरण, छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के जन चेतना यूट्यूब चैनल, नालसा हेल्पलाइन नंबर-15100, स्थायी लोक अदालत की उपयोगिता, नालसा मोबाईल एप, फौती नामांतरण, बंटवारा, जन्म/ मृत्यु पंजीयन, सीमांकन संबंधित विभिन्न विषयों की जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर प्रमुख रूप से पैनल अधिवक्ता जितेंद्र तिवारी, सुभाष मिरी,एम. आर. कश्यप, देव प्रसाद साहू, इतवारी यादव, प्रमोद यादव, ललित कश्यप, मनीष सागर, संजय कश्यप, रमेश सतनामी, इतवारी यादव, लीला राम कश्यप, शिव कुमार चौहान, प्रकाश सहिस उपस्थित रहे।

# उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान समारोह में नीरा साहू हुई सम्मानित



पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com

जिला स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह 2021 सेवानिवृत्त एवं उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान समारोह शुक्रवार को कार्यक्रम स्थल सिदेश्वर नाथ बड़गड़ी बम्हनीडीह जिला जांजगीर चाम्पा में आयोजक केशव प्रसाद चन्द्रा (विधायक) जैजैपुर के द्वारा शैक्षणिक जिला सक्ति व जांजगीर चाम्पा से शिक्षकों का किया गया सम्मान, उत्कृष्ट शिक्षको एवं सेवानिवृत्त शिक्षकों का शाल श्रीफल प्रशस्ति पत्र व मोमेंटो फूलमाला देकर किया गया सम्मान जिसमे शैक्षणिक जिला सक्ति से नीरा साहू, सहायक शिक्षक प्राथमिक शाला स्टेशन भांठा हुई सम्मानित, नीरज साहू को मिले इस सम्मान पर लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की मंगल कामना की है।

ज्ञात हो कि कोविड-19 काल मे भी नीरा साहू ने ऑफलाइन एवं ऑनलाइन शिक्षा के रूप में एक बेहतर योगदान दिया था।

## नगर पंचायत अड़भार के वार्डो में किया जा रहा दवाइयों का छिड़काव एवं सैनिटाइजिंग



**सक्ति।** नगर पंचायत अड़भार में इन दिनों बारिश मौसम एवं कोविड-19 के संक्रमण से लोगों को बचाने निरंतर प्रत्येक वार्ड में दवाइयों का छिड़काव एवं मोहल्लों को सैनिटाइजिंग किया जा रहा है, तथा नगर पंचायत क्षेत्र के सफाई दरोगा विकास देवांगन विक्की के मार्गदर्शन में सफाई विभाग के कर्मचारी प्रतिदिन नियमित रूप से वार्डो की नालियों एवं सार्वजनिक खुली नालियों में जहां दवाइयों एवं ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव कर रहे हैं, तो वही मोहल्लों को समय-समय पर कोविड-19 के संक्रमण से बचाने सैनिटाइजिंग भी किया जा रहा है,तथा सफाई दरोगा विकास देवांगन विक्की कहते हैं कि शासन के निर्देशानुसार नगर पंचायत क्षेत्र में साफ सफाई कार्य की दिशा में एक सकारात्मक पहल करते हुए सफाई कर्मचारी निरंतर इस कार्य में जुटे हुए है, साथ ही नगर पंचायत के प्रशासनिक अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के मार्गदर्शन में सफाई व्यवस्था बेहतर ढंग से संचालित हो रही है।

# युवामोर्चा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन धूमधाम से मनाया

## नगर में फलों का वितरण और निकली बाइक रैली

पायनियर संवाददाता < शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com






भारतीय जनता युवा मोर्चा शिवरीनारायण मंडल द्वारा 17 सितंबर को पीएम नरेंद्र मोदी के 71वें जन्मदिन पर नगर में उनका जन्मदिन मनाया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक सेवा में उनके दो दशकों के किए गए कामों के उपलक्ष्य में अपना 20-दिवसीय अभियान शुरू किया। इस अभियान के तहत भाजयुमो ने शिवरीनारायण मंडल में विभिन्न कल्याण और जागरूकता कार्यक्रमों का शुरुवात किया। शिवरीनारायण नगर के शबरी चौक से बाइक रैली शाम 5 बजे निकाली गई जो नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए पुनः शबरी चौक पहुची जहाँ पर प्रधानमंत्री मोदी के जमन्दिन का विशाल केक मंडल अध्यक्ष अंकुर गोयल एवम शिवरीनारायण मंडल के सभी कार्यकर्ताओं ने मिलकर काटा और कार्यकर्ताओं में वितरित किया गया तत्पश्चात पूरे नगर में फलों का वितरण नगर के सभी ब्यापारिक प्रतिष्ठानो में किया गया इस अवसर पर काफी संख्या में युवा मोर्चा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# प्रांतीय अग्रवाल संगठन का होगा विधवा, विधुर तलाकशुदा ऑनलाइन परिचय सम्मेलन

## देशभर के विभिन्न स्थानों से 500 प्रत्याशियों ने करवाया अपना पंजीयन

पायनियर संवाददाता < सक्ति
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन द्वारा 19 सितंबर को अग्रवाल समाज के विधवा, विधुर, तलाक शुदा और 35 वर्ष से अधिक के अविवाहित पुरुष, युवक-युवतियों का एक दिवसीय ऑनलाइन परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है, तथा परिचय सम्मेलन आयोजन समिति द्वारा किए गए व्यापक रूप से अखिल भारतीय स्तर पर प्रचार प्रसार में करीब 500 विवाह योग्य युवक-युवतियों ने अपना पंजीयन करवाया है, एवं 19 सितंबर को यह परिचय सम्मेलन वर्चुअल रूप से ऑनलाइन आयोजित होगा जिसकी कार्यक्रम की लिंक संबंधित प्रत्याशी एवं उनके अभिभावकों को व्हाट्सएप के माध्यम से प्रेषित की जाएगी, छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन के मंगल परिणय ग्रुप द्वारा संचालित परिचय सम्मेलन के संयोजक एवं संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी अकलतरा के सत्यनारायण लिखमानिया के संयोजन में होने जा रहा है, एवं उक्तआशय की जानकारी ऑनलाइन परिचय सम्मेलन कार्यक्रम के सदस्यों अशोक अग्रवाल, रायपुर अशोक मोदी कोरबा ने देते हुए बताया कि विशाल ऑनलाइन परिचय सम्मेलन का आयोजन पूरे भारत देश में पहली पहली बार प्रस्तावित है, जिसमें तलाकशुदा, विधवा-विधुर के लिए पूर्णता निशुल्क सम्मेलन आयोजित है एवं परिचय सम्मेलन की तैयारियों में आयोजन समिति मे अग्रवाल सभा कोरबा के अध्यक्ष कांत बुधिया, राधेश्याम बंसल के एवं अन्य महिला इकाई की शोभा केडिया, पिंकी सिंघल, सुमन सिंघानिया, उमा बंसल, निशा अग्रवाल, सरोज सुनालिया, मनीषा मोदी, समता, रिंकू गुप्ता, शशि अग्रवाल, अर्चना अग्रवाल, प्रियम अग्रवाल एवं आशीष अग्रवाल सहित छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन के सभी पदाधिकारी गण एवं सदस्यगण सहयोग कर रहे हैं, सदस्यों ने बताया कि विशाल ऑनलाइन परिचय सम्मेलन को लेकर यह कार्यक्रम घर बैठे ही मोबाइल के माध्यम से होगा, 19 सितंबर को होने वाले ऑनलाइन परिचय सम्मेलन को लेकर आयोजन समिति द्वारा भी पंजीयन बंद कर दिया गया है।

## मजदूरों ने मूर्ति स्थापित कर पूजा अर्चना के पश्चात शोभायात्रा निकाली

# विश्वकर्मा जयंती नगर व ग्रामीण अंचलों में धूमधाम से मनाया गया

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com





जिले में देवशिल्पी भगवान विश्वकर्मा की जयंती नगर में व ग्रामीण अंचल में हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। विभिन्न स्थानों में भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा स्थापित कर बढ़ाई, राजमिस्त्री, ठेकेदार व मषीनों में कार्य करने वाले मजदूर अपना काम बंदकर भगवान विष्वकर्मा की पूजा अर्चना की इसके साथ ही औजारों व मषीनों की पूजा अर्चना भी की गई तत्तपष्चात शाम को बड़ी धुमधाम से शोभायात्रा निकाल कर विसर्जन किया जायेगा। नगर पालिका परिषद जिले के कर्मचारियों द्वारा भगवान विश्वकर्मा जी की जयंती दिवस का भव्य समारोह कृषि उपज मंड़ी प्रांगण में आयोजित किया गया है,. जिसमें श्रमिकों के द्वारा भगवान विष्वकर्मा की पूजा की गयी और विष्वकर्मा पूजा कार्यक्रम में नगर पालिका अधिकारी इंजीनियर राजू बेताल समपाल बबलू यादव यमन जोशी पार्षदगण जल विभाग से देवेंद्र देवांगन मोरिस राज शेखर सोनकर मोहन ठाकुर रविंद्र यादव अवतार सारथी गोलू यादव लक्ष्मी बंजारे लक्ष्मी नारायण पांडे संत यादव रवि यादव गुड्डू ठाकुर टोकेश्वर नाथ योगी भोला ठाकुर रामनाथ मुकेश साहू सहित भारी संख्या में सभी विभाग के कर्मचारियों के उपस्थिति में भगवान विश्वकर्मा जी की पूजा अर्चना कर प्रसाद वितरण का काम किया गया।

**धूमधाम से किया गया विर्सजन** - बड़ी धुमधाम से मंडी परिसर से शोभायात्रा निकाली गई जो नगर के मुख्य चौक चौराहो से होकर गुजरी जिसके स्वागत के लिए पडाव चौक, पुराना बस, दाउपारा सहित कई स्थानो में मंच बनाया गया था।

## जिले में विद्युत स्थापनाओं की सुरक्षा जॉच करने के निर्देश

**मुंगेली।** जिले में समस्त प्रकार के विद्युत स्थापनाओं की सुरक्षा जॉच करने के निर्देश दिये गये है। समस्त प्रकार के विद्युत स्थापनाओं की सुरक्षा जॉच आवर्ती अवधि में करने के लिए विद्युत निरीक्षक, सहायक विद्युत निरीक्षक एवं उप अभियंताओं को निर्देश दिये गये है। इस संबंध में विद्युत उपभोक्ताओं को भी सूचित करते हुए निरीक्षण कार्य में सहयोग प्रदान करने का आग्रह किया गया है। सहायक अभियंता (वि.सु.) एवं सहायक विद्युत निरीक्षक छ.ग. शासन बिलासपुर उपसंभाग बिलासपुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस निरीक्षण सेवाओं हेतु शासन के पक्ष में निरीक्षण शुल्क भी देय है। 10 हार्स पावर तक के मध्यदाब विद्युत स्थापना के लिए 200 रूपये प्रति कनेक्शन, 10 से 50 हार्स पावर तक के मध्यदाब विद्युत स्थापना के लिए 1000 रूपये प्रति कनेक्षन और 50 हार्स पावर से अधिक मध्यदाब विद्युत स्थापना के लिए 2000 रूपये प्रति कनेक्शन निर्धारित है। ऐसे निरीक्षण शुल्क को निरीक्षक से पावती देकर जमा कर सकते है या शासन के मद में कोषालय चालान द्वारा भी जमा कर सकते है। यह निरीक्षण शुल्क पॉच वर्ष की आवर्ती अवधि में एक बार ही जमा करनी होगी।

# मोदी के जन्मदिन पर भाजपा ग्रामीण मंडल शक्ति ने वृक्षारोपण कर स्कूली बच्चों को बांटी कापी पुस्तक

## जिला पंचायत सदस्य टिकेश्वर गबेल भी हुए शामिल

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी ग्रामीण मंडल शक्ति द्वारा 17 सितंबर को भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 71 वें जन्मदिन पर शक्ति विकासखंड के वनांचल ग्राम उपकाचुवा के प्राथमिक शाला में बच्चों को स्कूली सामग्री वितरण एवं वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया इस अवसर पर भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला के महामंत्री एवं जिला पंचायत सदस्य टिकेश्वर गबेल टुककु भी प्रमुख रूप से शामिल हुए तथा भाजपा ग्रामीण मंडल द्वारा दड़ाई चौक में भी मोदी के जन्मदिन पर केक काटकर नागरिकों का मुंह मीठा कराया गया एवं जन्मदिन मनाया गया इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य टिकेश्वर गबेल ने कहा कि आज नरेंद्र मोदी ने भारत की पहचान अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्थापित की है, तथा मोदी जी ने विगत वर्ष 2014 से 2021 तक अपने प्रधानमंत्री के रूप में दूसरे कार्यकाल में भी इस देश के विकास को नई दिशा प्रदान की है एवं हम सभी को आज गर्व महसूस होता है कि मोदी जैसे प्रधानमंत्री आज हमारे भारत के मुखिया हैं भाजपा ग्रामीण मंडल शक्ति द्वारा आयोजित कार्यक्रमों के दौरान मंडल अध्यक्ष प्रेमलाल पटेल, महामंत्री नटवरलाल सिदार, पहलवान दास महंत,पूर्व मंडल अध्यक्ष लेखराम जायसवाल, व्यास पटेल, गोपाल गौतम, तुलेशजयसवाल, खोकसाय साहू, संतोष गबेल सहित अनेकों कार्यकर्ता उपस्थित रहे तथा नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिन के मौके पर उनके जीवन के बारे में भी लोगों को जानकारी दी गई।

# मनोरा स्वास्थ्य विभाग की अनोखी पहल, अब एमटी महिलाएं कर रहीं है मानसिक रोगियों की काउंसिलिंग

पायनियर संवाददाता < मनोरा
www.dailypioneer.com



जशपुर जिले में मानसिक रूप बीमार व्यक्तियों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। इस बीमारी से अधिक संख्या में लोग जूझ रहे हैं। मानसिक रोग को लेकर लोगों में काफी गलत अवधारणाएं भी है। उनकी नज़र में यह केवल मन का वहम या अंधविश्वास है, जिसके लिए किसी तरह के इलाज की ज़रूरत नहीं है। यह व्यक्ति गांव के पंडित या बैगा से झाड़ फूंक कराते हैं। उनकी इसी धारणा का शिकार मानसिक रोगियों को धीरे-धीरे मानसिक संतुलन बिगड़ने लगती है। वे चाहते हुए भी इस पर बात नहीं कर पाते हैं और मानसिक रोग समय के साथ गंभीर रूप ले लेता है। ऐसे में यह जरूरी है कि लोगों की इस धारणा को बदला जाए और मानसिक रोग की पूर्ण जानकारी या इलाज सम्बंधित जानकारी डॉक्टरों की सलाह ले ताकि मानसिक बीमारी ठीक हो सकें।

**एमटी महिला कर रहीं मोटिवेट**

दरअसल मनोरा विकास खण्ड में 2020 में बीएमओ रौशन बैरियर के द्वारा एमटी महिलाओं को मानसिक बीमारी के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया जा रहा है। एक वर्ष से एमटी महिलाएं ग्रामीण क्षेत्र मानसिक बीमारी से पीड़ित परिवारों की जानकारी प्राप्त करने में जुटी हैं और धीरे धीरे मानसिक से पीड़ित व्यक्ति के घर जाने लगे और मानसिक से पीड़ित के परिजनों को मोटिवेट कर रहे हैं। एमटी महिलाएं अपनी जान जोखिम में डाल कर मानसिक रोगियों के घर जा जाकर समझा रही हैं कि इनकी मानसिक बीमारी ठीक हो सकती है आप इन्हें हॉस्पिटल ले जाएं लेकिन गांव के लोग ज्यादा झाड़ फूक में ज्यादा विश्वास कर मरीज की जान जोखिम में डाल रहे हैं।

**इन 7 महिलाओं की अहम भूमिका**

जिला समन्वयक वृन्दा चौहान,ब्लाक समन्वयक अनिता बाई, मितानिन, प्रशिक्षिका शांति कुजूर आस्ता, सुनीता एक्का नाडार, पुष्पा मिंज लिटीम, नीलिमा कुजूर गंझार, अन्ना मिंज अंधझर, कलिस्ता मिंज सरडीह, इन्होंने जानकारी दी कि किस तरह से गांव में जाकर लोगों को मोटिवेट किया मानसिक बीमारी में लोगों को समझाने में एक वर्ष लग गया। एक वर्षो से यह महिलाएं मानसिक बीमारियों पीछे घर-घर जाकर परिजनों को जानकारी दी गई। इन महिलाओं को मानसिक बीमारी के परिवार वाले खूब गाली गलौज देते थे कही महिलाओं को मारपीट करने का भी संभावना बना रहता था तो हम अपना जान बचाने के वहाँ से भाग जाते थे। दूसरा दिन फिर उसी जगह जाकर फिर से जानकारी देते थे। हम महिलाएं यह विश्वास दिलाते थे की मानसिक बीमारी ठीक हो जाएंगे।

**आस्ता में शिविर का आयोजन**

शिविर में एमटी महिलाओं ने बीएमओ डॉ. रौशन बरियार को बुलाया। शिविर में खासकर मानसिक रूप से बीमार व्यक्ति यों का बीएमओ ने प्रमुखता से इलाज किया। इलाज के दौरान कई मरीज तो भाग जाते थे लेकिन उनको पकड़कर बीएमओ ने इलाज किया। मानसिक रूप से परेशान पीड़ित रोगी के लिए आस्ता में एमटी महिलाओं के द्वारा शिविर का आयोजन किया गया। आयोजन में मानसिक बीमार 19 मरीज आए थे जिसमें से 4 मरीज को बेहतर चिकित्सा के लिए रेफर किया गया।

**बीएमओ ने बताया मानसिक रोग के लक्षण**

मनोरा बीएमओ डॉ. रोशन बरियार ने बताया कि अनिद्रा, उदासीपन, दैनिक क्रियाकलाप में मन नहीं लगना, इधर-उधर घूमना, अदृश्य वस्तु (जो सामान्य व्यक्ति को दिखाई या सुनाई ना दे)को देखना या सुनना, जादू टोना या टोटका कर दिए जाने का वहम होना ,एकांत में रहना, अपने आप में बड़बड़ाना, इत्यादि मानसिक रोग के लक्षण हैं। इसके होने के कई कारण हो सकते हैं जैसे अनुवांशिक (परिवार के किसी सदस्य को यह बीमारी रही हो), किसी प्रिय व्यक्ति को खो देना, किसी महत्वाकांक्षा का पूर्ण ना होना, नशीले पदार्थ का आदी होना।

**इलाज है संभव**

मानसिक रोग का निदान एवं उपचार अब सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र स्तर पर भी उपलब्ध है। मरीजों को निःशुल्क दवा उपलब्ध कराई जाती है जिससे की उन्हे रांची, बिलासपुर या रायपुर जैसे शहर जाने की जरूरत न पड़े। इसी बीच बीएमओ ने सभी मितानिन और एमटी महिलाओं को शुभकामनाएं दी कि इस दिशा में वे बेहतर ऐसा ही कार्य करते रहें।

> मानसिक रोग वर्तमान में समाज के लिए गंभीर समस्या का रूप लेता जा रहा है। इसे छिपाने के बजाए इस विषय पर खुलकर बातें करें और इसका इलाज कराएं। मितानीन बेहतर कार्य कर रहीं हैं।
>
> **डॉ. रोशन बरियार,** बीएमओ मनोरा

## यूरिया की अधिक दाम पर बिक्री, लाइसेंस 14 दिनों के लिए निलंबित

**सरायपाली।** किसानों को तयशुदा दाम से अधिक मूल्य पर यूरिया देने के मामले में कृषि विभाग के उपसंचालक महासमुंद के आदेश पर शहर के एक खाद दुकान संचालक के लाइसेंस को 14 दिनों के लिए निलंबित किया गया है। मिली जानकारी अनुसार सरायपाली नगर पालिका क्षेत्र में स्थित एक खाद दुकान द्वारा उड़ीसा के एक किसान जगत राम प्रधान निवासी लोहराकोट को निर्धारित दर से अधिक दाम पर यूरिया खाद का विक्रय किया गया था। उनके द्वारा इसकी शिकायत थाने में की गई थी शिकायत के आधार पर कृषि विभाग द्वारा अधिक दाम पर खाद बेचने वाले व्यापारी के खिलाफ कार्यवाही करते हुए उर्वरक नियंत्रण 1985 के कंडिका तीन एवं सात का उल्लंघन करते पाए जाने पर उनके लाइसेंस को 14 दिनों के लिए निलंबित किया गया है वे निलंबन के दौरान खाद नहीं बेच पाएंगे। विकासखंड इलाकों में दर्जनों की तादाद में दुकानें संचालित हो रही है जिसमें ज्यादातर कृषि केंद्रों पर दुकानों में मानक-मापदंड एवं नियमों को दरकिनार कर कृषि सामानों उपकरणों सहित खाद उर्वरकों की खरीद -बिक्री खुलेआम की जा रही है।

## टोनही का आरोप लगाकर ग्रामीण महिला की हत्या

पायनियर संवाददाता < मनोरा
www.dailypioneer.com



करमा त्यौहार का जश्न एक परिवार के लिए मातम में बदल गया। एक ग्रामीण आरोपी ने एक दंपति पर टोनही का आरोप लगाकर जान लेवा हमला कर दिया जिससे पत्नी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई और पति की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना जिले के मनोरा चौकी थाना क्षेत्र के ग्राम डड़गांव की है। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी लक्ष्मण सिंह धुर्वे से मिली जानकारी के मुताबिक गुरूवार की रात गांव में करमा त्यौहार का जश्न मनाया जा रहा था। सभी अपने-अपने घरों में रीति-रिवाज और परंपरागत अंदाज में त्यौहार मनाने में जुटे थे। इसी दरम्यान रात तकरीबन 11.30 बजे प्रमोद नगेशिया गांव के ही वृद्ध फिरू नगेशिया के घर पहुंच गया। घर पर फिरू अकेला था। फिरू के साथ मारपीट कर उसे बेहोशी की हालत में छोड़कर वापस चला गया। घटना के बाद फिरू की पत्नी पेंटी नगेशिया और उसके पुत्र घर पहुंचे और फिरू की हालत का जायजा लेने लगे और घटना को अंजाम देने वाले के बारे में सोचते रहे। इसी दौरान प्रमोद दोबारा घर में प्रवेश किया और फिरू की पत्नी पर जानलेवा हमला कर दिया साथ ही बेहोश पड़े फिरू को फिर से लात घूंसे से मारा। घटना को अंजाम देकर प्रमोद वहां से फरार हो गया। घटना स्थल पर ही पेंटी नगेशिया की मौत हो चुकी थी। घायल फिरू को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती किया गया था जहां उसकी गंभीर हालत को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए अंबिकापुर रेफर कर दिया गया है।

## विश्वकर्मा पूजन में शामिल हुए सांसद एवं जिला पंचायत सदस्य

**बागबाहरा।** बिहाझर में आयोजित विश्वकर्मा पूजन समारोह में महासमुंद लोकसभा के सांसद चुन्नीलाल साहू एवं जिला पंचायत सदस्य अलका नरेश चंद्राकर शामिल हुए ग्रामवासी द्वारा आयोजित कार्य म में भगवान श्री गणेश एवं विश्वकर्मा जी के विधिवत पूजन पश्चात सभा को संबोधित करते हुए सांसद चुन्नीलाल साहू ने विश्वकर्मा पूजन के बधाई देते हुए कहा भगवान विश्वकर्मा एक शिल्पकार , सृजनकरता है उन्होंने सुंदर संसार बनाने में विश्व के रचनाकार रहे हैं आज छोटे से छोटे निर्माण से लेकर भव्य इमारत कारखाना बनाने हेतु हम विश्वकर्मा भगवान का स्मरण करते हैं साथ ही हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री हैं नरेंद्र मोदी का भी आज जन्मदिन है नव भारत निर्माण में मोदी जी का अमूल्य योगदान है ।

## चार नामजद तथा अन्य 15 लोगों के खिलाफ कोटा थाना में मामला दर्ज



पायनियर संवाददाता < करगी रोड कोटा
www.dailypioneer.com

कोटा से लगे ग्राम करगीकला उच्चतर माध्यमिक शाला में कल दो गुटों के बीच जमकर मारपीट हुई। पूरा घटना क्रम शाम 4 बजे के आसपास का बताया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रार्थी प्रकाश तोनडे एवम अन्य साथी स्कूल से बाहर निकले तो करगीकला निवासी थालेश्वर साहू, आकाश साहू, अभिषेक साहू, विकास साहू एवम अन्य पंद्रह लोगों ने उनपर स्टम्प लाठी से उनपर हमला एवम मारपीट किया जिससे प्रकाश टोन्डके एवम अन्य साथियों पर गम्भीर छोटे आई है। प्राथी ने कोटा थाना पहुच कर इस पूरे मामले में शाला के प्राचार्य अश्वनी पांडेय के ऊपर भी मारपीट ना रोकने का आरोप लगाया है। कोटा थाने में थालेश्वर साहू एवं अन्य उनके साथियों के खिलाफ आई पी सी की धारा 147 148 294 323 506 के तहत मामला पंजीबद्ध कर लिया है।इस पूरे मामले में जब प्राचार्य अश्विनी पांडेय से फोन पर बात की गई तो उन्होंने बताया कि दोनों पक्षों के बीच गुरुवार शाम सोलह तारीख को किसी बात को लेखर कहासुनी हो गई थी। शुक्रवार को पालको की मीटिंग बुलाकर दोनो पक्षों के बीच सुलह करा गया था।

## जातिगत टिप्पणी से सर्व आदिवासी समाज नाराज



**जशपुरनगर।** आदिवासी उरांव समाज को जातिगत टिप्पणी करने और गाली देने से सर्व आदिवासी समाज आक्रोशित है। अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए सर्व आदिवासी समाज के अध्यक्ष और सदस्यों ने कार्रवाई के लिए सिटी कोतवाली पहुंचकर प्रभारी लक्ष्मण सिंह धुर्वे को शिकायत पत्र सौंपा है। इस संबंध में सर्व आदिवासी समाज के अध्यक्ष अनिल किस्पोट्टा ने बताया कि जिला मुख्यालय में संचालित समर्पित बालिका गृह की अधीक्षिका मनीषा छाबड़ा और परामर्शदाता बिमता ठाकुर ने उरांव आदिवासी समाज को जातिगत टिप्पणी की है और दुर्व्यहार किया है जिससे समाज आहत हुआ है। समाज के सदस्यों के द्वारा उक्त के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

## बारिश से कुजरी निर्माणाधीन सड़क हुई बदहाल, मरीज लेने गई एम्बुलेंस हुई वापस, पैदल लेकर अस्पताल पहुंचे ग्रामीण

पायनियर संवाददाता < मनोरा
www.dailypioneer.com

विगत तीन दिनों से हो रही मूसलाधार बारिश से जनजीवन बुरी तहर प्रभावित हो गया है। निर्माणाधीन सड़कों के कार्य बाधित होने की वजह से राहगीरों की परेशानी और बढ़ गई है। सड़क का हाल ऐसा हो चुका है कि वहां एम्बुलेंस तक नहीं पहुंच पा रही है। मरीज को स्ट्रेचर में लेकर पैदल अस्पताल पहुंचाया जा रहा है। यह स्थिति है जिले के नजदीकी ग्राम पंचायत बुमतेल कुजरी की। इस संबंध में ग्रामीणों से मिली जानकारी के मुताबिक अभय कंट्रक्शन की ओर से निर्माण कराए जा रहे जरिया से कुजरी तक की पीएमजीएसवाई सड़क का काम मिट्टी डालकर अधूरा छोड़ देने की वजह से सड़क पर चलना मुहाल हो गया है। ग्राम कुजरी में बीते शनिवार को 25 साल की महिला मुनि बाई को सांप ने काट लिया काटने पर ग्रामीणों ने एम्बुलेंस को फोन किया एम्बुलेंस पहुंचने पर सड़क निर्माण कार्य देखकर एम्बुलेंस ने अपना दम तोड़ दिया और वापस चला गया। महिला को मोटरसाइकिल के जरिए जशपुर हॉस्पिटल पहुंचाया गया। जरा सी देर होने पर महिला की मौत हो सकती थी।

**मुरुम कम मिट्टी अधिक**

लगातार बारिश होने से सड़कों पर निकलना मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क निर्माण कार्यों में मुरुम कम मिट्टी का ज्यादा उपयोग किया जा रहा हैं जिसके कारण लोगों का घर से निकलना मुश्किल हो गया हैं। सड़कों में बने गड्ढे में पानी भर जाने से चलना मुश्किल हो गया है और कीचड़ से हाल बेहाल है।

## मंत्रणा सभा कक्ष में मुख्यमंत्री आज वर्चुअल विभिन्न विकास कार्यो का करेंगे लोकार्पण और भूमिपूजन

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 19 सितम्बर को वर्चुअल के माध्यम से कलेक्ट्रोरेट मंत्रणा सभागार में जशपुर जिले के विभिन्न विकास कार्यो का दोपहर 12 बजे लोकार्पण और शिलान्यास करेगें। इस अवसर पर सांसद, जिले के प्रभारी मंत्री, समस्त विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष एवं अन्य जनप्रतिनिधगण भी वर्चुअल से जुड़ेगें। कलेक्टर महादेव कावरे ने सभी गणमान्य नागरिकों, जनप्रतिधियों, पत्रकारों को वर्चुअल कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आग्रह किया है।

## आत्मानंद स्कूल को अब तक नहीं मिली कोई सुविधा : शर्मा

**कुरुद।** छत्तीसगढ़ कांग्रेस सरकार की कथाकथित महती योजना आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल को कुरूद में सबसे पुराने विद्यालय में खोल तो दिया गया है लेकिन अभी तक स्कूल में माडल स्कूल जैसा कोई सुविधा राज्य सरकार मुहैया नहीं करा सकी,सिर्फ शासकीय आदेशों के आधार पर आननफानन में स्कूल खोल दिया गया है, स्वर्ण जयंती मना चुकी सबसे पुरानी बालक शाला की स्कूल को स्वामी आत्मानंद में परिवर्तित करने का आदेश तो आ गया किंतु जीर्ण शीर्ण शाला का न तो अब तक उन्नयन कराया गया,न ही कक्षाओं को सुचारू रूप से चलाने का कार्य हुआ, लाइब्रेरी, खेल मैदान, कंप्यूटर क्लास, विज्ञान प्रयोगशाला, फर्नीचर, शुद्ध पेयजल, प्रसाधन आदि जैसी व्यवस्थाओं के लिए विद्यालय अभी तक जूझ रहा है।

**न्यायालय नायब तहसीलदार मर्दापाल जिला-कोण्डागांव (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र 202108200800025/
अ-6/2020-21
मौजा-हड़ेली

**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका रीता पिता राजमन, जाति - मुरिया, तहसील कोण्डागांव, जिला कोण्डागांव द्वारा बताया गया है कि अनावेदिका घिनई बाई पति झलकू जाति - मुरिया ग्राम-हड़ेली, प.ह.नं.-44 रा.नि.मं.- मर्दापाल, तहसील-कोण्डागांव, जिला-कोण्डागांव में ख.नं. 45/9 रकबा 2.0230 हेक्टेयर खसरा नंबर 45/10 रकबा 2.0230 कुल रकबा 4.0460 हेक्टेयर भूमि राजस्व अभिलेख में शामिलात खाते में दर्ज है। आवेदकगण उक्त खाते की भूमि में स्वयं का एवं अपने बहनों का नाम दर्ज करवाना चाहते हैं। आविदेका द्वारा उक्त वाद भूमि में नाम दर्ज किये जाने हेतु वकालतनामा, बी-1, नक्शा एवं खसरा सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

उक्त आवेदन के संबंध में यदि कोई व्यक्ति दावा-आपत्ति प्रस्तुत करना चाहता है वह अपना दावा-आपत्ति इस न्यायालय में सुनवाई तिथि 22.09.2021 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 28.08.2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

(मुहर)
नायब तहसीलदार
मर्दापाल, जिला कोण्डागांव

## युवा कांग्रेस ने पीएम नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस पर अर्धनग्न होकर बेरोजगार दिवस मनाया



**गरियाबंद।** जिले में युवा कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस को बेरोजगार दिवस के रूप में मनाया। युवा कांग्रेसियों ने इस मौके पर अर्धनग्न होकर सडकों पर प्रदर्शन किया। नगर के तिरंगा चौंक पर जिलाध्यक्ष संदीप सरकार के नेतृत्व में हाथों में विभिन्न नारो वाली तख्तियां लेकर युवा कांग्रेस रोजगार दो के नारे लगाते रहे इस अवसर पर युवा कांग्रेसियों ने एक दुसरे का हाथ पकडकर मानव श्रंखला भी बनाई। युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष संदीप सरकार ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युवाओं को दो करोड़ रोजगार देने का सपना दिखा कर सत्ता हासिल की मगर जीतने के बाद युवाओं को रोजगार मिलना तो दुर कई युवाओं के रोजगार छिन गए। देश की सार्वजनिक संपत्तियां बिकने लगी हैं देश पर कर्ज लदता जा रहा है रेलवे और कई सार्वजनिक उपक्रम में पहले जितनी नौकरियां निकलती थी अब उससे आधी नौकरियां भी नहीं निकल रही है। उच्च स्तर तक पढे लिखे बेरोजगार सचमुच मजदूरी तक करने विवश हो रहे है ऐसे में देश का भविष्य सुरक्षित नहीं है। युवाओं में खासी नाराजगी पनप रही हैं जिसका खामियाजा जल्द देखने को मिलेगा।

## धार्मिक भावनाओं को आहत करने संबंधी बयान देने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाये : सुनीता वर्मा

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



पिछले दिनों छत्तीसगढ़ क्रिश्चन फोरम के अध्यक्ष अरुण पन्नालाल एवं गुरुविंदर सिंह चड्डा के द्वारा दिये गए बाइट में कहा गया कि धर्मांतरण करने व भारतीय संविधान के अनुच्छेद 25 हमें इजाजत देता है कि यदि हमें धर्मान्तरण करने से रोका जाता है अथवा बाधा उत्पन्न की जाती है तो ऐसे संविधान को जला देना चाहिए।

साथ ही उक्त बाईट में यह भी धमकी दी गई कि उनकी मांगे पुरी नही होगी तो प्रत्येक दिवस एक क्रिश्चन व्यक्ति आत्मदाह करेगा। उक्त बयान निंदनिय है एवं धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाली है। उक्त बाते भाजपा जिला मंत्री सुनीता वर्मा ने कही।

इन्होंने धार्मिक भावनाओं को आहत करने संबन्धी बयान देने वालो के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग छ.ग. की कांग्रेस सरकार से की है। वर्मा ने कहा कि ऐसे सौहाद्रपूर्ण प्रदेश का वातावरण खराब करना एवं धार्मिक भावनाओं को आहत करते हुए संविधान को जला दो कहने वाली टिप्पणी स्पष्ट रूप से दिखाती है की उक्त व्यक्ति संविधान के प्रति सच्ची श्रद्धा व निष्ठा नही रखते है। जो स्पष्ट रूप से राजद्रोह का कृत्य है। इन पर अविलंब राज्य सरकार को कार्यवाही करनी चाहिए जो नही की जाती यह प्रदर्शित करता है कि उनको सरंक्षण प्राप्त है। इन्होने यह भी कहा कि प्रदेश में धर्मान्तरण राज्य सरकार के सरंक्षण में जारी है। पूरे प्रदेश में हर ओर बेखौफ होकर धर्मान्तरण का खेल चल रहा है।

इन्होंने कांग्रेस की प्रदेश सरकार पर धर्मांतरण करने वालों को प्रश्रय देने का भी आरोप लगाया है।

वहीं कांग्रेस की सरकार के कार्यकाल में कानून व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। लोग न्याय के लिये भी भटक रहे है। प्रदेश में लगातार धर्मांतरण के किस्से बलौदाबाजार जिले में भी सामने आ रहे है। हिन्दू धर्म के मानने वालों को बरगलाने का प्रयास किया जा रहा है तथा हिन्दू धर्म से अलग कर अपने धर्म में मिलाने का प्रयास भी किया जा रहा है। भाजपा नेत्री सुनीता वर्मा ने ऐसे लोगों के विरूद्ध प्रदेश सरकार को तत्काल संज्ञान लेकर कार्रवाई करने की मांग भी की है।

## मुख्यमंत्री कन्यादान सामुहिक विवाह योजना गरीब बेटियों के लिए वरदान

पायनियर संवाददाता < गरियाबंद
www.dailypioneer.com



गरीब माता-पिता के लिए बेटी का हाथ पीला करना किसी पुण्य कार्य से कम नहीं होता। हर मां-बाप की यही चाहत होती है कि अपनी बेटी की शादी धूमधाम, रीति-रिवाज और सम्मान से हो। लेकिन आर्थिक तंगी और गरीबी के चलते यह हमेशा संभव नही हो पाता, ऐसे में माता-पिता के सपने अधूरे रह जाते है। एक गरीब माता-पिता के लिए बेटी का विवाह बहुत अच्छे से सम्पन्न होना सपने साकार होने जैसा है। मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत ऐसे ही गरीब बेटियों के सपने पूरा करने में भूपेश बघेल सरकार जुटी है। शासन के बागडोर संभालते ही गरीब बेटियों की चिंता करते हुए विवाह की राशि 15 हजार से बढ़ाकर 25 हजार रूपये कर दिया। इससे बेटियों की शादियों में होने वाले खर्च का बोझ कम हुआ। योजना अंतर्गत जिले में अभी तक 420 बेटियों के हाथ पीले हुए हैं। इसमें 2018-19 में 102, वर्ष 2019-20 में 174 एवं वर्ष 2020-21 में 144 गरीब बेटियों के जीवन में नई खुशहाली आई है। छुरा विकासखण्ड के ग्राम सारागांव की रहने वाली तेजकुमारी सोरी इस योजना की साक्षी बनी है। बेहद गरीब और भूमिहीन परिवार से तालूख रखने वाली तेजकुमारी के परिवार में माता-पिता सहित दो भाई है। गरीबी के चलते माता-पिता के लिए एक बेटी के विवाह के बारे में सोचना भी चिंता बढ़ा देती थी। लेकिन इस योजना से उनकी चिंता कम हो गई। आज तेजकुमारी अपने ससुराल ग्राम कुसुमबुड़ा में अपने पति और परिवार के साथ खुशी से रह रही है।

**न्यायालय जिला दण्डाधिकारी रायपुर**
**नोटिस**
**कमांक/81/ब–121/2020–21/1580**
**रायपुर, दिनांक 01 सितम्बर, 2021**

प्रति,
1. मेसर्स गायत्री इंटरप्राईजेस द्वारा दिनेश पाहुजा
2. दिनेश पाहुजा
3. श्रीमती हेमा पाहुजा
4. दिलीप पाहुजा

निवासी फ्लैट नं. बी–9 ब्लाक नं. बी तीसरी मंजिल राधास्वामी पार्क छत्तीसगढ कालेज के पास बैरनबाजार रायपुर

आवेदक प्राधिकृत अधिकारी पेगासस असेट्स रिकंस्ट्रक्शन प्रा. लि. नरिमल पाईट मुम्बई की ओर से सौरम जैन अधिवक्ता द्वारा आवेदन पत्र/ शपथ पत्र मय दस्तावेज प्रस्तुत कर, आवेदन पत्र से आपको इंडसइंड बैंक लिमिटेड से 97,88,000.00 रूपये का ऋण दिया जाकर दिनेश पाहुजा के स्वामित्व की संपत्ति कंपनी के पक्ष में बंधक रखी गयी थी। आप ऋण की अदायगी नही कर रहे है। जिसके कारण आपको कंपनी द्वारा अधिनियम की धारा 13 के तहत नोटिस जारी किया गया कि आप ऋण की अदायगी मय ब्याज एवं अन्य शुल्क रू. 1,05,87,717.00 अदा करे, अन्यथा आपके द्वारा लिये गये ऋण के एवज में बंधक रखी गई संपत्ति कंपनी अपने हक में प्राप्त कर लेगी, वर्तमान में इंडसइंड बैंक लिमिटेड ने आपके द्वारा ली गई लोन राशि की वसूली का अधिकार असाईनमेंट एग्रीमेंट के आधार पर आवेदक को दे दिया है, कि जानकारी दी जाकर, ऋण के एवज में बंधक रखी गई संपत्ति का कब्जा आवेदक को दिलाये जाने का निवेदन किया है।

2/ आपने इंडसइंड बैंक लिमिटेड से 97,88,000.00 से रूपये का ऋण प्राप्त कर दिनेश पाहुजा के स्वामित्व की अचल संपत्ति कंपनी के पक्ष में बंधक रखी गई थी। वर्तमान में इंडसइंड बैंक लिमिटेड ने आपके द्वारा ली गई लोन राशि की वसूली का अधिकार असाईनमेंट एग्रीमेंट के आधार पर आवेदक को दे दिया है।

3/ अतः आपके द्वारा लिये गये ऋण के पक्ष में दिनेश पाहुजा के स्वामित्व की बंधक रखी गई अचल संपत्ति को वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवतन अधिनियम 2002 की धारा 14 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये क्यों न आधिपत्य में लेने की कार्यवाही की जावे। आप स्वंय अथवा अपने नियुक्त अभिभाषक के माध्यम से ऋण से संबधित एवं बंधक रखी गई संपत्ति से संबंधित दस्तावेज लेकर पक्ष प्रस्तुत करने हेतु इस न्यायालय में पेशी दिनांक 04.10.2021 को ठीक 3.00 बजे उपस्थित होना सुनिश्चित करे। नियम तिथि में उपस्थित नही होने की दशा में आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जाकर, प्रकरण में निर्णय ले लिया जावेगा।

आज दिनांक 01 सितम्बर, 2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

(Seal)
हस्ता./–
जिला दण्डाधिकारी
रायपुर (छ.ग.)

**कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड**
क्षेत्रीय कार्यालय : कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड, ब्लॉक बी 1, तीसरी मंजिल, पुजारी चेम्बर्स, पांचपेठी नाका, रायपुर - 492001 (छ.ग.),
**कब्जे की सूचना**
पंजीकृत कार्यालय : 27 बीकेसी, सी–27, जी ब्लॉक, बांद्रा कुरला कॉम्पलेक्स, बांद्रा (पू.) मुम्बई–400051

(अचल सम्पत्ति हेतु ) (प्रतिभूति हित (प्रत्यावर्तन) नियम,2002 के नियम 8(1) के साथ पठित परिशिष्ट IV के अनुसार)

जैसाकि, बैंकिंग विनियम अधिनियम ,1949 के अंतर्गत बैंकिंग कंपनी **कोटक महिन्द्रा बैंक लिमिटेड**,पंजीकृत कार्यालय,27 बीकेसी, सी -27, जी- ब्लॉक, बांद्र कुर्ला कॉम्पलेक्स, बांद्र (पूर्व), मुम्बई -40005 और क्षेत्रीय कार्यालय, **कोटक महिन्द्रा बैंक लि.**, 5वी मंजिल, मेट्रो टॉवर, ए.बी. रोड़, विजय नगर चौराहे के समीप, इन्दौर 452010 (म.प्र.) के अधोहस्ताक्षरी अधिकृत अधिकारी द्वारा वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रत्यावर्तन अधिनियम,2002 के अंतर्गत और प्रतिभूति हित (प्रत्यावर्तन) नियम,2002 के नियम 9 के साथ पठित धारा 13 (2) के अंतर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए डिमांड नोटिस जारी किया गया था जिसमें नोटिस की प्राप्ति की तिथि से **60 दिनों** के अंदर नोटिस मे निर्दिष्ट राशि का भुगतान करने की अपील की गई थी, बैंक द्वारा कब्जे में ली गई संपत्ति के साथ-साथ पार्टियों का विवरण निम्नानुसार है:

| ऋण खाता क्र. सहित ग्राहक (कर्जदारों/सहकर्जदारों एवं गारंटरों का नाम | मांग सूचना दिनांक, सरफेसी एक्ट के नियम 13(2) के साथ पढे नियम 9 के तहत एवं राशि रु.में व ऋण खाता संख्या | आधिपत्य हेतु (अचल सम्पत्ति का विवरण) (परिशिष्ट खत के अनुसार नियम 8(1) के साथ पढ़े, सिक्योरिटी इंटरेस्ट (इनफोर्समेंट), नियम 2002 | आधिपत्य की दिनांक |
|---|---|---|---|
| 1. श्री मुकेश कुमार बरहैया, पता : एलआईजी 90 वैशाली नगर, वार्ड नं. 10, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.) 490023, 2. श्रीमती निशा बरहैया, पता : एलआईजी 90 वैशाली नगर, वार्ड नं. 10, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.) 490023 | मांग सूचना दिनांक 17.08.2018 लोन खाता नं. आरएचबी – 531275 एवं सीआरएन नं. 900044300 ) रू. 12,91,155.43/- (रूपये बारह लाख निन्यानवे हजार एक सौ पचपन एवं तैंतालीस पैसे मात्र) दिनांक 18.08.2018 तक बकाया | संपत्ति के सभी प्रमुख अंग रहवासी संपत्ति एलआईजी 90 पर स्थित वैशाली नगर, वार्ड नं. 10, सुपेला भिलाई, दुर्ग - पिन कॉड - 490023 | सांकेतिक आधिपत्य 14.09.2021 |

एतदद्वारा कर्जदार और जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि कर्जदारों के राशि अदा न करने पर अधोहस्ताक्षरी ने उक्त कॉलम '' कब्जा की तिथि '' में यथा निर्दिष्ट तिथि को कोथित नियमों के नियम 9 के साथ पठित कथित अधिनियम की धारा 13 (4) के अंतर्गत उसको प्रदत शक्तियों/अधिकारों का प्रयोग करते हुए इसमें उपर वर्णित संपत्ति का कब्जा ले लिया है। विशेषकर इसमें उपर निर्दिष्ट कर्जदार तथा जनसाधारण को एतदद्वारा चेतावनी दी जाती है कि संपत्ति का लेनदेन न करें और संपत्ति का कोई भी लेनदेन **कोटक महिन्द्रा बैंक लिमिटेड** की इस नोटिस में यथा निर्दिष्ट राशि और उस पर उक्त निर्दिष्ट विवरण में दर्शाई गई तिथि से पूर्ण भुगतान एवं/या वसूली की तिथि तक तय दर पर अनुवर्ती ब्याज, आनुषांगिक व्यय, खर्च एवं प्रभार इन्यादि के चार्ज के अधीन होगा। यह भी कि बंधक संपत्तियों को मुक्त कराने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा8 के प्रावधानो की ओर कर्जदार का ध्यान आकर्षित किया जाता है।
कृपया नोट करें कि संपत्तियों का विवरण उपर यथा निर्दिष्ट है।

दिनांक : 18.09.2021, स्थान : रायपुर
कोटक महिन्द्रा बैंक की ओर से-प्राधिकृत अधिकारी

**छत्तीसगढ़ शासन, जलसंसाधन विभाग**
**कार्यालय मुख्य अभियंता**
**महानदी गोदावरी कछार, रायपुर (छ.ग.)**

ई–प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना
eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in

**(प्रथम आमंत्रण)**

सिस्टम निविदा क्रं. 82528/निविदा सूचना क्रं. 02/वलेलि/2021–22
राजनांदगांव दिनांक 16.09.2021

निम्नलिखित कार्यो के लिए दिनांक 07.10.2021 17.30 तक ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है:-

**कार्य का नाम–** राजनांदगांव जिले के विकासखण्ड छुरिया की कोलियारी जलाशय का जिर्णोद्धार एवं दायीं तट नहर आर.डी. 0 मी. से 9000 मी. का जीर्णोद्धार एवं आर.डी. 0 मी. से 7260 मी. तक सी.सी. लाईनिंग कार्य एवं 03 नग लघु नहरों (पठानडोंगरी, चिरचारी, थालीटोला) का निर्माण साथ ही नग स्ट्रक्चर (02 नग डी.सी., 02 नग व्ही.आर.बी., 03 नग माईनर हेड रेग्युलेटर एवं 08 नग फाल) एवं 35 नग इनलेट एवं आऊटलेट का निर्माण कार्य।

अनुमानित लागत – रू. 285.38 लाख

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 23.09.2021 समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते है।

नोटः निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

जी–63737/9

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग, राजनांदगांव
कृते, मुख्य अभियंता महानदी गोदावरी कछार,
जल संसाधन विभाग, रायपुर छ.ग.

**HARDIK COLLEGE OF NURSING, RAIPUR**
Approved by Regulatory Council
Under Temporary Affiliation College to Pt. Deendayal Upadhyay Memorial Health Science & Ayush University of Chhattisgarh, Uparwara, Naya Raipur
**Application are invited for following posts :**

| S. No | Name of the Post | No. of Posts | Qualification and Experience As Per INC Norms |
|---|---|---|---|
| 1. | Principal Cum Professor | 01 | 15 yrs. experience with M.Sc. (N) out of which 10 yrs. should be teaching exp. with minimum of 5 yrs. in collegiate Programme. Ph.D. (N) is desirable |
| 2. | Vice Principal Cum Professor | 01 | 12 yrs. experience with M.Sc. (N) out of which 10 yrs. should be teaching exp. with minimum of 5 yrs. in collegiate Programme. Ph.D. (N) is desirable |
| 3. | Associate Professor/ Reader | 02 | M.Sc. (N) with 8 years Experience Including 5 years teaching experience Ph.D. (N) is desirable |
| 4. | Assistant Professor/ Lecturer | 03 | M.Sc. (N) with 3 years teaching Experience. Ph.D. (N) is desirable |

**Other Terms & conditions:**
1. Experience : As per Council Norm
2. Pay Scale : As per State Govt. Pay Scale
3. Reservation : As per State Govt. Norms

**Selection Criteria:** Selection will be on merit. Merit list will be prepared on the basis of Academic marks, Educational Qualifications and Interview, Experience and Academic contribution of candidate in various fields like: Number of paper publications in various National/International journals. Paper presentation in conferences. Total No. of conferences attended.
**Last date of receipt of Application:** Within 15 Days from the date of publication of this advertisement.

Ajay Advt.
Incharge Registrar

# दुकाने नहीं मिलने पर हितग्राहियों ने दी आत्मदाह की चेतावनी

# कहा भूखे मर रहे..., न्याय के लिए यही विकल्प बच गया है

## महापौर पर कलेक्टर के अधिकारों का हनन का आरोप, नेता प्रतिपक्ष, भाजयुमो अध्यक्ष ने कहा, आबंटन में भ्रष्टाचार हुआ

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम, राजनांदगांव सीमा क्षेत्र में कमला कॉलेज चौक में मुख्यमंत्री स्वालंबन योजना के तहत निर्मित 24 दुकानों के आबंटन को लेकर पात्र हितग्राहियों ने महापौर और निगम प्रशासन को घेर लिया है। निगम के नेता प्रतिपक्ष, पार्षद और जिला भाजयुमो अध्यक्ष की मौजूदगी में महापौर पर कलेक्टर के अधिकारों का हनन करने का गंभीर आरोप लगा है। दुकानों से वंचित हितग्राहियों चेतावनी दी है कि अयोग्यों को हटाकर अगर उन्हें दुकानें नहीं दी जाती है तो वे चक्काजाम और भूखहड़ताल करेंगे।

यही नहीं हितग्राहियों ने कहा कि भूखे मरने की नौबत है.. न्याय नहीं मिला तो आत्मदाह करेंगे क्यूंकि यह आखिरी विकल्प बच गया है। उन्होंने इसके लिए 72 घंटे का अल्टीमेटम दिया है। इसके बाद हितग्राही परिवार सहित आंदोलन छेड़ेंगे। गौरतलब है कि यहां निर्मित 24 दुकानों में 22 में से 13 हितग्राहियों को ही आबंटित की किए जाने की तैयारी है। जबकि 9 हितग्राहियों को यहां से हटाया दिया गया है।

नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु, जिला भाजयुमो अध्यक्ष मोनू बहादुर सिंह, भाजपा पार्षद दल के पार्षद खेमिन यादव, शरद सिन्हा, सुश्री मणिभास्कर गुप्ता, विजय राय के साथ पात्र हितग्राहियों ने पत्रकारों के सामने अपनी परेशानियां रखते हुए कमला कॉलजे चौक में निर्मित दुकानों के आबंटन में अनियमितता बरतने का आरोप लगाया है। पात्र हितग्राहियों ने कहा कि, अयोग्य व्यक्तियों को हमारी दुकानें दी जा रही है। ऐसे लोगों को दुकानें मिल रही है जिनकी दुकानें कभी यहां थी ही नहीं और जिनकी दुकान थीं उन्हें हटाया जा रहा है।

नेता प्रतिपक्ष और भाजयुमो जिला अध्यक्ष मोनू बहादुर सिंह ने दुकानों के आबंटन में सीधे भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि महापौर ने अपने करीबियों को दुकानें दिलाने यह तरीका अपनाया। जबकि वास्तविक हकदारों को हटा दिया गया। आबंटन को लेकर आवेदन की प्रक्रिया, लॉटरी जैसी जरुरी नियमों का पालन नहीं किया गया। आयुक्त कहते हैं कि उन्हें आबंटन या एमआईसी की बैठक में सूची अनुमोदित किए जाने की जानकारी नहीं है। चयन समिति को अब तक सूची नहीं भेजी गई है। बावजूद इसके राजस्व निरीक्षक राजकुमार बंजारे द्वारा लोगों को दुकानों की चाबी दे दिया जाना कैसे संभव है। नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु और भाजयुमो अध्यक्ष मोनू बहादुर ने कहा कि महापौर कलेक्टर के समानांतर अधिकार जताने की कोशिशों में है। चयन सूची तैयार होते ही आखिर कैसे बगैर जिला चयन समिति के अनुमोदन के राजस्व निरीक्षक द्वारा अपात्रों को दुकानों की चाबी सौंप दिया जाने से तो यही साबित होता है। यही नहीं महापौर निगम में भी समानांतर प्रशासनिक व्यवस्था संचालित कर रहीं हैं। ये काफी दुःखद है।




### 22 को हटाया, 13 को दी जा रहीं दुकानें

वर्ष 2019 में अधिकारी-कर्मियों द्वारा किए गए सर्वे के बाद सर्किट हाऊस मोड़ से लेकर ग्रीन हाइट तक सड़क के दोनों ओर छोटे व्यवसाय करने वाले 57 दुकानदारों को निगम प्रशासन द्वारा नोटिस जारी की गई थी। इस सूची का अनुमोदन तत्कालीन आयुक्त द्वारा किया गया था। इनमें से वर्तमान में निर्मित 24 दुकानों के स्थल से 22 दुकानदारों को विस्थापित किया गया था। कमला कॉलेज चौक में मुख्यमंत्री स्वालंबन योजना के तहत निर्मित इन 24 दुकानों के आबंटन के लिए विस्थापित 22 दुकानदार पात्र हितग्राही हैं। लेकिन इनमें से महज 13 पात्रों को दुकानें मिली हैं जबकि 9 को हटा दिया गया है।

### क्यूं नहीं भेजी सूची

नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु ने बताया कि 13 सितंबर को कलेक्टर से मुलाकात कर इस विषय पर चर्चा की थी। उन्होंने कहा कि कलेक्टर से मिली जानकारी के अनुसार जिला शहरी विकास अभिकरण (जिला चयन समिति) के पास अब तक महापौर परिषद द्वारा तैयार आबंटन हेतु हितग्राहियों की सूची नहीं पहुंची है। इस तरह तकनीकी रुप से इन दुकानों का आबंटन अब तक हुआ ही नहीं है जबकि अपनी मनमानी पर उतारु महापौर ने दुकानदारों को दुकानों की चाबियां सौंप दी और हितग्राहियों को भ्रमित कर अपना ही सम्मान करवा लिया। यह सीधे तौर पर जिला शहरी विकास अभिकरण (जिला चयन समिति) के अध्यक्ष व कलेक्टर के अधिकारों का हनन है।

### आंदोलन की राह पर हितग्राही

पत्रकारवार्ता के दौरान वे 9 हितग्राही जिन्हें दुकान नहीं मिली है उन्होंने कहा कि वे अपने अधिकार के लिए सब कुछ करेंगे। उन्होंने कहा कि निगम द्वारा हमें दुकान न दिया जाना गलत है। हम इस फैसले के खिलाफ चक्काजाम करेंगे और उसके बाद क्रमिक भूखहड़ताल। उन्होंने कहा कि हम हर स्तर तक जाएंगे... अगर फिर भी हमें न्याय नहीं मिलता तो परिवार सही चौक में ही आत्मदाह करेंगे।

### पात्र हितग्राहियों का बुरा हाल, आजीविका के लिए भटक रहे

■ **सलीम अख्तर :** पिछले 20 साल कमला कॉलेज चौक में कूलर रिपेरिंग की दुकान संचालित कर रहे थे। कांप्लेक्स निर्माण के लिए उन्हें विस्थापित किया गया था। आबंटन के लिए तैयार सूची में इनका नाम ही नहीं है। अकेले परिवार की आजीविका जुटाने वाले सलीम अब रोजी-रोटी के लिए जद्दोजहद करते हुए अपना अधिकार पाने की लड़ाई लड़ रहे हैं।

■ **मंशा राम देवांगन :** मंशाराम के परिवार की आजीविका का साधन फोटो स्टूडियो, फोटोकॉपी की दुकान थी। वे यहां तकरीबन 15 साल से व्यवसाय कर रहे थे। कांप्लेक्स निर्माण के लिए उन्हें हटा दिया गया था। वादा था कि नई दुकान निर्माण के बाद उन्हें भी दुकान मिलेगी। लेकिन दुकानों के आबंटन में खेल हो गया और अब उन्हें दुकान नहीं मिल रही है।

■ **विजय दास :** दोसा दुकान लगाकर अपनी रोजी-रोटी चला रहे विजय के सामने परिवार पालने की चुनौती है। वे कहते हैं, कई सालों से दोसा-इडली की दुकान चलाकर आमदनी जुटा रहा था। नोटिस दी गई और मुझे हटा दिया गया। एसडीएम ने मौके पर आकर कहा था कि हमें दुकान मिलेगी लेकिन ऐसा होता दिख नहीं रहा है। हम बेबस हैं, जो कुछ बन पड़ेगा करेंगे।

■ **सुनीता सोनी :** मुझे दुकान हटाने की नोटिस मिली। हटा भी दी गई। कहा जा रहा है कि हमारे परिवार में तीन लोगों ने दुकानें मांगी है। असलियत यह है कि वे मेरे भतीजे हैं और दोनों का घर और आजीविका का साधन अलग-अलग है। इस बिनाह पर मुझे दुकान न दिया जाना दुःखद है। मैं तो बिजली बिल भी भर रहीं हूं। हम आंदोलन करेंगे।

■ **निशा श्रीवास :** फैंसी स्टोर चलातीं थीं। सालों पुरानी दुकान नोटिस देने के बाद हटा दी गई। कहीं और किसी तरह का हमारा व्यापार है नहीं। दुकानों के निर्माण तक हम इसके सामने ही व्यवसाय कर रहे थे। अब दुकान किसी और को दिए जाने की खबर है जो कि यहां कभी था ही नहीं। हमसे हमारी रोजी-रोटी छिनी जा रही है।

■ **मनीष चौहान :** पिता से अलग हो चुका हूं और उनकी ही दुकान के बाजू में अपनी दुकान लगाता हूं। यह दुकान काफी पुरानी है मगर मुझे दुकान नहीं दी जा रही है। कुछ ऐसे नामों को दुकान दी जा रही है जो यहां कभी थे ही नहीं। दुकान न मिलने से परेशानी बढ़ रही है।

## सेवा के रूप में जाना और पहचाना जाए संजीवनी हेल्थ केयर अस्पताल

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



शहर के चिखली में आज संजीवनी हेल्थ केयर एंड सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल का उद्घाटन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ पत्रकार हिमांशु द्विवेदी ने शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर हेमा सुदेश देशमुख ने की। इस दौरान विशेष अतिथि के रूप में पूर्व सांसद मधुसूदन यादव, युवा आयोग अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार, पूर्व विधायक गिरवर जंघेल, नगर निगम आयुक्त आशुतोष चतुवेदी, इंडियन मेडिकल एसोशिएशन से डॉ. एमके दिवाकर, वरिष्ठ चिकित्सक अरूणशंकर दीक्षित भी मौजूद रहे।

अस्पताल के डायरेक्टर डा. हरेश तकरेजा, डा. हीना तकरेजा, राघव वर्मा, नीतिन बोरकर तथा डा. अमित मोदी ने बताया संजीवनी हेल्थ केयर एंड सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल चिखली में स्थित है। 80 बेड के इस अस्पताल में तमाम आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध है। राजनांदगांव के चिखली में 5 मंजिला अस्पताल का निर्माण कराया गया है। इस अस्पताल में तमाम विशेषज्ञ डॉक्टर मरीजों को स्वास्थ्य सुविधाएं देंगे। कार्यक्रम के दौरान डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने संबोधित करते कहा कि इस अस्पताल के माध्यम से सभी काबिल डॉक्टर एक मुट्ठी बनकर शहरवासियों को स्वास्थ्य सुविधाएं देंगे। आमजन की सेवा ही इस संस्थान का उद्देश्य होना चाहिए। उन्होंने अपनी शुभकामनाएं देते कहा कि सेवा के रूप में यह अस्पताल पूरे प्रदेशभर में जाना और पहचाना जाए। इस मौके पर महापौर हेमा देशमुख ने कहा कि इस हॉस्पिटल के माध्यम से शहर के दूसरे छोर तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचेगी। महामारी के इस दौर में डॉक्टर्स ने निःस्वार्थ सेवा कर एक नजीर पेश की है। इस संस्थान से भी हमें यही उम्मीदें हैं। कार्यक्रम को युवा आयोग अध्यक्ष जितेन्द्र मुदलियार, डॉ. एमके दिवाकर तथा डॉ. अरूण शंकर दीक्षित ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम के दौरान हॉस्पिटल भवन के निर्माण में अहम भूमिका निभाने वाले आर्किटेक्ट, प्लंबर और अन्य लोगों को अतिथियों ने मोमेन्टो प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में स्वागत भाषण राघव वर्मा ने दिया। वहीं आभार प्रदर्शन विधि तिवारी ने किया।

## राशन कार्ड के लिए आवेदन करने पर लगा दिया 25 हजार का अर्थदंड

■ मौजूदा सरपंच व एक अन्य को दस्तखत के लिए किया दंडित

■ मामला एसडीएम तक पहुंचा, जांच के आदेश

पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरगढ़
www.dailypioneer.com





राशनकार्ड बनाने हेतु पहचानकर्ता के रूप में हस्ताक्षर करने पर गांव के ही चुनी हुई महिला सरपंच सहित अन्य लोगों को सात -सात हजार रुपये दंड और दंड नही देने पर समाज व गांव से बर्खास्त करने की धमकी दी जा रही है। यह मामला डोंगरगढ़ विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत रामाटोला का है।

पीड़ित बताते हैं कि राशनकार्ड बनाने हेतु पहचानकर्ता के रूप में हस्ताक्षर करने पर गांव प्रमुखों द्वारा उनपर अर्थदंड लगाया गया है। पीड़ित भागीरथी देवांगन ने बताया कि ग्राम रामाटोला निवासी गणेशराम वर्मा द्वारा ग्राम पंचायत रामाटोला में राशनकार्ड बनवाने हेतु आवेदन किया गया था। आवेदन में ग्राम के नागरिक होने के नाते पहचानकर्ता के रूप में भागीरथी देवांगन एवं वर्तमान सरपंच ने हस्ताक्षर किया था। इसी बात को लेकर ग्राम की शीतला समिति व गांव के प्रमुखो ने बैठक कर भागीरथी देवांगन एवं वर्तमान सरपंच को सात हजार रुपये अर्थ दंड लगा दिया।

बताया गया कि राशनकार्ड आवेदन करने वाले गणेशराम वर्मा को पच्चीस हजार रुपये के जुमार्ने से दंडित किया गया है। सभी को दंड राशि जमा नही करने पर गांव व समाज से बाहर निकालने की धमकी दी जा रही है। पीड़ित की पत्नी पंच पद पर है जिसे गांव के प्रमुखों द्वारा पंच पद से इस्तीफा देने के लिए परेशान किया जाता है। गांव के प्रमुखों द्वारा पीड़ित एवं उसकी पत्नी को मानसिक रुप परेशान किया जा रहा है। इस पूरे मामले की शिकायत पीड़ित द्वारा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस डोंगरगढ़ से की गई है। मामले को लेकर जब ग्रामीणों से बात की गई तो वे जानकारी देने से हिचकिचाते रहे और जब बहिष्कार की धमकी देने वाल शख्स से पूछा गया तो वे साफ साफ मुकर गए। बहरहाल मामले की शिकायत को गम्भीरता से लेते हुए एसडीएम डोंगरगढ़ ने जांच के आदेश दिएं हैं।

## यूरिया के अवैध डंप तक नहीं पहुंच रहे कृषि विभाग के अधिकारी

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

जिले में सहकारी समितियों को आबंटित कोटे के खाद को प्रशासन के आला अफसरों के आधी रात अधिग्रहण के बाद भी सोसायटियों में फिर यूरिया खाद की अचानक किल्लत और खुले बाजार में आसानी से उपलब्ध होने के चलते आने वाले दिनों में कृषि विभाग के अफसरों की मुश्किलें बढ़ सकती है। क्षेत्र में यूरिया की कालाबजारी और मनमानी क़ीमतों में खाद बिक्री का ठीकरा महकमे के अधिकारियों पर फूटने की आशंका जताई जा रही है। कार्रवाई से बचने घुमका क्षेत्र में गाहे बगाहे कृषि विभाग के अफसरों की छापामार कार्रवाई की खबरें भी मिल रही है। असल सवाल निजी विक्रेताओं को आसानी से खाद उपलब्धता पर अटक रहा है। सूत्रों के अनुसार साल भर के आबंटन के अनुपात में पहले ही जमकर खेल किया जा चुका है और निजी विक्रेता सरकारी कोटे के उर्वरकों को हथियाकर सरकार और प्रशासन के लिए मुश्किल बन गए हैं।

## प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर 81 युवाओं ने किया रक्तदान

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

देश के यशस्वी प्रधामंत्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी के जन्मदिन के अवसर पर राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर प्रदेश भाजपा युवा मोर्चा के दिशा निदेर्शानुसार जिला भाजपा अध्यक्ष मधुसूदन यादव व जिला भाजपा युवा मोर्चा मोनू बहादुर सिंह के मार्ग निर्देशन में भाजयुमो उत्तर-दक्षिण मंडल द्वारा 3 दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। आयोजन के पहले दिन पूर्व मुख्यमंत्री व भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. रमन सिंह जी ने रक्तदान शिविर पहुंचकर युवाओं का उत्साह बढ़ाया।

भाजपा युवा मोर्चा द्वारा जिला अस्पताल में 3 दिवसीय रक्तदान शिविर में पहले ही दिन 81 युवाओं ने रक्तदान किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से युवा मोर्चा के कार्यकताओं को आशीर्वाद देने पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह जी ने इस अवसर पर पदाधिकारियों व कार्यकताओं के प्रयास की प्रशंसा की। वहीं उन्होंने रक्तदान कर रहे युवाओं की हौसला अफजाई भी की। रक्तदान कर रहीं कन्या शक्ति संयोजिका धान्य वर्मा से मुलाकात करते हुए डॉ. रमन सिंह ने उन्हें सदैव समय-समय पर रक्तदान के लिए पहल करने की बात कही।

उक्त कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष खूबचंद पारख, जिला भाजपा अध्यक्ष मधुसूधन यादव, जिला महामंत्री सचिन बघेल, प्रदेश प्रवक्ता नीलू शर्मा, जिला उपाध्यक्ष राजेन्द्र गोलछा, रमेश पटेल, राजेश श्यामकर, जिला भाजपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ अध्यक्ष शिव वर्मा, भाजपा उत्तर मंडल अध्यक्ष अतुल रायजादा, भाजपा दक्षिण मंडल अध्यक्ष तरुण लहरवानी, नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु, पारुल जैन एवं महिला मोर्चा की सभी पदाधिकारीगण, प्रदेश कार्यकरणी सदस्य कमलेश सूर्यवंशी, समीर श्रीवास्तव,महामंत्री द्वय डिकेश साहू,आकाश चोपड़ा, कोषाध्यक्ष नीरज यादव उवाध्यक्ष विवेक शर्मा , गोविंद देवांगन, आशीष डोंगरे ,देवा झा, मंत्री पिंटू वर्मा, आयाश सिंह बोनी,ज्ञानेश गुप्ता, उज्जवल कसेर, सह कोषाध्यक्ष जवाहर बैद ,रोहित मन्कानी, जय शर्मा, संयम शर्मा, आदित्य पराते, लक्ष्मीकांत साहू, कमलेश प्रजापति, अरुणेश झा, आशुतोष सिंह जसमीत भाटिया, चेतन यादव ,जोनी रंगारे, सुमन मालू, नेहा वैष्णव, परमानंद सेन सहित समस्त भारतीय जनता पार्टी के सभी मोर्चा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से युवा मोर्चा राजनांदगाओं जिले के सभी पदाधिकारी, युवा मोर्चा रक्तदान कार्यक्रम के आयोजक भाजयुमो उत्तर मंडल अध्यक्ष सज्जन सिंह ठाकुर, भाजयुमो दक्षिण मंडल अध्यक्ष प्रखर श्रीवास्तव सहित कार्यक्रम प्रभारी भाई नागेश यदु, जिला भाजयुमो उपाध्यक्ष नोमेश वर्मा सहित पूरी टीम भाई की पूरे टीम ने अथक मेहनत की। रक्तदान शिविर हेतु अस्पताल के समस्त स्टॉफ का भी धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

### राष्ट्रीय पोषण माह अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्रों में वितरण

## गर्भवती महिलाओं व कुपोषितों के परिजनों को पोषण किट

■ महिला एवं बाल विकास विभाग का अभियान जारी

पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com



राष्ट्रीय पोषण माह 2021 के दौरान दिनांक 16 सितंबर को जिले के आंगनबाड़ी केन्द्रों में हितग्राहियों को पोषण किट का वितरण किया गया। पोषण किट में रेडी टू इट फूड से बने व्यंजन, पोषण वाटिका में उत्पादित फल व सब्जियां व अन्य पौष्टिक खाद्य सामग्रियों को शामिल कर कुपोषित बच्चों के पालकों तथा गर्भवती महिलाओं को प्रदान किया गया।

उल्लेखनीय है कि महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 1 सितंबर से 30 सितंबर के मध्य राष्ट्रीय पोषण माह का आयोजन किया जा रहा है। पोषण माह के दौरान आंगनबाड़ी केंद्रों में प्रतिदिन विभिन्न प्रकार की गतिविधियों तथा कार्यक्रमो का आयोजन कर जनमानस को सुपोषण का संदेश दिया जा रहा है। इसी तारतम्य में आंगनबाड़ी केंद्रों में गोद भराई कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया तथा गर्भवती महिलाओं को पोषण किट भेंट कर माता तथा शिशु के उत्तम स्वास्थ्य की कामना की गई। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकताओं द्वारा पोषण किट में सम्मिलित पौष्टिक खाद्य पदार्थों के नियमित सेवन तथा उनके महत्व के विषय मे उपस्थित जनमानस को जानकारी प्रदान की गई।

जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग ने जनप्रतिनिधियों, जनसमुदाय, पालकों, महिलाओं, किशोरी बालिकाओं, महिला स्व सहायता समूहों, युवा समूहों तथा अधिकारी कर्मचारियों को पोषण अभियान से अधिक से अधिक संख्या में जुड़कर अपनी सक्रिय सहभागिता प्रदान करते हुए जिले को कुपोषण मुक्त बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने की अपील की है।

## पंचायत भवन जर्जर, कभी भी हो सकती है अनहोनी




पायनियर संवाददाता ◄ छुरिया
www.dailypioneer.com

जनपद पंचायत छुरिया से मात्र 6 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत बम्हनी चारभाठा का पंचायत भवन जर्जर स्थिति में है। भवन में कार्यालयीन कार्य के बीच किसी अनहोनी की आशंका हमेशा बनी रहती है। सरपंच, सचिव अपना कार्यालय स्थापित कर कार्य कर रहे है। कहा जाता है कि यह भवन 40 से 45 वर्ष पुराना है जो कि अत्यंत जर्जर स्थिति में है। बरसात के दिनों में भवन के अंदर भी छाता लेकर बैठने की स्थिति है। उक्त स्थिति को देखकर पंचायत के दस्तावेजों को रोजाना आलमारी व सुरक्षित स्थानों में रखा जाता है। नवीन कार्यालय भवन के लिए ग्राम पंचायत सरपंच द्वारा आग्रह किया गया है किंतु बम्हनी चारभाठा का कार्यालय व नवीन भवन निर्माण की दिशा में अब तक कोई पहल नहीं हुई है।

## IPL के पांच सीजन में डेथ ओवर्स में Dhoni ने बनाए हैं सबसे ज्यादा रन, कोहली ने किया है एक बार यह कमाल



**नई दिल्ली।** IPL 2021 सीजन के दूसरे हिस्से की शुरुआत रविवार से यूएई में होगी और पहले मैच में एम एस धौनी की कप्तानी वाली चेन्नई सुपर किंग्स का सामना रोहित शर्मा की अगुआई वाली मुंबई इंडियंस के साथ होगी। तीन बार की चैंपियन सीएसके और पांच बार खिताब जीत चुकी मुंबई की टीम बेहद दमदार है और क्रिकेट फैंस को एक रोमांचक मैच देखने को मिलेगा। दोनों टीमों की बल्लेबाजी भी शानदार है और इस पर सबकी निगाहें रहने वाली हैं कि कौन बल्लेबाज सबसे ज्यादा अपना दम दिखा पाता है।

### डेथ ओवर्स में धौनी का रहा है जलवा

आइपीएल में वैसे तो जमकर रन बनते हैं, लेकिन आखिरी के ओवर्स यानी डेथ ओवर्स में हर टीम के बल्लेबाज अपनी पूरी ताकत लगा देते हैं कि वो ज्यादा से ज्यादा रन बनाएं और टीम के स्कोर को मजबूत करें। आइपीएल के पिछले 13 सीजन में अगर डेथ ओवर्स में सबसे ज्यादा रन बनाने की बात करें तो धौनी ने पांच सीजन में ये कमाल किया है। यानी पांच सीजन उनके लिए ऐसा रहा जब डेथ ओवर्स में उन्होंने सबसे ज्यादा रन बनाने में सफलता हासिल की। धौनी ने आइपीएल के सबसे पहले सीजन यानी 2008 में डेथ ओवर्म में कुल 162 रन बनाए थे तो इसके बाद 2011 सीजन में उनके बल्ले से डेथ ओवर्स में 212 रन निकले थे। फिर 2013 में उन्होंने ये कमाल किया और कुल 240 रन बनाए थे। इसके ठीक बाद यानी साल 2014 में धौनी ने डेथ ओवर्स में कुल 253 रन बनाए थे तो साल 2018 में उन्होंने 252 रन बनाए थे। डेथ ओवर्स में सबसे ज्यादा रन बनाने का कमाल विराट कोहली ने सिर्फएक बार साल 2016 में किया था और उन्होंने कुल 205 रन बनाए थे। मुंबई इंडियंस के तूफानी आलराउंडर किरोन पोलार्ड ने ये कमाल आइपीएल के तीन सीजन में किया है और उन्होंने 2010, 2015 और 2020 सीजन में ये उपलब्धि यानी डेथ ओवर्स में सबसे ज्यादा रन बनाने का कमाल किया है। वहीं डेथ ओवर्स के एस सीजन में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकार्ड आंद्रे रसेल के नाम पर है जिन्होंने साल 2019 में सबसे ज्यादा 305 रन बनाए थे।

# टी-20 वर्ल्ड कप के वॉर्मअप मुकाबलों में इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया की टीमों से होगी टीम इंडिया की टक्कर

**नई दिल्ली।** यूएई और ओमान में 17 अक्टूबर से खेले जाने वाले टी-20 विश्व कप में अपने अभियान का आगाज करने से पहले दो वॉर्मअप मैचों में टीम इंडिया का सामना दो धाकड़ टीमों से होगा। कोहली की सेना पहले मुकाबले में इंग्लैंड से भिड़ेंगी, जबकि दूसरे वॉर्मअप गेम में उसकी भिड़ंत आरोन फिंच की अगुवाई वाली ऑस्ट्रेलिया की टीम से होगी। भारत को टूर्नामेंट में अपना पहला मुकाबला 24 अक्टूबर को पाकिस्तान के खिलाफखेलना है। भारत को टी-20 विश्व कप में पाकिस्तान के साथ ग्रुप बी में रखा गया है।




विराट कोहली और इयोन मोर्गन की टीमें 18 अक्टूबर को पहले वॉर्मअप गेम में एक-दूसरे के खिलाफ मैदान पर उतरेंगी। इसके बाद कंगारूओं से टीम इंडिया का सामना 20 अक्टूबर को होगा। दो बड़ी टीमों के खिलाफ खेलना का फायदा कोहली की टीम को आगे टूर्नामेंट में मिलेगा। पाकिस्तान से पहला मैच खेलने के बाद 31 अक्टूबर को भारतीय टीम न्यूजीलैंड से भिड़ेगी और 3 नवंबर को टीम की भिड़ंत अफगानिस्तान से होगी। टी-20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम का ऐलान हो चुका है। सूर्याकुमार यादव, वरुण चक्रवर्ती, राहुल चाहर जैसे युवा खिलाड़ियों को टीम में शामिल किया गया है। वहीं, सिलेक्टर्स ने शिखर धवन, पृथ्वी शॉ और युजवेंद्र चहल जैसे बड़े नामों को वर्ल्ड कप की टीम में जगह नहीं दी है।

भारत की विश्व कप की टीम में सबसे चौंकाने वाला नाम रविचंद्रन अश्विन का रहा, जिनको चार साल बाद टी-20 टीम में जगह दी गई। इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज में अपना बल्ले का दम दिखाने वाले ईशान किशन को भी टीम में शामिल किया गया है। हालांकि, इंग्लैंड की सरजमीं पर अपने प्रदर्शन से सनसनी फैलाने वाले शार्दुल ठाकुर और दीपक चाहर को स्टैंड बाय में रखा गया है। तेज गेंदबाज के तौर पर जसप्रीत बुमराह, भुवनेश्वर कुमार और मोहम्मद शमी की अनुभवी जोड़ी पर सिलेक्टर्स ने विश्वास दिखाया है।

## टीम इंडिया के कोच रवि शास्त्री ने कहा मुझे जो चाहिए था, हासिल कर लिया

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच रवि शास्त्री टी20 विश्व कप के बाद अपना कार्यकाल खत्म होने के बाद इस पद से इस्तीफा दे देंगे यह साफहो गया है। इससे पहले भी खबरें आई थी कि वह अब अपना करार आगे बढ़ाना नहीं चाहते। एक हालिया इंटरव्यू में शास्त्री ने इस बात का संकेत देते हुए कहा, ÷मैं तो मानता हूं कि जो कुछ भी मुझे चाहिए था हासिल कर लिया है। शास्त्री बोले, पांच साल नंबर एक (टेस्ट रैंकिंग में) के तौर पर बने रहना, आस्ट्रेलिया में जाकर दो बार जीत हासिल करना और इंग्लैंड को भी उसके घर पर हराया। मैंने इस बार माइकल आर्थटन से बात की और उनको कहा मेरे लिए तो इससे ज्यादा कुछ नहीं हो सकता, कोरोना के समय में आस्ट्रेलिया को आस्ट्रेलिया में हराया और इंग्लैंड की टीम को भी उसके घर पर मात दी। हमने 2-1 की बढ़त हासिल की और जिस तरह से लाड्र्स और ओवल में खेला वो बहुत ही शानदार था। आगे उन्होंने कहा, ÷हमने लगभग सभी टीम को उसके घर पर जाकर लिमिटेड ओवर फार्मेट में भी हराया है। अगर जो टी20 विश्व कप को जीतने में कामयाब हो जाते हैं तो यह सोने पर सुहागा होगा। अब इससे ज्यादा कुछ और नहीं हो सकता। मैं एक बात जरूर कहना चाहूंगा कि जो कुछ भी इस टीम से मैंने चाहा था उससे कहीं ज्यादा हासिल करके दिया है इसने। आस्ट्रेलिया को बाहर जाकर हराना और कोविड के वक्त में इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में बढ़त, यह मेरे लिए चार दशक के क्रिकेट में मेरे लिए सबसे ज्यादा संतुष्टी वाला पल है।



## विराट की मुश्किलें बढ़ीं, अनिल कुंबले फिर से बन सकते हैं टीम इंडिया के हेड कोच, 4 साल पहले कोहली के साथ हुई थी अनबन

**नई दिल्ली।** आगामी टी-20 वर्ल्ड कप के बाद टीम इंडिया के हेड कोच रवि शास्त्री, गेंदबाजी कोच भरत अरुण और फील्डिंग कोच आर श्रीधर का कार्यकाल खत्म हो रहा है। विराट की मुश्किलें बढ़ने वाली है। बीसीसीआई भारत के पूर्व दिग्गज लेग स्पिनर अनिल कुंबले को एक बार फिर से टीम इंडिया का हेड कोच बनाना चाहता है और इसके लिए वो उनसे संपर्क करने की तैयारी में है। कुंबले ने साल 2017 में टीम इंडिया के हेड कोच के पद से इस्तीफा देने का ऐलान किया था।

तब उनके और कोहली के बीच अनबन की खबरें मीडिया रिपोर्ट्स में सामने आई थी। विराट कोहली ने टी-20 वर्ल्ड कप 2021 के बाद भारतीय टीम की टी-20 टीम से कप्तानी छोड़ने का ऐलान गुरुवार को किया था।



4 साल पहले कुंबले के हेड कोच के पद से हटने के बाद कोहली ने रवि शास्त्री को उनकी जगह रिप्लेस करने का समर्थन किया था। सुप्रीम कोर्ट द्वारा अनिवार्य पैनल की सिफारिशों के बाद कुंबले को वापस लाने के तरीकों का पता लगाया जा रहा है। कोहली के टी-20 कप्तानी छोड़ने के बाद बीसीसीआई इस बात को लेकर आश्वस्त है कि टीम को एक नए कोच की आवश्यकता है। गुरुवार को कोहली के इस्तीफे के बाद प्रेस विज्ञप्ति में बीसीसीआई सचिव जय शाह ने कहा था कि बोर्ड के पास टीम इंडिया के लिए एक स्पष्ट रोडमैप है।

## IPL 2021: राशिद खान ने बताया, आईपीएल के दूसरे हाफ में हर मैच को फाइनल की तरह क्यों लेगी सनराइजर्स हैदराबाद

**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान के स्टार स्पिनर राशिद खान ने आईपीएल 2021 के दूसरे हाफ में सनराइजर्स हैदराबाद की संभावनाओं को लेकर राय रखी। आईपीएल 2021 के दूसरे हाफका आगाज 19 सितंबर से होने जा रहा है। इस साल अप्रैल में खेले गए आईपीएल के पहले हाफमें हैदराबाद का प्रदर्शन काफी निराशाजनक रहा था। राशिद ने कहा कि वह अपनी बल्लेबाजी पर कड़ी मेहनत कर रहे हैं और टीम में एक ऑलराउंडर के तौर पर योगदान देना चाहेंगे। एसआरएच द्वारा ट्विटर पर शेयर किए वीडियो में राशिद खान ने कहा,' निश्चित रूप से बाकी सीजन के लिए हम आगे की ओर देख रहे हैं। हां हमारे लिए भारत में खेला गया पहला हाफ अच्छा नहीं रहा था लेकिन अब हम टूर्नामेंट को अच्छी तरह से खत्म करने की उम्मीद कर रहे हैं और हर एक मुकाबले को फाइनल की तरह लेंगे और अपना 100 फीसदी देंगे।' एसआरएच अभी सात मैचों में सिर्फदो प्वॉइंट के साथ प्वॉइंट टेबल में सबसे निचले पायदान पर है। उसे प्लेऑफमें जगह बनाने के लिए कम से कम 6 मुकाबले जीतने होंगे। राशिद ने कहा कि जब टूर्नामेंट शुरू होगा तो वह हर मैच को फाइनल मानेंगे।



उन्होंने आगे कहा कि डेढ़ साल से मैं अपनी बल्लेबाजी पर मेहनत कर रहा हूं क्योंकि आखिरी 15 से 25 रन टीम के लिए काफी महत्वपूर्ण हैं। इसलिए अलग-अलग चीजों में अपना बेस्ट करने की कोशिश कर रहा हूं। मैंने नेट्स में बहुत सारे शॉट्स का अभ्यास नहीं किया है लेकिन मैं सही माइंडसेट पर फोकस कर रहा हूं। सनराइजर्स हैदराबाद अपने अभियान की शुरुआत 22 सितंबर को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफकरेगी।

## बिजनेस

## गौतम अडानी की कंपनी को झटका, 2019 के अपने फैसले पर विचार करेगा सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** गौतम अडानी की कंपनी अडानी पावर के लिए एक बुरी खबर है। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट अडानी समूह द्वारा बिजली खरीद समझौते को समाप्त करने के मामले में अपने फैसले पर फिर से विचार करेगा। इसके साथ ही कोर्ट ने अडानी पावर को नोटिस भी जारी किया है।



**क्या है मामला:** ये मामला गुजरात ऊर्जा विकास लिमिटेड (जीयूवीएल) की सुधारात्मक याचिका (क्यूरेटिव पिटीशन) से जुड़ा है। दरअसल, अडानी पावर ने जीयूवीएल के साथ विद्युत खरीद करार यह कहते हुए तोड़ दिया था कि गुजरात मिनरल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (जीएमडीसी) उसे कोयला आपूर्ति करने में विफल रहा है। इसके खिलाफ जीयूवीएल ने गुजरात राज्य विद्युत नियामक आयोग का दरवाजा खटखटाया था, जिसने करार रद्द किये जाने को अवैध ठहराया था। इस फैसले के खिलाफ अडानी समूह ने अपीलीय न्यायाधिकरण का दरवाजा खटखटाया और उसने भी आयोग के निर्णय को जायज ठहराया था। इसके बाद अडानी समूह ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था। जुलाई 2019 में सुप्रीम कोर्ट ने अडानी समूह के हित में फैसला सुनाया था। इस फैसले के खिलाफजीयूवीएल ने पुनर्विचार याचिका दायर की थी। इसके बाद 3 सितंबर को पुनर्विचार याचिका खारिज कर दिया गया। इसके बाद जीयूवीएल ने सुधारात्मक याचिका दायर की। इस याचिका पर दौरान शीर्ष अदालत ने अडानी पावर को नोटिस जारी किया है।

# Cooking Oil की कीमतें आने लगीं नीचे, थोक रेट में इतना सस्ता हुआ तेल

**नई दिल्ली।** केंद्र ने कहा है कि घरेलू आपूर्ति बढ़ाने और जमाखोरी पर अंकुश लगाने के लिए सरकार की ओर से की गई विभिन्न पहल के बाद देश भर के थोक बाजारों में आठ प्रकार के खाद्य तेलों की कीमतों (Cooking Oil Prices) में बीते हफ्ते की तुलना में गिरावट का रुख दिखा है। बयान में कहा गया कि 14 सितंबर को खत?म हफ्ते के दौरान मूंगफली, सरसों तेल, वनस्पति, सूरजमुखी तेल, पाम तेल, नारियल तेल और तिल तेल की थोक कीमतों में गिरावट आई।



उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के अनुसार, Palm Oil का थोक भाव 14 सितंबर को 2.50 प्रतिशत गिरकर 12,349 रुपये प्रति टन रह गया, जो एक सप्ताह पहले 12,666 रुपये प्रति टन था।

तिल तेल का थोक भाव 2.08 प्रतिशत घटकर 23,500 रुपये प्रति टन रह गया, जबकि नारियल तेल 1.72 प्रतिशत घटकर 17,100 रुपये प्रति टन रह गया। इसी तरह, सूरजमुखी तेल का थोक भाव 14 सितंबर को, पहले के 16,176 रुपये प्रति टन से 1.30 प्रतिशत, घटकर 15,965 रुपये प्रति टन रह गया। इस अवधि में मूंगफली तेल का थोक भाव 1.38 प्रतिशत घटकर 16,839 रुपये प्रति टन यानी 1,684 रुपये क्विंटल रह गया, जबकि सरसों तेल और वनस्पति का थोक भाव एक प्रतिशत से कम की गिरावट के साथ क्रमशः 16,573 रुपये प्रति टन और 12,508 रुपये प्रति टन रह गया। हालांकि, खाद्य तेलों की थोक कीमतों में गिरावट का रुझान दिख रहा है, फिर भी दरें एक साल पहले की समान अवधि की तुलना में कहीं अधिक हैं।

कीमतों पर लगाम लगाने और घरेलू आपूर्ति बढ़ाने के लिए केंद्र ने खाद्य तेलों पर आयात शुल्क कम किया है। जमाखोरी के खिलाफ भी कदम उठाए हैं और थोक विक्रेताओं, मिल मालिकों और रिफाइनरों को अपने स्टॉक का विवरण एक वेब पोर्टल पर डालने को कहा है। यहां तक कि खुदरा विक्रेताओं को भी ब्रांडेड खाद्य तेलों की दरों को प्रमुखता से प्रदर्शित करने के लिए कहा गया है ताकि उपभोक्ता अपने पसंद के तेल का चुनाव कर सकें।

## Swiggy-Zomato से खाना मंगाना होगा महंगा, देना होगा पांच प्रतिशत टैक्स




**लखनऊ।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को कहा कि माल एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद ने पेट्रोल और डीजल को फिलहाल जीएसटी के दायरे में नहीं लाने का निर्णय किया है। जीएसटी परिषद की यहां हुई 45वीं बैठक के बाद संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने यह भी कहा कि डीजल में मिलाये जाने वाले बायोडीजल पर जीएसटी दर को 12 प्रतिशत से घटाकर पांच प्रतिशत कर दिया गया है।

सीतारमण ने जीएसटी परिषद की बैठक में किये गये फैसलों की जानकारी देते हुए कहा, ''जीएसटी परिषद का मानना है कि यह समय पेट्रोलियम पदार्थों को माल एवं सेवा कर के दायरे में लाने का नहीं है।'' उन्होंने कहा कि जीएसटी परिषद ने कोविड उपचार में उपयोग होने वाली दवाओं पर लागू रियायती जीएसटी दरों का समय 31 दिसंबर, 2021 तक बढ़ा दिया है। परिषद ने कैंसर के इलाज में इस्तेमाल की जाने वाली दवाओं पर कर दर को 12 प्रतिशत से घटाकर पांच प्रतिशत करने का भी निर्णय किया है।

इसके अलावा, माल ढुलाई वाहनों के परिचालन के लिये राज्यों द्वारा वसूले जाने वाले राष्ट्रीय परमिट शुल्क से छूट देने का फैसला किया गया है। सीतारमण ने कहा कि परिषद ने जूता-चप्पल और कपड़ों पर एक जनवरी, 2022 से उल्टा शुल्क ढांचे (कच्चे माल पर कम और तैयार माल पर अधिक शुल्क) को ठीक करने को लेकर सहमति जतायी है। उन्होंने कहा कि कलम पर 18 प्रतिशत की एकल दर से जीएसटी जबकि विशिष्ट नवीकरणीय ऊर्जा उपकरणों पर 12 प्रतिशत माल एवं सेवा कर लगाने का निर्णय किया गया है।

# एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने 'रिवार्ड 123प्लस' डिजिटल सेविंग्स अकाउंट लॉन्च किया

**नई दिल्ली।** अपने फ्लैगशिप रिवार्ड्स123 सेविंग्स अकाउंट के लॉन्च के बाद एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने रिवार्ड्स123प्लस डिजिटल सेविंग्स अकाउंट वैरिएंट के लॉन्च की घोषणा की। विभिन्न तरह के डिजिटल विनिमयों पर निश्चित बेनेफिट्स के साथ यह एक साल का डिज़्नी+ हॉटस्टार मोबाईल सब्सक्रिप्शन भी प्रस्तुत करता है।

ग्राहक अपने एयरटेल थैंक्स ऐप के बैंकिंग सेक्शन में जाकर रिवार्ड्स123प्लस खोल सकते हैं या इसमें अपग्रेड कर सकते हैं। यह प्रक्रिया आसान है और देश में किसी भी जगह से मिनटों में पूरी की जा सकती है। वॉलेट के ग्राहक भी रिवार्ड्स123प्लस के फायदों का आनंद ले सकते हैं। ग्राहकों को रिवार्ड्स123प्लस मात्र 499रु. के वार्षिक शुल्क पर मिलता है और इसके साथ उन्हें पूरे साल अनेक फायदे प्राप्त होते हैं: डिज़्नी+ हॉटस्टार का सब्सक्रिप्शन - 1 साल का डिज़्नी+ हॉटस्टार मोबाईल सब्सक्रिप्शन (499 रु. का)। लोड मनी बेनेफिट - यूपीआई द्वारा पैसे जमा करने पर प्रतिमाह 10 रु. का कैशबैक (कम से कम 1,000 रु. के विनिमय पर)। पेमेंट बेनेफिट्स - मोबाईल प्रिपेड रिचार्ज, मोबाईल पोस्ट-पेड, ब्रॉडबैंड, लैंडलाईन और डीटीएच बिल के भुगतान पर माह में एक बार 30 रु. का कैशबैक (कम से कम 225 रु. के भुगतान पर)। रिवार्ड्स123प्लस सेविंग्स अकाउंट के ग्राहकों को 1 लाख रु. से 2 लाख रु. के बैलेंस पर 6 प्रतिशत की ब्याज दर, जीरो मिनिमम बैलेंस, और ऑटो-स्वीप सुविधा के साथ अनलिमिटेड डिपोज़िट्स की सुविधा मिलेगी।

**पूरे साल निश्चित बेनेफिट्स के साथ एक साल का डिज़्नी+ हॉटस्टार मोबाईल सब्सक्रिप्शन प्रस्तुत किया**

ग्राहक द्वारा रिवार्ड्स123प्लस खोलने या अपग्रेड करने के बाद, वो सब्सक्रिप्शन को एक्टिवेट करने के लिए अपने रजिस्टर्ड नंबर द्वारा डिज़्नी+ हॉटस्टार वेबसाईट (https://www.hotstar.com/in) या ऐप में लॉगइन कर सकते हैं। इस सब्सक्रिप्शन के साथ ग्राहकों को डिज़्नी+ हॉटस्टार की विस्तृत लाईब्रेरी की उपलब्ध होगी,जिसमें आठ भाषाओं में अंतर्राष्ट्रीय और स्थानीय कंटेंट सहित 19 सितंबर को शुरू हो रहे आईपीएल 2021 एवं सबसे बड़े स्पोर्टिंग टूर्नामेंट की लाईव स्ट्रीम शामिल है।

गणेश अनंतनारायणन, चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर, एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने कहा, ''रिवार्ड्स123 ग्राहकों को डिजिटल विनिमयों पर निश्चित मासिक बेनेफिट्स प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता के साथ हमने रिवार्ड्स123प्लस प्रस्तुत किया है, जो उनके मनोरंजन का ख्याल रखेगा। हमें ग्राहकों को अपने सब्सक्रिप्शन का फायदा देने के लिए डिज़्नी+ हॉटस्टार के साथ गठबंधन करने की खुशी है। हम भविष्य में अपने रिवार्ड123 में और ज्यादा फायदे शामिल करेंगे।'' रिवार्ड123प्लस डिजिटल अकाउंट में अपग्रेड ऐसे करें: एयरटेल थैंक्स ऐप में लॉगइन करें और बैंकिंग टैब में जाएं। रिवार्ड्स123प्लस बैनर पर क्लिक करें और नीचे स्क्रॉल करें 'रिवार्ड्स123 सेविंग्स अकाउंट' पर क्लिक करें। विकल्पों से रिवार्ड्स123प्लस चुनें और बेनेफिट्स का आनंद लेने के लिए भुगतान करें।

# धर्मेन्द्र प्रधान ने कौशलाचार्य अवार्ड्स 2021 में 41 ट्रेनर्स को सम्मानित किया

## छत्तीसगढ़ की 1 ट्रेनर को उसके योगदान के लिए मिला सम्मान

**नई दिल्ली।** कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय (एमएसडीई) ने कौशलाचार्य अवार्ड्स के तीसरे संस्करण पर आयोजित एक डिजिटल सभा में प्रशिक्षकों को सम्मानित किया और चार नये ट्रेड्स लॉन्च किये। एमएसडीई ने यह भारत के युवाओं को सशक्त करने और ज्यादा से ज्यादा प्रशिक्षकों को स्किल इंडिया मिशन से जुड़ने हेतु प्रोत्साहित करने के अपने प्रयास में किया था। आयोजन में स्किल इंडिया की कई पहलों और प्रशिक्षण कार्यक्रमों के 41 प्रशिक्षकों का सम्मान किया गया। यह पहलें और कार्यक्रम हैं- डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ ट्रेनिंग (डीजीटी) अप्रेन्टिसशिप, प्रधान मंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाय), जन शिक्षण संस्थान (जेएसएस और एंटरप्रेन्योरशिप। उनका सम्मान भविष्य के लिये तैयार एक कुशल कार्यबल बनाने और यह सुनिश्चित करने में योगदान देने के लिये कियागया था कि क्षमता-निर्माण के प्रयास जारी रहें।



जिन 41 प्रशिक्षकों का सम्मान किया गया, उनमें से छत्तीसगढ़ की त्रिश्या मोहंती (जेएसएस) को कौशल पारितंत्र में उनके बेहतरीन योगदान के लिए पुरस्कार दिया गया।

कौशल विकास एवं उद्यमिता और शिक्षा मंत्री श्री धर्मेन्द्र प्रधान ने कहा, आज का यह अवसर वास्तव में शुभ है, जहाँ हम संसार के रचियता और हमारे स्किल इकोसिस्टम के निर्माताओं को सम्मानित कर रहे हैं। यह महत्वपूर्ण है कि हम अपने उन युवाओं और सभी प्रतिभा-संपन्न लोगों की स्किलिंग, रिस्किलिंग और अपस्किलिंग पर जोर दें, जो राष्ट्र-निर्माण के लिये काम कर सकते हैं। आने वाले समय में, अपग्रेडेड अध्यापन वाले कुशल शिक्षकों की मांग होगी। ऐसा अध्यापन, जो आधुनिक, वैज्ञानिक और आज के बाजार की मांग के लिये प्रासंगिक और उन्नत वैश्विक मानकों का हो। इसके साथ ही प्रशिक्षण देते समय क्षेत्रीय भाषाओं को अपनाना बहुत आवश्यक है। इस प्रकार कुशलता प्रशिक्षण वास्तव में प्रभावी बनेगा। हमें जमीनी स्तर पर कौशल और शिक्षा को एकीकृत करने पर भी ध्यान देना चाहिये, ताकि भारत ऐसी उत्पादक अर्थव्यवस्था बने, जो विश्व का नेतृत्व कर सकती हो।

अब कुछ ही दिन रह गये हैं आपके शहर में

# हैण्डलूम एक्सपो

आज ही सपरिवार पधारिये

# डिजनीलैण्ड मेला




## अब तक का सबसे बड़ा हैण्डलूम मेला

प्रदर्शनी स्थल : **गॉस मेमोरियल ग्राउण्ड**

**आकाशवाणी के सामने, रायपुर**

नोट : बिना मास्क प्रवेश नहीं दिया जायेगा

रोज़ाना प्रातः 11.00 से रात्रि 9.00 बजे


सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2021-23, दूरभाष नंबर 0771, 2972403